वर्ष 73 ▸ अंक 112 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 19 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अगर आप काम के आनंद को जानना चाहते हैं, तो पहली और सबसे अहम चीज है, पूरी बेफिक्री के साथ खुद को काम में झोंक देना।
-अज्ञात




## सीएम के विदेश जाने से पहले छुट्टी के दिन 26 आईएएस के तबादले

# शिवशेखर एसीएस गृह, दिलीप यादव बने एमडी पर्यटन निगम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दावोस जाने से पहले राज्य शासन ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें गृह, स्वास्थ्य, खनिज और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी प्रभावित हुए हैं। अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला से पर्यटन विभाग वापस लेकर उन्हें गृह विभाग की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह को खनिज विभाग और इंदौर नगर निगम में रहे दिलीप कुमार यादव को पर्यटन निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है।

सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला अब पूर्ण दायित्व के तौर पर गृह विभाग संभालेंगे। उनसे पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी ले ली गई है। उनके पास संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। शुक्ला आयुक्त सह-संचालक, स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव भारत भवन की जिम्मेदारी भी अतिरिक्त प्रभार के तौर पर देखते रहेंगे। प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव की जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। उनसे खनिज साधन विभाग वापस लेकर सिर्फ पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2000 वर्ष के अधिकारी शोभित जैन को आयुष विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जॉन किंग्सली एआर को पुराने जिम्मेदारियों के साथ उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का सचिव बनाया गया है।


दिलीप यादव | उमाकांत | जॉन किंग्सली | शिवशेखर

### एस. धनराजू स्वास्थ्य आयुक्त बने

सरकार ने आयुक्त स्वास्थ्यं सेवाएं तरुण राठी को भी बदल दिया है, उनके स्थान पर धनराजू एस को नया आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह आयुक्त आदिवासी विकास मप्र श्रीमन शुक्ल को सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। अब तक भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास के संचालक रहे आईएएस स्वतंत्र कुमार सिंह सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग संभालेंगे। तरुण राठी को आदिवासी विकास का आयुक्त बनाया गया है।

### ये एसीएस बदले

अपर सचिव स्तर के अधिकारी अनुराग चौधरी को मप्र मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है, तो संचालक विमुक्त घुमुन्त एवं अर्धघुमन्तु जनजाति नेहा मारव्या सिंह जनजाति कार्य विभाग की अपर सचिव बनाई गई है। गौतम सिंह मप्र गृह निर्माण मंडल के नए आयुक्त होंगे। वीरेन्द्र कुमार को ग्वालियर संभाग का नया अपर आयुक्त बनाया गया है। अतिरिक्त प्रभार के तौर पर आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग संभाल रही निधि निवेदिता पूर्णरूप से दायित्व संभालेंगी। डॉ. फटिंग राहुल हरिदास अब हाउसिंग बोर्ड की जगह संचालक मप्र राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी संभालेंगे।

### सीएम के सचिव संभालेंगे खनिज विभाग

फेरबदल में मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह को खनिज विभाग का सचिव बनाया गया है। यह पद उनके पास अतिरिक्त प्रभार के तौर पर रहेगा। इसी तरह दूषित पानी के मामले में इंदौर नगर निगम के कमिश्नर पद से हटाए गए दिलीप कुमार यादव को एमडी मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम बनाया गया है। राजेश कुमार ओगरे को अपर सचिव वाणिज्यिक कर विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऋषि गर्ग कोप्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल का दायत्वि दिया गया है, तो मनीषा सेंतिया गृह विभाग में अपर सचिव होंगी।

### बुद्धेश वैद्य सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल बने

फेरबदल में उपसचिव बुद्धेश कुमार वैद्य को माध्यमिक शिक्षा मंडल का सचिव बनाया गया है, तो दिलीप कुमार कापसे को कृषि विभाग में उपसचिव, मलिका निगम नागर को राजस्व विभाग का उपसचिव बनाया गया है। दिशा प्रणय नागवंशी को अपर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और बंदना शर्मा को सचिव राज्य सूचना आयोग बनाया गया है।

## ऑफ बीट

### चीन में गर्भ निरोधक कंडोम पर भारी टैक्स



*बढ़ती आबादी पर लगाम लगाने चीन ने कुछ दशक पहले 'वन चाइल्ड पॉलिसी' लागू की थी। अब चीन को इसका पछतावा हो रहा है। चीन में फर्टिलिटी रेट तेजी से घट रहा है। औरतें सिर्फ एक बच्चा पैदा करने पर जोर देती हैं, लेकिन चीन ने अब फर्टिलिटी रेट बढ़ाने के लिए एक नई स्ट्रेटेजी अपनाई है। चीन ने हर औरत के लिए दो बच्चों का टारगेट रखा है। इसे पाने के लिए चीन की सरकार ने कंडोम पर टैक्स लगाया है। गर्भ निरोधक दवा पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लगाया गया है। चीन ने दोनों पर 13 फीसदी का भारी टैक्स लगाने का ऐलान किया है। यह नियम 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा, लेकिन ऐसा करने वाला चीन पहला देश नहीं है। इससे पहले, सिंगापुर और साउथ कोरिया समेत कई देशों ने फर्टिलिटी रेट बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।*

# कम हो रही है पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता: सीएम

### बोले-मप्र में सौर,पवन ऊर्जा में निवेश के लिए अनुकूल माहौल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है। सीएम ने अपने बयान में कहा, मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएं संचालित हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार की योजना वर्ष 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) करने की है। नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक के निवेश से 1.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मप्र सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5.21 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1.46 लाख रोजगार सृजित होंगे। राज्य सरकार की यह पहल भारत के नेट जीरो कार्बन लक्ष्य वर्ष-2070 को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मप्र तेजी से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश का नेतृत्वकर्ता बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत व स्वच्छ ऊर्जा मिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



सीएम ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए पारंपरिक ऊर्जा के संसाधनों पर अपनी निर्भरता दिनों दिन कम करता जा रहा है। पिछले 12 वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मप्र पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। पीएम मोदी ने गत वर्ष हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में सौर ऊर्जा के क्षेत्र देश में मप्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि राच्य वर्तमान में लगभग 31 हजार मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30 प्रतिशत हरित ऊर्जा है। हमारे लिये गौरव की बात है कि मप्र के रीवा सोलर पार्क और देश के सबसे बड़े ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी उल्लेख पूरे देश में हो रहा है। इससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को नई दिशा मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनम को जेल में टहलने तक की जगह नहीं: आंगमो

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को



जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमे ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बाते कहीं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था।

### करूर भगदड़: विजय को सीबीआई ने भेजा समन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** करूर भगदड़ मामले ने एक बार फिर साउथ के सुपरस्टार विजय के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहले से विवादों से घिरे टीवीके पार्टी के प्रमुख और मशहूर अभिनेता जोसेफ विजय चंद्रशेखर, जिन्हें लाखों लोग केवल 'विजय' के नाम से जानते हैं, अब सीबीआई के नए समन के चलते सुर्खियों में हैं। सीबीआई ने करूर में हुए भगदड़ हादसे की जांच को आगे बढ़ाते हुए विजय को नई दिल्ली में पेश होने का नोटिस भेजा है। यह समन इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे पहले भी विजय से मामले में सवाल-जवाब किए जा चुके हैं, लेकिन जांच एजेंसी अब गहराई से जानकारी चाहती है।

## मुरैना में डकैती और शिवपुरी में चोरी की वारदात

# सोते में किन्नरों पर अड़ाया कट्टा 30 लाख का सोना-चांदी ले गए

**जागरण, मुरैना/शिवपुरी।** रात के अंधेरे में कटर लेकर घरों में घुसे बदमाश एक ही रात में तीन घरों से 65 तोला सोना, 8 किलो चांदी सहित 5 लाख रुपए नकद उड़ा ले गए। मुरैना के अंबाह में किन्नरों के डेरे में छत पर चढ़कर घर में घुसे 8-10 हथियारबंद बदमाशों ने कट्टा अड़ा दिया। उन्हीं से पूछकर कमरा खुलवाया और 4 लाख रुपए नकद सहित 30 लाख से ज्यादा के जेवरात उड़ाकर भाग गए। वहीं शिवपुरी में दो किसानों के घर घुसे बदमाश बक्से और तिजोरी काटकर करीब 50 लाख रुपए कीमती सोने-चांदी के जेवरात व एक लाख रुपए नकद ले उड़े।

चंबल क्षेत्र के अंबाह में डकैती की वारदात को बदमाशों ने किन्नर राबिया के घर अंजाम दिया। राबिया के साथ 3 चेले भी घर में सो रहे थे। राबिया ने पुलिस को बताया कि बदमाश सीढ़ी से छत पर चढ़े। फिर गैस कटर से छत का दरवाजा काटा। इसके बाद वे दूसरी मंजिल से सीधे ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे। यहां उन्होंने तीन चेलों पर कट्टा अड़ाकर उन्हें जगाया। बदमाशों ने किन्नर राधिका को धमकाया। फिर गुरु राबिया का कमरा खुलवाया। डकैतों ने कमरे में रखे सोने-चांदी के जेवर और कैश निकाल लिए। किन्नरों ने जो गहने पहने थे, वो भी निकलवा लिए। उनके मोबाइल और घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी ले गए।



मुरैना में वारदात के बाद मौके पर मुआयना करती पुलिस।

### शिवपुरी: दो घरों से 50 लाख की चोरी

वहीं, शिवपुरी के मड़वासा में अज्ञात चोर दो किसानों के घर से 50 लाख का सामान चुरा ले गए। ग्राम मड़वासा निवासी 44 वर्षीय किसान आशीष यादव का परिवार सोता रह गया और चोर घर में बंद कमरे का ताला तोड़कर बक्से और अलमारी में रखे 10 तोला सोने के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चुरा लिए। इसके बाद चोरों ने गांव में ही 71 वर्षीय फूल सिंह यादव के घर को निशाना बनाया।



### कपड़े उतरवाकर अश्लील हरकतें की

किन्नर राबिया ने बताया कि सोना-चांदी लूटने के बाद बदमाश एक-एक कर सभी चेलों को अलग कमरे में ले गए, कपड़े उतरवाए और अश्लील हरकतें कीं। बदमाश बार-बार घर में पुरुष के बारे में पूछते रहे। एक बदमाश फारसी भाषा बोल रहा था, जिससे आशंका है कि वारदात के पीछे किसी परिचित किन्नर का हाथ हो सकता है। डकैत धमकी भी दे गए कि पुलिस में शिकायत की तो उन्हें बधाई देने बाहर जाने पर गोली मार दी जाएगी। इतना ही नहीं बदमाशों ने किन्नरों से लूटे मोबाइल घर के पास ही मिट्टी में गाड़ दिए। डकैतों के जाते ही किन्नरों ने सुबह चार बजे पुलिस को सूचना दी।

# जबलपुर-मंडला हाईवे पर बेकाबू कार ने 13 मजदूरों को कुचला

### दो की मौके पर हुई मौत, सात अन्य गंभीर रूप से घायल

**जागरण, जबलपुर।** मंडला-जबलपुर रोड पर बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक के पास रविवार दोपहर 2 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बेकाबू सफेद क्रेटा मजदूरों को कुचलते हुए आगे निकल गई। कार की चपेट में आने से 13 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाज के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई तथा सात अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बरेला टीआई अनिल पटेल के अनुसार जबलपुर-मंडला रोड स्थित सिग्मा सिटी के सामने सड़क किनारे लगी लोहे की ग्रिल में मजदूर पेंट कर रहे थे। दोपहर 2 बजे मजदूरों का समूह सड़क किनारे बैठकर खाना खा रहा था, तभी बरेला से जबलपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने मजदूरों पर गाड़ी चढ़ा दी। कार की चपेट में आने से 13 मजदूरों घायल हो गए। सभी को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां दो मजदूरों की मौत हो गई। सात मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई के बाद दोनों मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। दोनों की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।



### केस दर्ज का मामले की जांच शुरू

पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उसके संबंध में खोजबीन प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### जस्टिस वर्मा कैश कांड

## महाभियोग : जांच के लिए एएसजी ठाकरे नियुक्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाल के भारतीय इतिहास के सबसे विवादित न्यायिक जवाबदेही मामलों में से एक में एक अहम कदम उठाते हुए कानून और न्याय मंत्रालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के



खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की जांच कर रही तीन सदस्यों वाली जांच कमेटी की मदद के लिए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) राजा ठाकरे को नियुक्त किया है। इस जांच के केंद्र में लगे आरोप जस्टिस वर्मा के सरकारी घर पर आग लगने की घटना के दौरान बिना हिसाब-किताब के कैश मिलने के इर्द-गिर्द घूमते हैं, जिससे न्यायिक गलत व्यवहार के गंभीर सवाल उठते हैं। जज की कानूनी चुनौतियों को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार मना करने के बाद आया है, जो जज (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 के तहत एक फ़ॉर्मल जांच की ओर एक मजबूत प्रोग्रेस का संकेत देता है। ज्यूडिशियल इंडिपेंडेंस और अकाउंटेबिलिटी के बीच नाजुक बैलेंस को ट्रैक करने वाले लीगल प्रोफेशनल्स के लिए यह डेवलपमेंट न केवल इंपीचमेंट की ऑपरेशनल पेचीदगियों को हाईलाइट करता है, बल्कि हायर ज्यूडिशियरी की इंटीग्रिटी को बनाए रखने के लिए डिजाइन किए गए कॉन्स्टिट्यूशनल मैकेनिज्म को भी मजबूत करता है।

## उपेक्षा

### सम्मान की आस में दफ्तर में धूल खा रही कलाकारों की मेहनत

# प्रदेश में 'माटी' में मिल रहे माटी के सर्वश्रेष्ठ शिल्प

**श्वेता कुमारी, भोपाल।**

मध्य प्रदेश में हस्तशिल्प और माटी कला को बढ़ावा देने को लेकर सरकारी दावे जमीनी हकीकत में कितने खोखले हैं, इसकी बानगी राजधानी स्थित माटी कला बोर्ड के कार्यालय में साफ देखी जा सकती है। अपने सम्मान के इंतजार में बोर्ड के दफ्तर में रखे मिट्टी के शिल्प धूल खाते और टूटते नजर आ रहे हैं। ये शिल्प किसी प्रदर्शनी का हिस्सा नहीं, बल्कि उन कलाकारों की अमानत हैं, जो अपने सम्मान का इंतजार कर रहे हैं। अपनी माटी की विरासत को सहेजने के लिए दिन-रात एक करके बनाए गए ये शिल्प कला प्रशासन की अनदेखी की भेंट चढ़ रहे हैं। माटी कला की इस दुर्दशा का मुख्य कारण कलाकारों को दिए जाने वाले स्टेट अवार्ड का 4 साल से लंबित होना है। ये अवार्ड वर्ष 2021-2022 में घोषित किए जाने थे, लेकिन अभी तक फाइलों से ही बाहर नहीं आ पाए हैं।



दफ्तर में धूल खा रहीं कलाकृतियां

### क्या है राज्य पुरस्कार की चयन प्रक्रिया

माटी कला बोर्ड हर साल प्रदेश के शिल्पियों को प्रोत्साहित करने राज्य स्तरीय पुरस्कार देता है। इसके पीछे सरकार और बोर्ड की मंशा शिल्पियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। हर साल फरवरी में शिल्पियों से आवेदन बुलाए जाते हैं। शिल्पियों को जून तक सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियां जिला स्तर पर हस्तशिल्प या संबंधित कार्यालय में जमा करनी होती हैं। कलेक्टर और सीईओ जिपं की अध्यक्षता वाली समिति इन कलाकृतियां का अवलोकन कर सर्वश्रेष्ठ कृतियों का चयन करती है। जिला स्तर से चयनित ये कलाकृतियां राजधानी स्थित राज्य स्तरीय कार्यालय भेजी जाती हैं, जहां अंतिम चयन समिति (खादी ग्रामोद्योग के एमडी, विशेषज्ञ शामिल) विजेताओं का फैसला करती है।

### क्यों रुकी है पुरस्कारों की घोषणा

पिछले 4 से 5 सालों से इस पूरी प्रक्रिया पर ताला लगा हुआ है। शिल्पियों ने अपनी कलाकृतियां तो भेज दीं, लेकिन पुरस्कारों का कोई अता-पता नहीं है। निर्णय और पुरस्कारों की अंतिम घोषणा अध्यक्ष और वरिष्ठ बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में ही होती है। हालांकि, यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण कुल 27 अवार्ड दफ्तर में धूल खा रहे हैं, जबकि अवार्ड के लिए ये कलाकृतियां 12 जिलों से आई हैं। योजना के तहत प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए, द्वितीय 50 हजार और तृतीय 25 हजार रुपए दिया जाता है। पुरस्कार जीतने वाले शिल्पियों को मास्टर ट्रेनर बनाया जाता है। ये अनुभवी कलाकार बोर्ड के ट्रेनिंग कैंपों में नए और छोटे शिल्पियों को ट्रेनिंग देते हैं, जिसके लिए इन शिल्पियों को शासन के मानदेय (1500 प्रतिदिन) के हिसाब से महीने में लगभग 70 से 80 हजार रुपए तक की मदद होती है।

### उद्देश्य से भटकता बोर्ड

माटी कला बोर्ड का मूल उद्देश्य शिल्पियों को अवॉर्ड देकर प्रोत्साहित करना था, ताकि कला जीवित रहे और कलाकारों को सम्मान मिले, लेकिन पिछले 4 साल से प्रदेश के होनहार कलाकारों की कलाकृतियां दफ्तर के अंधेरे कोनों में पड़ी धूल खा रहीं है। ऐसे में सरकार के स्वरोजगार और प्रोत्साहन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

### जिम्मेदार नहीं दे सके जवाब

इस मामले में खादी एवं ग्राम उद्योग के एमडी माल सिंह भायड़िया से तीन बार बात करने की कोशिश की। आखिर में उन्होंने सवाल सुनते के बाद फोन काट दिया।

### ग्रीनलैंड में ट्रंप के विरोध में प्रदर्शन

# अमेरिका से ट्रेड एग्रीमेंट रोकेगा यूरोपीय यूनियन

**नुउक, जेएनएन।** ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इधर, अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रंप को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ (ईयू) के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। ईयू ने रविवार को ब्रसेल्स में शाम 5 बजे आपात बैठक बुलाई है। बैठक में ईयू संघ के सभी 27 देशों के राजदूत शामिल होंगे। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ट्रंप की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है। ईपीपी व्यापार समझौते के पक्ष में था, लेकिन ट्रंप की ग्रीनलैंड धमकियों से अब मंजूरी संभव नहीं है।

### स्टार्मर ने की आलोचना मैंक्रो बोले-अस्वीकार्य?

ग्रीनलैंड की ट्रंप के ऐलान के बाद अब यूरोपीय नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने इस कदम को पूरी तरह गलत बताया, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे अस्वीकार्य करार दिया। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा, हम ब्लैकमेल नहीं होने देंगे। स्वीडन अन्य यूरोपीय देशों, नॉर्वे और ब्रिटेन के साथ मिलकर संयुक्त जवाब पर चर्चा कर रहा है।

# साहित्य सृजन

## मत काटो मेरे पेड़



कटते वन बिन रोक के, सूना होता गाँव।
हरियाली के साथ ही, मरता जीवन-भाव॥
पेड़ गिरे तो साँस घुटे, बदले ऋतु-विधान।
तपती धरती रो पड़ी, सूख गए जल-स्थान॥
लोभ बना आरी यहाँ, मानव हुआ कठोर।
माता धरती की छाती, छलनी कर डाली है चहुंओर॥
बिन वृक्षों के कल नहीं, बिन जल जीवन शून्य।
आज बचाओ प्रकृति, वरना होगा सब शून्य॥
एक पौधा आज जो, कल वन बन जाएगा।
संरक्षण के पथ चलें, भविष्य मुस्काएगा॥
जागो अब भी समय है, छोड़ो यह व्यवहार।
`लालजी' कहिन धरती, माँ है, मत दो आघात॥

**लाल जी मिश्रा `अडिग', रतहरा रीवा**

## संवेदनाओं के ऊंचे पर लिए



संवेदनाओं के ऊंचे पर लिए निज पथ पर हम निकर लिए;
व्याकुलता का ज्वार-भाटा भावों की चक्की का पिसा मैं आटा;
भारत माता की जय का उद्घोष मन में कलरव पर हाई जोश;
सेक्शन ए थी कक्षा ग्यारह समय था यारों तीस मिनट घंटे में बारह
शुरू हुये स्वामी के छंद बच्चे सोचे हे प्रभु! कब होंगे ये बंद;
शुरू हुई थी कविता बेटा बेटी पर पहुंच चुकी थी गांव गिरांव मूंग पेटी पर
कहीं हास्य,करूणा भी थोड़ा सूर,तुलसी रूपा को भी नहीं छोड़ा;
युवा,बृद्ध, बालक तरुणाई नदी,पहाड़ पतझड़ अमराई;
भगवान रमागोविंद का ये गढ़ विद्यालय कहलाता ये कन्या गोविंदगढ़;
विंध्यधरा का यहां अनुपम ताल मास श्रावणी जय हो महाकाल
मेल मिलाप भाईचारे का संगम आम्रपाली की अद्भुत छवि दृश्य विहंगम
भूल चुका था मैं हूं अंग्रेजी का व्याख्याता क्या करूं ? मौसी है ये पर
मां की भाषा के इसको आसपास नहीं पाता; पद का बेवजह ठीकरा हम अपने सर लिए
संवेदनाओं के ऊंचे पर लिए निज पथ पर हम निकर लिए।।

**विजय शर्मा `स्वामी'**
**हायर सेकेण्ड्री कन्या गोविंदगढ़**

## 'चकवा - चकोर'



फलक दिवा कब लाओगे,
कब दिनकर दरस दिखाओगे।
चकवा कब तक चमन निहारे,
चक्रवाक हुए अलग बिचारे ।
रात्रि लगे इन्हें युग बीता सा,
क्यों शापित यह युगल सितारे ।
प्रतीक्षारत हो नैन थके अब,
कब तमहर झलक दिखाओगे।
फलक दिवा ...
है चकोर की प्रीति घनेरी, चाँद टकें दिनकर की देरी।
प्राची को यह नजर टिकाए, शशि शीतलता नहि भाती तेरी।
आ जाओ रवि आसमान में , कब इनका मिलन कराओगे।
फलक दिवा ......
शाप भोगते सदियाँ बीती, रात्रि बिलग चलें कैसी रीती।
नहि भाता शशि का प्रलेप भी, शाप मुक्त करो यही सुनीती।
यह पंछी है प्रतीक प्रेम के, मुनिगण कब मुक्ति दिलाओगे।
फलक दिवा कब लाओगे, कब दिनकर दरस दिखाओगे।।

**प्रवीणा पाण्डेय, रीवा**

## मैं वो पत्थर हूं



चाँद को चाँद से ही जलन हो गई
मैंने उनको लिखा और ग़ज़ल हो गई।
वो एक शेर पढ़ा था आपके चेहरे पर हमने
आपको देखा उमर ये सफल हो गई।
सदियों बाद इन आंखों को आराम मिला
उनको देखा तो नज़र ये नज़र हो गई।
मैं वो पत्थर हूँ जिसको नहीं पूजा गया
इस लिए भी मेरी गुणवत्ता कम हो गई।
शिद्दत से आँखें लाल कौन करता यार
दर्द में रो भी नहीं पाए बस आँखें नम हो गई।
आपके जिंदगी में सावन आया मुबारक हो
बिना मौसम ही मेरी जिंदगी पतझड़ हो गई।
भीड़ में अब शिकवा भी किससे करें ये राज
जनाब खुद को खुद से ही शिकायत हो गई।

**रावेंद्र तिवारी `राज', रीवा**

## तन्हा हूं



भीड़ में रहकर भी तन्हा हूँ, ये कैसा मेरा अफ़साना है।
सब कुछ होते हुए भी लगता, जैसे कुछ भी नहीं कमाना है।
मन के आँगन सूने-सूने, ख़ामोशी हर बात कहे।
हँसती आँखों के पीछे छुपकर, दर्द मेरा चुपचाप बहे।
मोबाइल थामे बैठी रहती, घंटों बस यूँ ही सोचती हूँ,
क्या पाना है, क्या खोया है, खुद से ही सवाल पूछती हूँ।
दिन के साथ मैं टूट रही हूँ, रातें बोझ सी लगती हैं,
सोच-सोच कर थक जाती हूँ, आँखें खुद ही भर जाती हैं।
कहने को तो रिश्ते हैं सारे, नाम, पहचान, हर नाता है,
फिर भी दिल के इस सन्नाटे में, अकेलापन ही रह जाता है।

**शबनम शुक्ला, अजगरहा रीवा**

## भारत मां



नमन करूं हे मातृभूमि अभिवादन स्वीकार करो,
धन्य धान्य सब कुछ तेरा जीवन भर सम्मान करूं।
अहो सौभाग्य हमारा मां जन्मा तेरी माटी मे,
सीमा तक डटकर शत्रु से लडूं मिटू मै माटी मे।
धन्य भाग्य है मेरा मां नित तेरी गोंद मे सोता हूं,
नमन करूं हे मातृभूमि मै भारत मां का बेटा हूं।
निश दिन नमन करूं भारत मां शौर्य शक्ति बनी,
जहां गंगा, यमुना, सरयू बहती वह देश हमारा है,
दुश्मन तनिक न ध्यान करे यह हिंदुस्तान हमारा है।
हे शरण दायिनी भारत मां निश दिन तुम पर नाज करूं,
जब तक जीवन रहे हमारा हे आर्यावर्त प्रणाम करूं।

**प्रीतम शुक्ला , सीधी**

## कोशिश हमारी नहीं थी...



रिझाने की कोशिश, हमारी नहीं थी,
मनाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
वह खुद आ गया,चल के दर पे हमारे,
बुलाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
बताने की कोशिश, हमारी नहीं थी,
दिखाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
जहाँ जानकर, खुद ही खुद जल गया,
जलाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
जाने की कोशिश, हमारी नहीं थी,
भुलाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
तुम ही दूर करके,तुम ही रो रहे हो,
रुलाने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
झुकाने की कोशिश, हमारी नहीं थी,
हराने की कोशिश, हमारी नहीं थी।
तुम ही मेरी आँखों से, खुद गिर गए हो,
गिराने की कोशिश, हमारी नहीं थी।

**अतुल शर्मा, कोटरा खुर्द त्योंथर**

## है तुम से अरदास प्रिये



जब से रूठ गये हो तुम मन विरागी सा हो गया,
रास आने लगी तुम्हारी अनबन
उसी से मन अनुरागी सा हो गया।
देख रहती थी तुम में अनुपम प्यार प्रिये,
तुमने दिए जुदाई के उपहार प्रिये।
बस इतनी है तुम से अरदास प्रिये
सदा मन में मुझको ही रखना खास प्रिये।

**प्रिन्सू अनिरुद्ध दुबे `सजल', रीवा**

# रीवा ने नागौद को दी शिकस्त विधायक विक्रम सिंह रहे मौजूद



**जागरण, सतना।** स्व कप्तान अबधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया द्वारा आयोजित किया जा रहा है यह क्रिकेट मैच का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है जिसमें लोगों में खेल के महत्व को बढ़ाने रामपुर विधायक विक्रम सिंह द्वारा इस वर्ष भी स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन के शुभारंभ में पहला मैच रीवा और नागौद के बीच खेला गया ।जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक विक्रम सिंह रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुर थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी की उपस्थिति में मैच का शुभारंभ स्व कप्तान अवधेश प्रताप सिंह के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात मैच का शुभारंभ हुआ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ सम्मानित जनों द्वारा खेल के मैदान में पहुंच कर खिलाड़ियों से सम्मानपूर्वक परिचय प्राप्त कर ट्रास की प्रक्रिया की गई तत पश्चात रीवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 वोभर में 258 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए नागौद टीम 173 रनों पर ऑल आउट हो गई। रीवा ने इस मैच जीत हासिल की वही दूसरा मैच सीधी और सतना के बीच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा मैच का आनंद उठाने वाले खेल प्रेमी एस्व लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम हनुमानगंज में पहुंच कर अंतर राज्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आनंद उठाने के साथ खिलाड़ियों का उत्सव वर्धन करते नजर आये।

# रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाया कोठी थाना परिसर



**जागरण, सतना।** काफी लंबे समय से क्षेत्र के दलालों के चंगुल से घिरे कोठी थाना को अब दलालों से मुक्ति मिल चुकी है और अब दो.दो थाना प्रभारी के द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत दलालों की दाल भी गलने वाली नहीं है चाहे इसके लिए वह कितना भी हाथ पैर पटके परंतु अब होगा वही जो होना चाहिए आपको बता दें की 1 वर्ष के अंदर ही कोठी थाने का अब कायाकल्प हो रहा है और अब कोठी थाना अपने नए स्वरूप पर दिख रहा है दिन में तो ठीक रात में भी कोठी थाना रंग बिरंगी लाइटों से जगमगा रहा है जिससे अब वह अपना अलग ही प्रभाव छोड़ रहा है इसकी वजह की पूर्व में आईपीएस मनीष भारद्वाज द्वारा तैयार की गई नींव है जिस पर डीएसपी आशुतोष त्यागी का त्याग और समर्पण निहित है जिसकी बदौलत अब उस नींव पर नई दीवार खड़ी होकर एक अलग ही चमक बिखेर रही है और अब कोठी थाना अपने आप ही अलग रंग बता रहा है चाहे वह किसी भी दिशा में हो कोठी थाना क्षेत्र में इन दिनों जहां एक ओर अपराधी भूमिगत है या की फिर अपराध करना बंद कर दिए हैं और कर भी रहे हैं तो थाना क्षेत्र छोड़कर वहीं दूसरी ओर कोठी थाना का स्वरूप ही बदल गया है थाना परिसर के अंदर अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराई गई जमीन पर अब सुव्यवस्थित पार्क का निर्माण कराया गया है जिसमें बच्चों के खेलने के झूले व्यायाम के लिए ओपन जिम वॉलीबॉल ग्राउंड बैडमिंटन ग्राउंड पार्किंग आरसीसी रोड सहित बैठने के लिए कुर्सियां तथा पार्क में हरी घास लगाई गई है साथ ही पार्क के चारों तरफ से पक्की बाउंड्रीवॉल करवा कर नई रंग बिरंगी लाइट लगवाई गई है जिनका शनिवार को शुभारंभ किया गया थाना कोठी के स्टाफकी मौजूदगी में जैसे ही पार्क की नई लाइटों को चालू किया गया पूरा थाना सहित आसपास का परिसर जगमगाने लगा जिससे थाना परिसर की जहां सुंदरता बड़ी वही लोगों का विश्वास भी कोठी पुलिस के प्रति सकारात्मक हुआ है और अब नगर के लोगों ने खुशी जताते हुए कहा है कि कोठी थाना में ऐसे ही अधिकारियों की आवश्यकता है।

# नर्मदेश्वर शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**जागरण, सतना।** प्रेमविहार स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत आज की कथा में महाराज ने महाभारत प्रसंग माता सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का सारगर्भित वर्णन किया। कथा में उन्होंने कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों को अपने जीवन में माता सती और भगवान शिव के आदर्शों को धारण करना चाहिए जिससे जीवन में संतुलन त्याग और भक्ति का भाव विकसित होता है। महाराज श्री ने ध्रुव चरित्र के माध्यम से यह संदेश दिया कि भक्ति के बिना भगवान तक पहुँचना संभव नहीं है। उन्होंने समुद्र मंथन के प्रतीकात्मक अर्थ को समझाते हुए कहा कि जब तक मनुष्य अपने जीवन में आत्ममंथन नहीं करेगाए संसार रूपी कालकूट विष को सहन नहीं करेगा और उच्चैश्रवा रूपी अभिमान का त्याग नहीं करेगा तब तक वह ईश्वर रूपी अमृत को प्राप्त नहीं कर सकता। कथा के दौरान यह भी बताया गया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं बल्कि धारण का विषय है। नवधा भक्ति के अनुसार कथा का श्रवण कर उसे अपने आचरण और धर्म के रूप में जीवन में उतारना ही सच्ची भक्ति है।

# मझगवां विद्यालय में 35 विद्यार्थियों को वितरित किये गये स्वेटर



**जागरण, सतना।** शीत ऋतु में जरूरतमंद विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने एवं उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय मझगवां संकुल जैतवारा में शीतकालीन स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत 35 छात्र.छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर जैतवारा थाना प्रभारी अभिशेक पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष एवं राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। यह सेवा कार्यक्रम राज्य शिक्षक संघ के जिला संगठन सचिव श्री प्रमोद त्रिपाठी के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ.साथ विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्य न केवल बच्चों को शीत ऋतु में राहत देते हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास और अध्ययन के प्रति रुचि भी बढ़ाते हैं। नन्हें बच्चों को प्रात उठकर माता.पिता और गुरु को प्रणाम करने और चाय का ना सेवन करने की नसीहत दी गई।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी, गंगा दयाल शुक्ला, दिलीप त्रिपाठी, मुनींद्र त्रिपाठी, सुशील पांडे, छोटू द्विवेदी, रामप्रकाश सेन, आदित्य मिश्रा, राकेश डोहर , जगतनारायण त्रिपाठी एवं अभिभावक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करना महती आवश्यकता : जिला पंचायत अध्यक्ष



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद रामनगर द्वारा दिनांक 18 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं ग्राम विकास पखवाड़ा 12 जनवरी से 26 जनवरी के अवसर पर विकास खण्ड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष रामनगर में किया गया कार्यकम में मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल अध्यक्ष जिला पंचायत सतना विशिष्ट अतिथि सूरज गुप्ता उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ज़िला मैहर विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी एवं निरीक्षक थाना रामनगर रामजी अवधिया वरिष्ठ समाज सेवी रहे। कार्यक्रम में सर्व युग दृष्टा महान दार्शनिक एवं सनातन परम्परा के उद्घोषक स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि रामखेलावन कोल ने कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा गांव गांव में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को पहुंचाया जा रहा है इसके कई विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है जैसे जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करना आज सबसे महती आवश्यकता है हम सभी शासन का सहयोग करते हुए किसानों को पुनः जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए यदि हम अभी नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी। कार्यशाला में मुख्य वक्ता रामजी अवधिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने दुनिया में भारतीय सनातन धर्म ध्वजा को फहराया था उन्होंने कहा था कि आने वाली सदी भारत की है कार्यक्रम में सूरज गुप्ताए थाना प्रभारी श्री विजय त्रिपाठी एवं विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी ने भी अपना उद्बोधन दिया। आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवांकुर संस्था प्रमुख सुभाष पांडेयए रवि प्रताप सिंहए प्रकाश साकेत अश्वनी कुमारए मेंटर्स आभा द्विवेदीए चंद्रकली पटेलए रामसुसील कुशवाहाए नीरज कुमार शुक्लाएरवेंद्र सेनए अरविंद गर्गएमहिमा निगमए ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधी एवं छात्र छात्राओं की सहभागिता रही।

# सिन्धु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

**सतना।** वरिष्ठ समाजसेवी चोइथराम परवानी के आकस्मिक स्वर्गवास होने की खबर से सिन्धु विकास समिति परिवार में शोक की लहर छा गई। समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा पारवानी मानवता के सच्चे सेवादारी थे समिति परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि पारवानी जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घर परिवार को यह दुखरूसहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में संरक्षक श्रीचंद मनवानी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इन्द्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी मनीष टेकवानी संजय वाधवानी महेश रावलानी गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी जितेंद्र गावरी अमित कामरानी रंजीत सेनानी गोपीचंद कापडी गंगाराम सचदेव बसंत खत्री विजय जग्यासी अशोक चांदवानी राजकुमार साधवानी राजेश कोटवानी सुधीर आहूजा अशोक पिंजाणी केशव माखीजा दीपक वाधवानी कमल पुरस्वानी अमित घोघवानी अनिल मोटवानीएपंकज आहूजा ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अमर ज्योति परिवार की प्रेरणा से देहदान का संकल्प



**जागरण, सतना।** समाज में मानवता और सेवा भाव को नई दिशा देते हुए अमर ज्योति परिवार की प्रेरणा से तरुण ठक्कर के 12 सदस्यीय परिवार ने देहदान करने का संकल्प लिया। इस प्रेरणादायी निर्णय के माध्यम से परिवार ने यह संदेश दिया कि जीवन के बाद भी मानव सेवा का मार्ग चुना जा सकता है। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने कहा कि यह नश्वर शरीर यदि किसी के जीवन को बेहतर बनाने या चिकित्सा शिक्षा के कार्य आ सकेए तो इससे अच्छा और क्या हो सकता है। उन्होंने देहदान को समाज के लिए एक महान योगदान बताते हुए लोगों से इस विषय पर जागरूक होने और आगे आने की अपील की। अमर ज्योति परिवार द्वारा समय.समय पर किए जा रहे जागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऐसे संगठन समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को बढ़ावा दे रहे हैं। तरुण ठक्कर परिवार का यह संकल्प निश्चित ही अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। इस पहल से यह सिद्ध होता है कि सच्ची सेवा केवल जीवनकाल तक सीमित नहीं होती बल्कि मृत्यु के बाद भी मानव कल्याण का माध्यम बन सकती है।

# कूम्ही में महीनों से जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला



**उचेहरा।** सरकार जहां हर घर मे उजाला देने के लिए संकल्पित है वहीं आम उपभोक्ताओ की अपनी जिम्मेदारी भी है कि सरकार द्वारा जो दुविधाएं दी जा रही है उनका उपभोग करते उनके करो को भी उपभोक्ता समय से अदा करते सरकारी सुविधा का पूरा लाभ उठाएं। ताजा मामला जनपद के पठारी अंचल पटिहट के कूम्ही गांव का है जहां करीब 2 माह से 100 के व्ही का ट्रांसफार्मा जला पड़ा है जिसकी वजह से वहां के रहवासी अच्छे खासे परेसान है खेती भी प्रभावित हो रही है इस समस्या की लिखित शिकायत ग्रामीण कनिष्ट यंत्री से भी कर चुके फिर भी हालात जस के तस बने हैं । सूत्रों की माने तो बिजली बिल पूरा बकाया होने के कारण जला ट्रांसफार्मा नहीं बदला गया । बिल न जमा करने के पीछे का एक कारण जो सामने आ रहा वह यह कि कही न कही खुद सरकार की नीति ही जिम्मेदार है । ग्रामीणों ने नाम न प्रकासित करने की शर्त पर बताया कि यहां के ग्रामीणों को आस है कि इस बार भी चुनाव के पहले सरकार बकाया बिक को माफकर देगीघ् इसी उम्मीद को लगाए अभी से बैठे ग्रामीण बकाया बिल नही जमा कर रहे और जो उपभोक्ता बिल जमा भी करना चाहता है वह भी जमा नही कर रहे ।

## इनका कहना है

*यहां के निवासियों द्वारा शत प्रतिशत बिल न जमा करने से जला ट्रांसफार्मा नही बदला गया जल्द ही जन जागरुकता अभियान चलाया जायेगा।*

***अनुराग पांडेय कनिष्ट यंत्री***

# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरण, सतना।** रविवार को ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम संदीपनी विद्यालय रामपुर बाघेलान मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वाधान मे आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर धूप दीप पुष्प अर्पित कर मंन्चासीन अतिथियो व्दारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आतिथि जनपद सदस्य श्रीमती आशा दयाराम दहायत रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड समन्वयक श्रीमती ममता सिंह ने की विशिष्ट अतिथि नत्थू सिंह दिव्यदृष्टी सेवा परिषद् के सचिव पुष्पराज कुशवाहा विकास सिंह बनाफर अशोक द्विवेदी श्रीमती निर्मला मिश्रा रही । विकासखंड समन्वयक ने अपने उद्बोधन मे कहा की ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के बारे में अवगत कराया जिसमें सेक्टर स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी । मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कम समय में भारत का डंका विश्व पटल पर आध्यात्मिक क्षेत्र में फैलाया तथा युवाओं के प्रेरणा श्रोत बने उन्होंने कहा था उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की पूर्ति न हो। सरस्वती विद्यालय के प्राचार्य नत्थू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के भविष्य युवा है सभी को सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ना है नकारात्मक प्रभाव को दूर करना है। डीडीएसपी के सचिव पुष्पराज कुशवाहा ने अपने उद्बोधन मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियानों एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद ग्राम स्तर तक कार्य कर रही है और लोगों को जोड़कर समाज में जन जागरण का कार्य कर रही है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान पर विषेश ध्यान देने की जरूरत है। वही कार्यक्रम का सफल संचालन नरेंद्र पाण्डेय ने किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ सरदार चौधरी परामर्शदाता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नवांकुर संस्था से नरेंद्र पाण्डेय प्रभात मिश्रा अशोक द्विवेदी परामर्शदाता डॉक्टर सरदार चौधरी शिवम त्रिपाठी श्रीमती चेतना द्विवेदी श्रीमती शिखा सिंह श्रीमती पूनम सिंह मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र.छात्रा श्रीमती रंजना कुशवाहा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिन गुप्ता सचिव राजेशिय कोल प्रशांत केशरवानी शिल्पा गौतम बृजलाल साकेत विंध्या शुक्ला अनुज चौधरी कृष्णा साकेत ज्ञानदेव ताम्रकार पुष्पेंद्र मिश्रा कमलाकांत मिश्रा जय सिंह खमरिया परमानंद पाण्डेय प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहें।

# पशुपालन एवं पशु कल्याण को लेकर प्रदेश भर में चलेगा एक माह का जागरुकता अभियान

**सतना।** भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। जो 13 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में भी पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल ने सभी जिलों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि यह अभियान राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं हितग्राही मूलक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होगा। अभियान के अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाओं, उन्नत पशुपालन, डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए संगोष्ठियां, ऑनलाइन वेबिनार, युवा संवाद, गोशालाओं एवं पशु कल्याण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विभागीय दलों द्वारा भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं पशु कल्याण की जानकारी दी जाएगी। जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी वेट्स-पेरावेट्स, गोसेवक-मैत्री कार्यकर्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, दुग्ध संघों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूहों के सदस्य एवं पशु-सखी के समन्वय से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा ग्रामों एवं पंचायतों में भ्रमण कर पशु चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ पशुकल्याण, रोग रोकथाम, टीकाकरण तथा पशुपालन योजनाओं से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान पंपलेट वितरण एवं जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित होंगी। विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की प्रगति की जानकारी फोटो एवं वीडियो सहित भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। अभियान की मॉनिटरिंग संबंधित संभाग के संयुक्त संचालक एवं संचालनालय स्तर पर प्रभारी पशुपालन शाखा द्वारा की जाएगी।

# 25 हजार से ज्यादा बच्चे कुपोषित, पुनर्वास केंद्र खाली

**जागरण लापरवाही**

## कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र में पहुंचाने में लापरवाही

### दस्तक अभियान में सर्वे की निभाई जा रही औपचारिकता



जागरण, सीधी

जिले में कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्रों में पहुंचाने में पूरी तरह लापरवाही बनी हुई है। 25 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। जिनको सुपोषित बनाने में जिम्मेदार पूरी तरह से स्वेच्छाचारी बने हुए हैं। दस्तक अभियान में सिर्फ सर्वे की औपचारिकता संबंधित अधिकारी निभा रहे हैं। ऐसा आभाष होता है कि गंभीर कुपोषित बच्चों की खोज-खबर ही बंद हो गई है। ऐसे में कुपोषितों की संख्या में इजाफा का अंदेशा है। जिला मुख्यालय को छोंड़ दिया जाए तो विकासखंड स्तर पर संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र लगभग बंद पड़े हैं। जबकि जिले में एक हजार से अधिक बच्चे अति कुपोषित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता की कमी के चलते पोषण पुनर्वास केंद्र की स्थापना की गई है ताकि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को केंद्र में रखकर बेहतर पोषण आहार देकर उन्हें सुपोषित बनाया जा सके। लेकिन पोषण पुनर्वास केंद्र तक गंभीर कुपोषित बच्चे नहीं पहुंच पा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार लिए गए वजन के आधार पर 25746 बच्चे कुपोषण की गिरफ्त में हैं। जिनमें से 1352 बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेंणी में शामिल हैं। ऐसे में अति गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में ही भर्ती कराया जाना था लेकिन यह प्रक्रिया ठंडी पड़ी हुई है। दरअसल कुपोषित बच्चों के उपचार एवं पोषण आहार को लेकर भारी भरकम बजट भी मिलता है। कुपोषित बच्चों की पहचान को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह निष्क्रिय है। उनकी लापरवाही से आंगनवाड़ी केंद्र स्तर से भी लापरवाही बनी हुई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुपोषित बच्चों की पहचान का काम औपचारिक रूप से ही किया जाता है। लिहाजा गरीब परिवारों के कुपोषित बच्चों की न तो समय पर पहचान हो पाती और न ही उन्हें उपचार की सुविधा ही मुहैया हो पाती। जानकारों के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं कुपोषित बच्चों की पहचान सुनिश्चित करानें में इसलिए लापरवाह हैं क्योंकि उनको स्वयं उपचार करानें के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ेगा। किसी वजह से सीधी जिले में 0 से 6 वर्ष के बच्चों के वजन एवं ऊंचाई के मापन में भी फर्जी आंकड़े आंगनवाड़ी केंद्रों की ओर से दर्ज करके परियोजना कार्यालयों में जमा कराया जाता है। हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र न तो समय पर खुलते हैं और न ही वहां गुणवत्तायुक्त नास्ता बनाने की जरूरत समझी जाती है। अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताएं नियमित रूप से जाती ही नहीं हैं। सहायिका के जिम्मे ही आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन है। सहायिकाओं द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में नास्ता एवं खाने के वितरण की व्यवस्था देखी जाती है। उस दौरान भोजन की गुणवत्ता नहीं जांची जाती। सीधी जिले में पोषण ट्रेकर के माध्यम से 0 से 6 वर्ष के बच्चों के संबंध में केवल कागजी जानकारी ही दर्ज की जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी स्वयं आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के लिए नहीं जातीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में कार्यवाही को लेकर कोई खौफ नहीं रहता। विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों का हाल यह है कि वह केवल अपने बंगले और कार्यालय के बीच ही सीमित रहते है। जबकि उनको आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण स्वयं मौके पर जाकर करना चाहिए।

### विकासखंड स्तरों पर भी पुनर्वास केंद्र की सुविधा

जिले में आरंभ में जिला अस्पताल परिसर में पोषण पुनर्वास केंद्र प्रारंभ किया गया था। यहां पर अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पालक के साथ 15 दिन तक रखकर उन्हें बेहतर पोषण आहार देने की सुविधा है। जिससे बच्चे सुपोषित हो सकें। इसके बाद विकासखंड स्तरों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पोषण पुनर्वास केंद्र की सुविधा है। वर्तमान में हालात यह है कि विकासखंड स्तर पर काफी कम कुपोषितों को भर्ती कराया जा रहा है।

### कुपोषितों के आंकड़ों पर नजर

| परियोजना | कुपोषित | अति कुपोषित |
|---|---|---|
| कुसमी | 2376 | 212 |
| मझौली | 6000 | 332 |
| रामपुर नैकिन- 01 | 2746 | 140 |
| रामपुर नैकिन- 02 | 2180 | 243 |
| सीधी-01 | 7110 | 213 |
| सीधी-02 | 3982 | 212 |
| **योग** | **24394** | **1352** |

# दीवार में सेंध लगाकर घर में घुसे चोर 4 लाख के जेवर-नगदी लेकर चंपत



## अमिलिया थाना के तितली गांव में हुई वारदात

जागरण, सीधी

रात में एक मकान में सेंध लगाकर चोर सुनियोजित तरीके से अंदर पहुंचे और 4 लाख के जेवर-नकदी लेकर चंपत हो गए। जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के ग्राम तितिली में 17-18 जनवरी 2026 की रात एक बड़ी चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने एक मकान में सेंध लगाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुरा लिए। जानकारी के अनुसार यह घटना तितिली निवासी रामचंद्र साकेत के घर में हुई। रात के समय जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे, तभी चोरों ने सुनियोजित तरीके से घर में प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी और संदूक को निशाना बनाया। उन्होंने लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और करीब 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। सुबह जब परिजन जागे तो उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ पाया। कीमती जेवरात और नकदी गायब देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। फरियादी रामचंद्र साकेत ने बताया राात में हम सभी लोग घर के अंदर सो रहे थे। सुबह उठने पर देखा कि घर का दरवाजा खुला है और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर सोने-चांदी के सारे गहने और लगभग पचास हजार रुपये नगद गायब मिले। हमें किसी भी तरह की आहट तक नहीं लगी। घटना की सूचना मिलते ही अमिलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए। इस संबंध में अमिलिया थाना प्रभारी राकेश बैश ने जानकारी दी कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### पूर्व सांसद गोविंद मिश्रा के पिताश्री के निधन पर उपमुख्यमंत्री एवं सतना-रीवा सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण, सीधी।** सीधी के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक चुरहट, ऊर्जा विकास निगम के पूर्व चेयरमैन गोविंद मिश्र के पिताश्री पंडित हनुमान प्रसाद मिश्र के निधन पश्चात निज निवास ग्राम कोष्टा में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो का तांता लगा हुआ है। आज श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये गृह ग्राम कोष्टा में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सतना सांसद गणेश सिंह एवं रीवा सांसद जनार्दन मिश्र ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित हनुमान प्रसाद मिश्र के दुखद निधन पर शोक संवेदन व्यक्त करने व श्रद्धांजलि देने गृह ग्राम कोष्टा पहुंचकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, रीवा सांसद जनार्दन मिश्र, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की व गहरा दुख व्यक्त किया। वहीं सतना से लगातार पांच बार के सांसद गणेश सिंह ने गृह ग्राम कोष्टा पंहुचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनो से भेंटकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र का जाना समाज के लिये अपूर्णीय क्षति है। वही एसडीएम चुरहट शैलेश द्विवेदी भी गृह ग्राम कोष्टा पहुंचकर पूर्व सांसद गोविंद मिश्र के पिताश्री के निधन पर दुख व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

**जागरण, सीधी।** खेलो एमपी 2025 अंतर्गत आज सीधी विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के प्रांगण मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं सीधी जिला बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। सीधी जिले के खेलो एमपी के बॉक्सिंग प्रतियोगिता के जिला प्रभारी सूरज शुक्ला ने बताया कि जिसमें जिलास्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सीधी, रामपुर एवं सिहवल विकासखंडो के मुक्केबाज सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया एवं मुक्केबाजों को खेल भावना के साथ खेलने की बात कही गई। प्रतियोगिता मे रोचक मुकाबले भी हुए एवं मुक्केबाजो ने अच्छा प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए 11 बालक दिव्यांशू यादव, शिवाक्षत शुक्ला, आयुष रावत, प्रवीण साहू, सागर सिंह, अनुराग वर्मा, इश्मीत सिंह स्याल, लक्ष्य प्रताप सिंह, स्वदेश पाण्डेय, अभिमन्यु पाण्डेय, पृथ्वी राज सिंह एवं 10 बालिका आकांक्षा साकेत, नेहा साहू, ईशा चतुर्वेदी, समृद्धि चौबे, आज्ञा तिवारी, कशिश सिंह, निधी सिंह, राशि जायसवाल, तनु सिंह, इच्छा मुक्केबाज चयनित हुए। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक जूरी के रूप में सूरज शुक्ला, प्रतियोगिता के रेफरी आदर्श द्विवेदी एवं मैच के जज की भूमिका में सत्यम शुक्ला मौजूद रहे। जिलास्तरीय प्रतियोगिता मे प्रमुख रूप से खेल प्रशिक्षक मानिंदशेर अली खान, सीधी विकासखंड समन्वयक जयवीर सिंह, विकासखंड समन्वयक ललिता साकेत मौजूद रहे।

### धनपुरी ने जीता अनिल कप सीजन 9 का दूसरा मैच



**जागरण, मझौली।** जिले के मझौली उपखंड में शहिद अनिल सिंह के स्मृति में विगत कई वर्षों से खेले जा रहा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 9 का दूसरा मैच पत्रकारों के विशेष उपस्थिति में धनपुरी व मझौली के बीच खेला गया इस मैच में धनपुरी ने तीन विकेट से जीत हासिल की है। आज का यह मैच में पत्रकार राजकुमार तिवारी एवं ज्योति प्रकाश नामदेव के मुख्य आतिथ्य एवं अरविंद सिंह परिहार अध्यक्ष की अध्यक्षता में खेला गया। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता बीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता कमलेश पाण्डेय, पंकज सिंह, शैलेन्द्र दाहिया, पंकज सिंह सोनू, रामेश्वर द्विवेदी मन्चासीन रहे। मैच का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शाहिद अनिल सिंह के छायाचित्र माल्यार्पण व प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान दिवंगत क्रिकेट प्रेमियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। आज 18 जनवरी को दूसरा मैच धनपुरी व मझौली के बीच खेला गया। जिसमें धनपुरी ने जीत हासिल किया है। जहां पूरे समय वरिष्ठ समाजसेवी ब्यकटरमण सिंह चंदेल, लवकेश सिंह गहरवार, अशोक द्विवेदी भोले बाबा के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व लोग भारी संख्या में उपस्थित रहकर मैच का आनंद लिए। आज तीसरे दिन 19 जनवरी का मैच रीवा और मझौली के बीच पूर्व से निर्धारित समय सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

### मातृशक्ति के सम्मान में सड़कों पर उतरा महिला मोर्चा



**जागरण, सीधी।** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा मातृशक्ति को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आज सीधी के गांधी चौराहे पर भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा स्वयं उपस्थित रहे और कांग्रेस विधायक का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के बयान कांग्रेस की महिला विरोधी और असंवेदनशील सोच को उजागर करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मातृशक्ति का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे बयान समाज में गलत संदेश देते हैं और नारी सम्मान पर चोट करते हैं। उन्होंने मांग की कि संबंधित विधायक अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह, केके तिवारी, इंद्रशरण सिंह, देवेंद्र त्रिपाठी, सूर्यप्रताप सिंह सूर्या, राकेश मौर्य, पूनम सोनी, विभा शर्मा, निशांत मिश्रा कंपू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोहनिया स्कूल में खेल मैदान एवं बाउंड्री का अभाव

## हायर सेकेण्ड्री स्कूल के छात्रों को नहीं मिल रही खेल सुविधा

### बाउंड्रीवाल के अभाव में खेल मैदान अव्यवस्थित




जागरण, मोहनिया

जिले के चुरहट तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनिया में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनिया के छात्र मैदान के अभाव में खेल सुविधा से पूरी तरह से वंचित हैं। वहीं बाउंड्रीवाल के अभाव में यहां का मैदान भी पूरी तरह से अव्यवस्थित है। हायर सेकेण्ड्री मोहनिया में कक्षा 9 से 12 तक कक्षाएं संचालित हैं। उक्त विद्यालय में करीब ढ़ाई सौ छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यह विद्यालय लगभग 6 वर्ष से हायर सेकेण्ड्री के रूप में संचालित है। इतना समय बीत चुका हैं किन्तु आज तक विद्यालय में न तो बाउंड्रीवाल है और न ही शिक्षक एवं विद्यार्थियों को प्रार्थना करने और खेलने के लिए कोई मैदान की व्यवस्थित सुविधा है। विद्यालय में प्राचार्य सहित 35 विद्यालयीन स्टाफ है। प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि ग्राम पंचायत एवं भोपाल टीम को विद्यालय में खेल मैदान एवं बाउंड्रीवाल के अभाव पर सूचना दिया गया था। जिसके बाद भोपाल की टीम आकर विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद संबंधित विभाग को जानकारी भेजी गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनिया में बाल बाउंड्री और खेल मैदान का अभाव होने से छात्र-छात्राओं को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कुछ विद्यालय के छात्रों का कहना था कि सभी छात्र-छात्राएं एक साथ प्रार्थना करते हैं। उसमें भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्यालय के नाम से 5 एकड़ भूमि है जिसमें वन विभाग का पौधरोपण पहले से मौजूद है।

> विद्यालय में बाउंड्रीवाल एवं खेल मैदान का पूरी तरह से अभाव है, जिसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी गई थी। इसके संबंध मे भोपाल की टीम आकर निरीक्षण के पश्चात अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्र शिक्षा विभाग को भेजा गया है।
>
> **रामसजीवन वर्मा, प्राचार्य मोहनिया**

### ब्रह्माकुमारी ने मनाया अव्यक्त स्मृति दिवस



**जागरण, सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सीधी स्टेडियम के पास स्थित सेवा केंद्र में आज दिनांक 18 जनवरी को संस्था के संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा का अव्यक्त स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा, साधना और आत्मिक चेतना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः काल से ही राजयोग द्वारा योग तपस्या एवं सामूहिक शांति साधना के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने भाग लिया और विश्व में शांति, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का संकल्प किया। इस अवसर पर सीधी जिले में स्थित सेवा केंद्रों की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके रेखा दीदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि ब्रह्मा बाबा ने अपने अव्यक्त जीवन द्वारा संसार को यह संदेश दिया कि सच्ची विश्व शांति आत्मिक शांति से ही संभव है। जब आत्मा परमात्मा से जुड़ती है, तब विचार, वाणी और कर्म स्वतः शुद्ध हो जाते हैं। आज विश्व को इसी राजयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि ब्रह्मा बाबा के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को दिव्य एवं समाज को शांतिमय बनाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी भाई-बहनों ने ब्रह्मा बाबा के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर यूपीएस गहरवार, रमापति तिवारी, जवाहर लाल गुप्ता, समाजसेवी मंजू सिंह सहित अनेक ब्रह्माकुमारी भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति, एकता एवं आध्यात्मिक मूल्यों के जागरण के संकल्प के साथ किया गया।

# कोहनी के नीचे से कटे हाथ के हितग्राहियों को लगेगा निःशुल्क कृत्रिम हाथ




**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश शासन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एवं इनाली फाउंडेशन के आपसी समन्वय से कोहनी के नीचे से हाथ कटे दिव्यांग हितग्राहियों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक कृत्रिम हाथ प्रदान किए जाएंगे। इस उद्देश्य से इनाली फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से दिनांक 20 जनवरी 2026 को कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया रीवा में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। जिला सीधी के ऐसे हितग्राही जिनका हाथ जन्मजात अथवा किसी दुर्घटना में कट गया है और जो सामान्य दैनिक कार्य करने में असमर्थ हैं, वे इस शिविर में लाभ ले सकते हैं। शिविर में 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक प्रोस्थेटिक हाथ लगाए जाएंगे, जिससे वे लैपटॉप चलाने, बाइक चलाने, सामान पकड़ने व उठाने जैसे कार्य सहज रूप से कर सकेंगे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी डॉ. बबीता खरे ने आमजन से अपील की है कि 15 वर्ष से अधिक आयु के वे सभी पात्र हितग्राही जिनका कोहनी के नीचे से हाथ कटा है, वे अपने आधार कार्ड सहित 20 जनवरी को जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। शिविर में पंजीयन का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। निःशुल्क पंजीयन हेतु हितग्राही या उनके परिजन व्हाट्सएप के माध्यम से पुष्पेंद्र शुक्ल, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक, आरबीएसके सीधी से संपर्क कर सकते हैं। सभी चिन्हित हितग्राहियों को प्रातः 8 बजे डीईआईसी, जिला चिकित्सालय सीधी से रीवा ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

### शक्ति चेतना शिविर को लेकर चल रहा प्रचार-प्रसार

**जागरण, सीधी।** पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में 22 एवं 23 जनवरी 2026 को 133वां द्वि दिवसीय शक्ति चेतना जनजागरण योग साधना शिविर एवं सिद्धाश्रम स्थापना दिवस पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में जनजागरण एवं प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है।

# भूमि एसोसियेट्स दिल्ली का सीधी चैलेंज कप सीजन 9 में कब्जा

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ फाइनल मुकाबला

### समय प्रेस भदोही उत्तर प्रदेश की टीम रही उप विजेता




जागरण, सीधी

मध्यप्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज हुए फाइनल के रोमांचक महामुकाबले में फ्रेंचाइजी रहीश सिंह की टीम भूमि एसोसियेट्स दिल्ली विजेता बन ट्रॉफी में अपना कब्जा जमाया। खेल में दमदार प्रदर्शन के साथ फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी की टीम समय प्रेस भदोही यूपी उपविजेता रही। आज फाइनल मैच के समापन में सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंहए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केके तिवारी प्रायोजक कुंवर एण्ड ब्रदर्स राकेश सिंह बाघेल, फ्रेंचाइजी अपर्णा त्रिपाठी, विनय सिंह परिहार, हरपाल सिंह, इंजी. आरबी सिंह, नीरज शर्मा, रहीश सिंह, केडी सिंह, अनिल सिंह, सहयोगी पार्टनर राजेश सिंह, हिमांशु सिंह, सुनील भूर्तिया, विक्रम सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, धर्मेन्द्र राय, डॉ. नीलू सिंह, अवनीन्द्र सिंह, नीरज सिंह, डॉ. अजय मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुआ। कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का फाइनल मुकाबला आज छत्रसाल स्टेडियम में भूमि एसोसिएट दिल्ली एवं समय प्रेस भदोही उत्तरप्रदेश के बीच खेला गया। टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर मे 5 विकेट के नुकशान पर 331 रनो का विशाल लक्ष्य उत्तरप्रदेश के सामने रहा जिसमे आज के मैन ऑफ द मैच रहे बग्गा शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 83 गेंदों मे पांच छक्के 14 चौक के मदद से शानदार 127 रन की परी खेली। जवाबी पारी में उत्तर प्रदेश लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 192 में पूरी टीम सीमिट गई और सीधी चैलेंज कप सीजन 9 की विजेता की ट्रॉफी दिल्ली ले गई। टूर्नामेंट के समापन आयोजन में प्रतिवेदन सचिव जीडी भट्ट तथा आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा एवं सफल संचालन सौरभ सिंह ने किया। टूर्नामेंट के प्रायोजक एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. अनुप मिश्रा एवं अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता और खिड़कियों को ट्राफी तथा मेडल दिया गया। फ्रेंचाइजी और सहयोगी पार्टनर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले में क्रिकेट टूर्नामेंट के वृहद आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्र, सचिव गुरूदत्त भट्ट, उपाध्यक्ष अजीत सिंह लल्ला, विधि सलाहकार एडवोकेट आरबी सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह, सहसचिव अमित सिंह मुन्ना, आईटी सेल ध्रुवसेन सिंह, सलाहकार भूपेन्द्र तिवारी, सहायक सदस्य अभिमन्यु सिंह मिंटू, प्रमोद द्विवेदी, दिग्विजय सिंह बम्फोर्ट, मीडिया प्रभारी सुनील पाण्डेय, राजकुमार सिंह, संतोष सिंह बाघेल, प्रदीप मिश्रा, मण्डलीक मिश्रा, पुष्पराज सिंह भोलू, अटल सिंह, मकराध्वज सिंह, विकास मिश्रा बिक्कू, राजीव शर्मा, नीरज कुंदेर, साजिद सहित समिति के समस्त कार्यकर्ताओं का रहा।

### उप मुख्यमंत्री ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला



क्या जीत में, क्या हार में, किंचित नहीं भयभीत मैं, पथ पर जो मिलाकृये भी सही, वो भी सही, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के इन शब्दों के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित सीधी चौलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 9 के भव्य समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि साहस, अनुशासन और टीम भावना को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने फाइनल मुकाबले में सहभागिता कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन को सकारात्मक दिशा देते हैं तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और आपसी समन्वय को सुदृढ़ करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीत और हार सिक्के के दो पहलू है। जीत पर अहंकार नहीं होना चाहिए और हार पर निराशा नहीं। खिलाड़ी यदि पूरी निष्ठा, समर्पण और खेल भावना के साथ खेलें, तो परिणाम से परे उनका प्रदर्शन ही उनकी सच्ची जीत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता है।

### कौशल मैन ऑफ द टूर्नामेंट बग्गा बने मैन ऑफ द मैच

फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच दिल्ली के बग्गा मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रताप मार्बल राजेश सिंह द्वारा दिया गया। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार पूर्व नपा उपाध्यक्ष विक्रम सिंह द्वारा दिल्ली के कौशल शुमान को दिया गया।




बर्फ के बीच हाड़ कंपाती ठंड, मूसलाधार बारिश, आए दिन हो रहे भूस्खलन, पहाड़ से गिरते पत्थरों के बीच न डायनामाइट, न जेसीबी, न कोई ड्रिल मशीन..बस छैनी- हथौड़ी और इंसानी हौंसला। मौत के साए में दिन रात बिना रुके काम करते हुए 18 हजार मज़दूरों ने मौसम की बेदर्दी और पहाड़ की कठोरता पर जीत हासिल कर दिखाई और बना दी देश की सबसे रोमांचक और खतरनाक सड़क। इसी सड़क पर हमें एनाकोंडा के चट्टानी रूप से भी रूबरू होने का मौका मिलता है।

### इतिहास, साहस और रोमांच की जीवित धरोहर

# हिंदुस्तान-तिब्बत रोड

● संजीव शर्मा ●

हम बात कर रहे हैं राष्ट्रीय राजमार्ग-5 की। यह केवल एक सड़क भर नहीं, बल्कि इतिहास, साहस और रोमांच की जीवित धरोहर है। यह इंसानी जिद का प्रमाण है। जिसमें महज हाथों ने असंभव को संभव बनाते हुए न केवल मजबूत पहाड़ों को काट डाला बल्कि झुकने पर भी मजबूर कर दिया। कभी हिंदुस्तान-तिब्बत रोड कहलाने वाली यह सड़क कालका से शुरू होकर शिमला, रामपुर, किन्नौर और शिपकिला दर्रे तक जाती है। लगभग 450 किलोमीटर लंबी यह पहाड़ी राह सतलुज नदी के साथ-साथ चलती हुई हिमालय के सबसे दुर्गम और सुंदर इलाकों से गुजरती है। आर्थिक एवं रणनीतिक महत्व के कारण यह सड़क देश की किसी भी आधुनिक सड़क से पीछे नहीं है। अब जब भी आप इस सड़क से गुजरे तो हजारों श्रमिकों के परिश्रम और अनुकरणीय इंजीनियरिंग को याद करना नहीं भूलें। हिंदुस्तान-तिब्बत रोड पर चलना सिर्फ ड्राइव नहीं है—यह हिमालय से आमने-सामने संवाद है। अगर आप रोमांच चाहते हैं, डर से दोस्ती करना चाहते हैं और इतिहास को महसूस करना चाहते हैं तो इस सड़क पर एक बार ज़रूर चलिए। यह एक ऐसी सड़क है, जो हमें प्रकृति की विराटता, मानव साहस और इतिहास की गहराइयों से जोड़ देती है। सड़क कभी इतनी संकरी हो जाती कि लगता—अब आगे कुछ नहीं है। एक के बाद एक खतरनाक अंधे मोड़, सीधी खड़ी चट्टानों, सैकड़ों फीट नीचे पूरे वेग से बहती सतलुज नदी और सामने से एकाएक आ जाने वाले वाहनों के कारण हाथ अनायास ही स्टीयरिंग पर कस जाते हैं और सांसें खुद-ब-खुद धीमी हो जाती हैं।

**बाबा भलकू का योगदान :** इस सड़क के निर्माण में एक स्थानीय व्यक्ति बाबा भलकू का भी अतुलनीय योगदान बताया जाता है। बाबा भलकू को पहाड़ों की बनावट और भूगोल ज्ञान का गहरा अनुभव था। उन्होंने हिंदुस्तान-तिब्बत रोड के सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह है कि मशोबरा के ऊपर एक सड़क का नाम भी उनके सम्मान में भलकू रोड रखा गया है।

**भारत चीन युद्ध में हुआ उपयोग :** इस सड़क की असली उपयोगिता 1962 में भारत चीन युद्ध के दौरान साबित हुई। बताया जाता है कि उस समय भारतीय सेना के पास सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता था और गोला बारूद से लेकर जवानों एवं राशन भेजने के लिए भी इसी रास्ते का इस्तेमाल हुआ। इस सड़क की मजबूती का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि सन 2000 में किन्नौर में सतलुज नदी में आई भयंकर बाढ़ के दौरान तमाम सड़कें टूट गई लेकिन यह सड़क राहत का जरिया बनी रही।

## लॉर्ड डलहौजी ने बनाई योजना

हिमाचल प्रदेश की इस अनूठी सड़क की कहानी शुरू होती है 1850 में जब भारत पर अपने शासन प्रशासन की पकड़ मजबूत करने के बाद अंग्रेज सरकार ने व्यापार व्यवसाय पर अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू किया। तब तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने भारत को तिब्बत से जोड़ने के लिए इस महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना को हाथ में लिया। ब्रिटिश हुकूमत का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय वस्तुओं को तिब्बत के रास्ते आगे तक बेचना और वहां से जरूरी सामान की भारत तक आवाजाही सुनिश्चित करना था। कहा तो यह जाता है कि खुद लॉर्ड डलहौजी ने इस भारत तिब्बत सड़क की शुरुआती रूपरेखा (डीपीआर) तैयार की और फिर इस सड़क का ब्लूप्रिंट ब्रिटिश आर्मी के कमांडर इन चीफ सर चार्ल्स नेपियर को सौंपा। इसमें मेजर ब्रिग्स की भी अहम भूमिका थी।

## एनाकोंडा के सिर के समान पहाड़

वैसे तो यह पूरी सड़क अपने आप में मानवीय कुशलता, इंजीनियरिंग और श्रम का उत्कृष्ट नमूना है लेकिन इसमें भी सबसे खास है तरंडा ढांक क्योंकि किन्नौर जिले के इस इलाके में करीब ढाई किलोमीटर पहाड़ को बीच से काटकर सड़क बनाई गई है और पहाड़ का यह टुकड़ा विशाल एनाकोंडा के सिर की तरह नज़र आता है। यहां पहाड़ ही सड़क है और पहाड़ ही आपकी छत। इसके बीच से निकलती गाड़ियां ऐसी लगती हैं जैसे पहाड़ ने अपना जबड़ा खोलकर उन्हें रास्ता दिया हो। सड़क के इस अविश्वसनीय भाग के निर्माण का श्रेय एक भारतीय इंजीनियर राजबहादुर सिंह को दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में कार्यरत राजबहादुर सिंह ने हिमाचल के कई दुर्गम क्षेत्रों में सड़कों का जाल फैलाया।

## पहाड़ सा मुश्किल था लक्ष्य

इस परियोजना पर अमल आसान नहीं था क्योंकि 1850 में जब इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ था तब न तो आज की तरह पहाड़ों का सीना चीर देने वाली मशीन थीं और न ही ब्लास्टिंग तकनीक। तब केवल हाथों में छैनी और हथौड़ी लिए आत्मविश्वास से भरपूर इंसान थे। अंग्रेजों ने सड़क निर्माण में 18 हजार भारतीय मजदूरों को अनजान से पहाड़ के सामने खड़ा कर दिया। जान की परवाह किए बिना इन मजदूरों ने अपने हाथों से विशाल पहाड़ काट दिया। उन्होंने न तो कड़कड़ाती ठंड की परवाह की, न बर्फबारी उनका हाथ रोक पाई और न ही भूस्खलन और मूसलाधार बारिश से उनके हौसलों पर कोई फर्क पड़ा। इस दुर्गम लक्ष्य को हासिल करने के दौरान कई श्रमिकों को अपना बलिदान देना पड़ा। कभी पहाड़ से गिरते भारी भरकम पत्थरों के नीचे दबकर, तो कभी प्राकृतिक आपदाओं का शिकार बनकर 122 मजदूरों को जान गंवानी पड़ी। इनकी स्मृति में जेओरी में एक गुमनाम सा स्मारक भी है।

## तिब्बत के साथ व्यापार का जरिया

सड़क को बनने में भले ही कई साल में लग गए लेकिन तब से अब तक यह सड़क हिमाचल को सालाना लाखों करोड़ों रुपए का व्यापार देती आ रही है। हम इसे हिमाचल की आर्थिक जीवन रेखा या इकोनॉमिक लाइफलाइन ऑफ हिमाचल भी कह सकते हैं। दरअसल, उस समय ब्रिटिश हुकूमत का मकसद तिब्बत तक अपने व्यापार और प्रभाव को बढ़ाना था। तिब्बत के व्यापारी उस समय रेशम, ऊन, नक्काशीदार वस्तुएं, चमड़े का सामान, नमक और बेशकीमती मखमल लाते थे जबकि भारत के व्यापारी चावल, तेल, फल, सूखे मेवे और किन्नौरी राजमा सहित तमाम चीजें वहां भेजते थे । शिमला जिले के रामपुर में अभी भी लगने वाला पारंपरिक लवी मेला इस व्यापार का गढ़ होता था। इसी वजह से तब इसे लोगों ने सिल्क रुट ऑफ़ द हिमालय कहना भी शुरू कर दिया था। यह सड़क अब किन्नौर के सबसे मीठे, क्रिस्पी और लज़ीज़ सेब और मटर का मीठा स्वाद देश के अन्य इलाकों तक पहुंचाने का माध्यम है। यह हमें देश के सबसे अच्छे राजमा और चिलगोजा उपलब्ध कराती है।



## न ताज, न सिंहासन... इथियोपिया का गुलाम बना दक्कन का बादशाह

# मलिक अंबर



पिछले दिनों इथियोपिया के दौरे पर पीएम मोदी को वहां के सर्वोच्च अवॉर्ड 'ग्रेट ऑनर निशान' से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने मलिक अंबर की कहानी सुनाई। कौन था अफ्रीका में जन्मा वह शख्स, जिसे गुलाम बनाकर बेचा गया। लेकिन भारत की धरती पर उसने अपनी अक्ल, रणनीति और हौसले से ऐसा इतिहास रचा कि मुगल सम्राट तक उससे खौफ खाने लगे।

भारत और इथियोपिया के संबंध लगभग 2,000 साल पुराने हैं। भारत-इथियोपिया के सदियों पुराने इस रिश्ते में मलिक अंबर की अविश्वसनीय कहानी छिपी है। बिना ताज पहने, बिना बादशाह बने, वह दक्कन की सत्ता का असली सूत्रधार बन गया। जिसकी गुरिल्ला युद्ध नीति ने मुगलों को वर्षों तक रोके रखा और मराठा शक्ति की नींव रखी।

**कौन थे मलिक अंबर ? :** मलिक अंबर का जन्म 1548 के आसपास इथियोपिया, जो उस समय अबीसीनिया हुआ करता था, में हुआ था। वह ओरोमो या अब विलुप्त माया जनजाति से जुड़े समूह से थे। क्षेत्रीय संघर्ष में अरब व्यापारियों ने मलिक को 20 डुकट में यमन के व्यापारियों को बेच दिया। यमन से उन्हें बदगाग लाया गया और उन्हें जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया। उनके मालिक मीर कासिम अल बगदादी ने उनका नाम अंबर रखा।

**दक्कन में मलिक की एंट्री :** 1560 के दशक के अंत या 1570 के दशक की शुरुआत में, उन्हें भारत में गुलाम बनाए गए एक पूर्व हब्शी चंगेज खान ने खरीदा था। कई हाथों से बिकने के बाद वे दक्कन पहुंचे, जहां उनकी बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता पहली बार सामने आई। कई रिसर्चों से पता चलता है कि चंगेज खान अहमदनगर में निजाम शाही के रीजेंट मंत्री थे। इस अवधि के दौरान, अंबर ने निजाम के दरबार में बढ़ती जिम्मेदारियां संभालीं, जहां उन्होंने कूटनीति और सैन्य रणनीति और संगठन के बारे में देखा और सीखा। उन्होंने बीजापुर सल्तनत के साथ अपना सैन्य करियर शुरू किया। उनसी वीरता के लिए 'मलिक' उपाधि दी गई। लगभग 1575 में चंगेज खान की मृत्यु के बाद अंबर को मुक्त कर दिया गया।

**बनाई खुद की सेना :** मलिक अंबर को जिस समय आजादी मिली थी, उस समय दक्कन में केवल चार प्रमुख सल्तनत ही हुआ करती थी। मलिक ने करीब 150 गुलामों की एक फौज तैयार की और पैसे लेकर युद्ध लड़ता था। अहमदनगर सल्तनत के पतन के दौर में मलिक अंबर ने सत्ता संभाली। वे पेशवा/वजीर बने और नाबालिग निजामशाह के नाम पर शासन चलाया। हो सकता था। अकबर और जहांगीर के समय में मलिक की मुगलों से कई लड़ाईयों हुईं। अंबर ने गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाई। मलिक ने छत्रपति शिवाजी के दादा मल्लोजी भोसले और उनके पिता, शाहजी भोसले जैसे मराठा सरदारों के साथ गठबंधन किया। उन्होंने दिल्ली के आक्रमणकारियों के खिलाफ साझा अभियान चलाए और मुगलों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

1626 में मलिक अंबर का निधन हुआ। लेकिन उनकी रणनीति, मराठा-मुगल संघर्ष की दिशा और दक्कन की राजनीति पर उनकी छाप अमिट रही।



### लग्जरी ब्रांड किरिकिन ने भारत में लॉन्च किया इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन फैशन

# किरिकिन फैशन शो

**अपनी धरती और कला की संस्कृति को एक पहचान के रूप में स्थापित करने की कड़ी में लग्जरी ब्रांड किरिकिन भारत में इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन फैशन लाया है। किरिकिन कई देशों में अपने कलेक्शन का जलवा दिखा चुका है और एक मजबूत इंटरनेशनल पहचान बन रहा है।**

● शुभांगी शाह ●

नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियन हाई कमीशन में किरिकिन के भारत में डेब्यू के मौके पर एक खास शाम आयोजित की गई, जिसमें किरकिन से परिचय कराया गया। यह एक इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन लग्जरी फैशन लेबल है जिसे ऑस्ट्रेलिया में डिजाइन किया गया है और भारत में बनाया गया है। ऑस्ट्रेलियन हाई कमीशन, सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस और फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के बीच एक पार्टनरशिप में, इस इवेंट ने क्रॉस-कल्चरल एक्सचेंज का जश्न मनाया, क्योंकि इसने फैशन के जरिए फर्स्ट नेशंस ऑस्ट्रेलियन्स (ऑस्ट्रेलिया के इंडिजिनस लोगों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द) की कहानी को भारत तक पहुँचाया। फर्स्ट नेशंस ऑस्ट्रेलियन्स के जमीन, पानी और नेचर के साथ गहरे जुड़ाव की झलक कलेक्शन के मिट्टी जैसे हरे, समुद्री नीले और धूप से जगमगाते नारंगी रंगों में नजर आती है। सोशल एंटरप्रेन्योर और वोनारुआ की महिला अमांडा हीली द्वारा शुरू किया गया यह ब्रांड, हाथ से पेंट किए गए फर्स्ट नेशंस आर्टवर्क को शानदार लग्जरी रिसॉर्टवियर और एक्सेसरीज में बदलता है।

## एक जैसा इतिहास

भारत में डेब्यू और देश को एक फैशन मार्केट के तौर पर देखते हुए, हीली ने द वीक को बताया, रंग, पैटर्न और डिजाइन के लिए हमारा प्यार एक जैसा है, जो हमें नैचुरल पार्टनर बनाता है। हम यहां सॉफ्ट फैब्रिक के लिए भी प्यार देखते हैं। सबसे बढ़कर, कॉलोनियल असर के मामले में हमारी विरासत एक जैसी है। हमारा इतिहास आपके इतिहास जैसा है।

ब्रांड लगभग सब कुछ भारत में बनाता है। फाउंडर-डायरेक्टर कहते हैं, हम कभी-कभी ऑस्ट्रेलिया में थोड़ा बहुत काम करते हैं, लेकिन आम तौर पर सब कुछ यहीं बनता है। भले ही डिजाइन्स हम ऑस्ट्रेलिया में बनाते हों, लेकिन हम यहीं के फैब्रिक इस्तेमाल करते हैं। मैंने आपके फैब्रिक की शानदार क्वालिटी की वजह से भारत को अपना बड़ा सप्लायर चुना। वह कहती हैं, हमें यूरोप से बहुत सपोर्ट मिलता है, शायद इसलिए क्योंकि वहां कॉलोनाइजेशन के लंबे समय तक चलने वाले असर को गहराई से पहचाना जाता है।

और यह सही भी है, क्योंकि फैशन में सस्टेनेबिलिटी को लेकर बातचीत बढ़ रही है। एक ऐसी इंडस्ट्री जिसकी अक्सर अपने प्रदूषण और कचरे के लिए बुराई की जाती है। हालांकि, दुनिया भर के आदिवासी समुदायों ने लंबे समय से दिखाया है कि प्रकृति के साथ बैलेंस में कैसे रहना है। हीली ने बताया, हम अभी भी इस ग्रह पर बहुत अनोखे हैं और समझते हैं कि इसके साथ तालमेल में कैसे रहना है।




## किरिकिन यानी रविवार के सबसे अच्छे कपड़े

'किरिकिन शब्द', जिसका मतलब है रविवार के सबसे अच्छे कपड़े, वोनारुआ लोगों के लिए खास मतलब रखता है। यह शब्द 1820 के दशक में ऑस्ट्रेलिया में मिशनरियों द्वारा रिकॉर्ड की गई ओरिजिनल भाषा से जुड़ा है और यह वोनारुआ लोगों की भाषा को फिर से जिंदा करने के लेबल के कमिटमेंट का सिंबल बन गया है।

## फोकस

# रूस, चीन के हौसले बुलंद करेगा ट्रंप का रवैया

इक्कीसवीं सदी में ट्रंप प्रशासन बढ़ते चीनी और रूसी प्रभाव को रोकना चाहता है। पूरे पश्चिमी गोलार्ध को, जो उत्तर में कनाडा और ग्रीनलैंड से लेकर मध्य में कैरेबियन सागर और सुदूर दक्षिण में अर्जेंटीना तक फैला है, ट्रंप प्रशासन अपने लिए आसान मानता है, लेकिन वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई से पुतिन और जिनपिंग का हौसला ही बढ़ेगा। यदि सबसे शक्तिशाली देश 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की नीति अपनाता है, तो क्षेत्रीय क्षत्रपों को ऐसा करने से भला कौन रोक सकता है?

● राजन कुमार ●

अमेरिकी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए ट्रंप प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ कर अमेरिका लाने और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इसने वैश्विक नेताओं के बीच भय, पीड़ा और बेबसी की भावना पैदा कर दी है। नैतिकता की सभी सीमाओं को पार करते हुए ट्रंप ने घोषणा की कि वेनेजुएला में भारी मात्रा में तेल और दुर्लभ खनिज मौजूद हैं, और वह उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अमेरिकी कंपनियों को भेजेंगे। यदि ट्रंप को नहीं रोका गया, तो वेनेजुएला उनकी साम्राज्यवादी योजनाओं का पहला कदम साबित हो सकता है। ट्रंप ने बार-बार डेनमार्क से ग्रीनलैंड छीनने की इच्छा जाहिर की है। उनकी टीम ने, जिसमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ शामिल हैं, बार-बार कहा है कि मादुरो की गिरफ्तारी से क्यूबा में सत्ता का पतन आसान हो जायेगा। क्यूबा, मेक्सिको और कोलंबिया भी जबरदस्ती की कार्रवाई के अगले शिकार हो सकते हैं। ट्रंप के पास गाजा के लिए भी योजनाएं हैं। ये खतरे वास्तविक हैं और इन्हें 'पागल के सपने' कहकर खारिज करना घातक साबित हो सकता है। ट्रंप एक साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वाले व्यक्ति हैं। वह रूढ़िवादी विचारधारा वाले 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' आंदोलन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अमेरिका के वैश्विक प्रभाव में तेजी से हो रही गिरावट से नाराज है और उसके पुराने गौरव को पुनः स्थापित करना चाहता है। ट्रंप के लिए कानून, नियम और नैतिकता कोई मायने नहीं रखते। आखिरकार, ट्रंप की रणनीति क्या है और वह क्या हासिल करना चाहते हैं? ट्रंप का मानना है कि अमेरिका का वाणिज्यिक और भू-राजनीतिक प्रभाव तेजी से घट रहा है। उनके मुताबिक, उदार व्यापार व्यवस्था से चीन को फायदा हुआ है और अमेरिका खोखला हो गया है।



## 19वीं सदी से प्रभावित

ट्रंप 19वीं सदी के अमेरिका से प्रभावित प्रतीत होते हैं। मादुरो की गिरफ्तारी के तुरंत बाद मार-ए-लागो में दिये गये भाषण में उन्होंने अपनी नीति को 1823 के मोनरो सिद्धांत के पुनरुद्धार के रूप में प्रस्तुत किया। उस सिद्धांत का उद्देश्य लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में यूरोपीय हस्तक्षेप को रोककर पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी वर्चस्व स्थापित करना था। इक्कीसवीं सदी में ट्रंप प्रशासन यूरोपीय प्रभाव को नहीं, बल्कि बढ़ते चीनी और रूसी प्रभाव को रोकना चाहता है। पूरे पश्चिमी गोलार्ध को, जो उत्तर में कनाडा और ग्रीनलैंड से लेकर मध्य में कैरेबियन सागर और सुदूर दक्षिण में अर्जेंटीना तक फैला है, ट्रंप प्रशासन अपने लिए आसान मानता है।

## ट्रंप अपनी महत्वाकांक्षाओं में सफल होंगे?

हमारे सामने इस विषय से संबंधित तीन महत्वपूर्ण प्रश्न हैं - क्या ट्रंप अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं में सफल होंगे? चीन इस तरह के हथकंडों पर क्या प्रतिक्रिया देगा? और भारत के लिए क्या जटिलताएं होंगी? वाशिंगटन ने भले ही मादुरो को सत्ता से बेदखल कर दिया हो, पर वेनेजुएला पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना अब भी एक दूर का सपना है। ट्रंप की एकमात्र रुचि वेनेजुएला के संसाधनों पर कब्जे की है, न कि राजनीतिक स्थिरता या लोकतंत्र की स्थापना में। ट्रंप की यह योजना पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता को बढ़ावा दे सकती है। ब्राजील को छोड़कर लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के अधिकांश देश छोटे हैं और अमेरिकी शक्ति के सामने कमजोर हैं। पर अतीत में अमेरिका द्वारा कई सरकारों को गिराने के प्रयासों के कारण इस क्षेत्र में अमेरिका विरोधी भावना बहुत प्रबल है। ट्रंप का वेनेजुएला अभियान पनामा में चलाये गये एक अभियान के समान था, जहां 36 वर्ष पहले मैनुअल नोरीगा को अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उससे पहले 1954 में ग्वाटेमाला के निर्वाचित राष्ट्रपति जैकोबो अर्बेंज गुजमैन को अमेरिकी समर्थित स्थानीय लड़ाकों ने सत्ता से हटा दिया था।

## अमेरिकी हस्तक्षेपों का लंबा इतिहास

वर्ष 1961 में राष्ट्रपति कैनेडी ने क्यूबा में फिदेल कास्त्रो को उखाड़ फेंकने के लिए बे ऑफ पिग्स आक्रमण की योजना बनायी थी। हालांकि, वह आक्रमण विफल रहा था। ब्राजील में, अमेरिकी सीआइए ने 1964 में एक सैन्य तख्तापलट का समर्थन किया और 1985 तक अमेरिका समर्थक तानाशाही कायम रही। वर्ष 1973 में अमेरिका ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित चिली के राष्ट्रपति सल्वाडोर अलेंदे को सत्ता से हटा दिया था। उनके उत्तराधिकारी, जनरल ऑगस्टो पिनोशे ने एक दमनकारी दक्षिणपंथी शासन का नेतृत्व किया। संक्षेप में, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में अमेरिकी राजनीतिक व सैन्य हस्तक्षेपों का लंबा इतिहास रहा है, हालांकि इसकी सफलता दर बहुत कम है। ट्रंप के हस्तक्षेप कुछ हद तक इराक, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान और गाजा जैसी स्थितियों के समान हो सकते हैं, जिनसे राजनीतिक व सामाजिक अराजकता पैदा हुई। ट्रंप द्वारा मादुरो को सत्ता से हटाने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन नहीं मिल रहा। इटली और कुछ अन्य कठपुतली देशों को छोड़ किसी बड़े देश ने इसका समर्थन नहीं किया है। यहां तक कि नाटो देश भी ट्रंप के कदम से नाराज और चिंतित हैं। वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई से पुतिन और जिनपिंग का हौसला बढ़ेगा। यदि सबसे शक्तिशाली देश 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की नीति अपनाता है, तो क्षेत्रीय क्षत्रपों को ऐसा करने से कौन रोक सकता है? वास्तव में, दुनिया अति राष्ट्रवाद, क्षेत्रीय विस्तारवाद और गिरोह पूंजीवाद से ग्रस्त एक खतरनाक दौर में प्रवेश कर रही है।

**भारत की क्या हो नीति ? :** इन परिस्थितियों में भारत को किस प्रकार की नीति अपनानी चाहिए? नयी दिल्ली का रवैया बहुत कूटनीतिक और सतर्क है। टैरिफ पर चल रही व्यापार वार्ता को देखते हुए वह ट्रंप प्रशासन को नाराज नहीं करना चाहती। इसलिए, यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की निंदा न करने की तरह भारत अमेरिका की निंदा नहीं करेगा। भारत के लिए वेनेजुएला बहुत दूर का देश है और अमेरिका से टकराव मोल लेना यथोचित नहीं है। हालांकि, उसे यह समझना होगा कि यदि वह संकट के समय वैश्विक दक्षिण के देशों का साथ नहीं देता है, तो वे चीन की ओर रुख करेंगे। यह वैश्विक दक्षिण में नेतृत्व की उसकी महत्वाकांक्षा के लिए अच्छा नहीं है। ट्रंप किसी के हितैषी नहीं हैं और जरूरत पड़ने पर भारत का इस्तेमाल करेंगे, और जब कोई लाभ नहीं होगा, तो दरकिनार कर देंगे।

# मंडला में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन, हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब





**जागरण, मंडला।** जिले में आज सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा परिसर भगवामय वातावरण में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। आयोजन स्थल को भगवा ध्वजों, बैनरों और धार्मिक प्रतीकों से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता पर जोर सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों से जुड़े रहकर समाज निर्माण में भूमिका निभाएं। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में है और ऐसे आयोजन समाज को जागृत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा, संस्कार एवं सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है। **जयकारों से गूंज उठा सम्मेलन स्थल :** सम्मेलन के दौरान जब वक्ताओं ने समाज की एकता और राष्ट्रभक्ति पर बात रखी, तो पूरा पंडाल 'जय श्रीराम', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जो पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेते नजर आए। महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कई महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं और कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुनती रहीं। आयोजकों ने इसे समाज में बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत बताया। **अनुशासित व्यवस्था बनी आयोजन की पहचान :** कार्यक्रम में सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही। प्रवेश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाओं की भी उचित व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कई दिनों से तैयारी की जा रही थी।

### समाजहित में कार्य करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को समाज सेवा, नैतिक जीवन और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सम्मेलन भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

## कान्हा टाइगर रिज़र्व से बाघ को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) के लिए रवाना किया गया



**जागरण, मंडला।** वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत कान्हा टाइगर रिज़र्व से एक नर बाघ को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) के लिए रवाना कर दिया गया है। पेंच टाइगर रिज़र्व के रुखड़ परिक्षेत्र, सिवनी से रेस्क्यू किया गया था। उस समय बाघ शावक की उम्र लगभग 4 से 5 माह थी। इसके पश्चात बाघ को कान्हा टाइगर रिज़र्व के मुक्की स्थित घोरेला रिवाइल्डिंग बाड़ा में पालन-पोषण कर प्राकृतिक शिकार एवं स्वतंत्र विचरण के लिए प्रशिक्षित किया गया। वर्तमान में बाघ की उम्र लगभग 33 से 35 माह है तथा वह पूर्णतः स्वस्थ एवं जंगल में स्वतंत्र जीवन के लिए सक्षम पाया गया है। विशेषज्ञ परामर्श के आधार पर निर्णय लिया गया कि बाघ को ऐसे संरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जाए, जहाँ बाघों का घनत्व कम हो और पर्याप्त आवास उपलब्ध हो। इस बाघ को वन्यप्राणी चिकित्सकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा निश्चेत कर उसके शरीर के आवश्यक जैविक मापदंडों को विधिवत रूप से अभिलेखित किया गया। तत्पश्चात वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11(1)(ए) के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर, विशेषज्ञों की सतत निगरानी में तथा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुरूप बाघ को सेटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाकर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में सुरक्षित स्थानांतरण किया गया। इस टाइगर रिज़र्व में बाघ के दीर्घकालीन संरक्षण के लिए प्राकृतिक एवं अनुकूल आवास उपलब्ध है, जिससे वह स्वाभाविक रूप से स्वतंत्र विचरण कर सके।

## लापता बुजुर्ग महिला का शव बोरी में मिला: हाथ-पैर बंधे मिले, हत्या की आशंका, 6 जनवरी से लापता थी

**जागरण, मंडला।** मंडला के महाराजपुर थाना क्षेत्र के बंजारा टोला में रविवार को एक वृद्ध महिला का शव बोरी में बंद मिला। शव पानी से भरे गड्ढे में डंडे से बंधा हुआ था। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर हत्या की आशंका जताई है।

### 6 जनवरी से लापता थी महिला

मृतका की पहचान लगभग हरोती बाई (60) पति किशन उइके के रूप में हुई है। वह नैनपुर थाना क्षेत्र के खोहरी गांव की निवासी थीं और 6 जनवरी से लापता थीं। परिजनों ने नैनपुर थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नैनपुर एसडीओपी मनीष राज ने बताया कि शव बंजारा टोला में एक क्रेशर के पीछे पानी से भरे गड्ढे में मिला। मृतका के बेटे ने शव की पहचान की। महिला का सिर बोरी से बंधा था और हाथ-पैर डंडे से बंधे हुए थे, जिससे यह प्राथमिक तौर पर हत्या का मामला प्रतीत होता है।

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

सूचना मिलने पर नैनपुर और महाराजपुर पुलिस की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला गंभीर है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और महिला के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की पूरी कड़ी को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस की नियुक्ति सूची पर सवाल, बीजेपी जॉइन कर चुकी नेत्री को मिला प्रदेश महासचिव का पद



**डिंडोरी।** प्रदेश कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इन दिनों विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं समितियों में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 17 जनवरी को महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की नवगठित प्रदेश प्रबंध समिति की सूची जारी की गई, जिसमें डिंडोरी जिले की एक कांग्रेस नेत्री को प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।लेकिन यह नियुक्ति सामने आते ही राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संबंधित नेत्री विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस से किनारा कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुकी हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठन द्वारा उन्हें प्रदेश स्तर की अहम जिम्मेदारी सौंपे जाने पर सवाल खड़े होने लगे हैं।नियुक्ति पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के लिए लगातार संघर्ष करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर ऐसे चेहरों को पद देना संगठनात्मक अनुशासन और निष्ठा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं कांग्रेस संगठन के भीतर इस पूरे मामले को लेकर मंथन जारी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि समय रहते ऐसे विवादों का समाधान नहीं किया गया तो आगामी समय में इसका असर पार्टी की एकजुटता और चुनावी रणनीति पर भी पड़ सकता है।

## मंडला पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक जागरुकता अभियान आयोजित



**जागरण, मंडला।** पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में मंडला जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में यातायात नियमों, हेलमेट उपयोग, नशा मुक्ति, साइबर अपराध एवं महिला अपराधों की रोकथाम को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम लपती (थाना बिछिया क्षेत्र) में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान उपनिरीक्षक प्रवीण मालवीय एवं स्टाफ द्वारा खिलाड़ियों को दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई। ग्राम सुनहेरा (चौकी पिंडरई क्षेत्र) महावीर चौक रंगमंच में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशा मुक्ति, साइबर ठगी से बचाव, यातायात नियमों के पालन एवं महिला अपराधों के प्रति जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास, कटरा थाना कोतवाली द्वारा यहाँ छात्र-छात्राओं को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार के संबंध में जानकारी दी गई। नैनपुर के ग्राम पंचायत निवारी में हेलमेट एवं नशा विरोधी अभियान तथा लोकल फॉर वोकल विषय पर आयोजित कार्यशाला में ग्रामीणों को जागरूक किया गया एवं सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम चाबी एवं ग्राम खैरी माल (चौकी चाबी, थाना मोहगांव) के ग्रामवासियों को यातायात नियमों का पालन, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, साइबर फ्रॉड से बचाव, सभी प्रकार के नशे से मुक्त रहने के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

## डिंडौरी में टाइगर की दहशत, नेशनल हाईवे किनारे खेतों में मिले पगमार्क, ग्रामीण सहमे



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में जबलपुरङ्कअमरकंटक नेशनल हाईवे के किनारे खेतों में टाइगर के पगमार्क मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। खेतों में साफ दिखाई दे रहे पगमार्क इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि जंगली बाघ रिहायशी और यातायात वाले क्षेत्र के बेहद करीब पहुंच चुका है। इससे ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों में भी दहशत का माहौल बन गया है।स्थानीय लोगों के मुताबिक 14 जनवरी को बरगांव कल्याण केंद्र से जबलपुर की ओर जाते समय एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने नेशनल हाईवे के पास टाइगर को सड़क के आसपास घूमते हुए देखा था। इसके बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। वहीं अगले ही दिन बांकी और कंचनपुर गांव में भी ग्रामीणों ने टाइगर के दिखने की जानकारी दी, जिससे चिंता और बढ़ गई।ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में मिले पगमार्क टाइगर के ही प्रतीत हो रहे हैं और आशंका है कि वह अभी भी आसपास ही विचरण कर रहा है। स्थिति यह है कि किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और शाम ढलते ही गांवों में सन्नाटा पसरने लगा है।हालांकि वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में सर्चिंग और निगरानी की जा रही है, लेकिन अब तक टाइगर की मौजूदगी को लेकर कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। इससे ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इलाके में गश्त बढ़ाई जाए, पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए जाएं तथा लोगों को सतर्क रहने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

## अज्ञात हमलावरों ने युवक को मारी गोली

### पुलिस ने मामले को बताया संदिग्ध, घायल का इलाज जारी

**जागरण, बिजावर।** अनुभाग अंतर्गत जटाशंकर मार्ग पर रतुआ गांव के समीप बीती रात अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर गोली चला दी। वारदात उस समय हुई जब युवक बिजावर से अपने गांव वापस जा रहा था। घटना के बाद घायल को बिजावर पहुँचाया गया, जहाँ से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है, हालांकि प्रारंभिक जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम एरोरा निवासी रामेश्वर पुत्र सिद्धा अहिरवार बीती रात करीब 8 बजे के बिजावर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रतुआ के पास पीछे से आए दो बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उसकी पीठ पर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल रामेश्वर का पिछला रिकॉर्ड आपराधिक रहा है और वह पूर्व में कई मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस इस हमले को पुरानी रंजिश या आपसी विवाद से जोड़कर देख रही है, वहीं घटनाक्रम की कड़ियों को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की धरपकड़ हेतु नाकेबंदी कर दी गई है।

## कलश यात्रा के साथ भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना का कार्यक्रम संपन्न



**लवकुशनगर।** नगर में आगामी 1 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का शंखनाद विशाल शोभायात्रा, भूमि पूजन एवं ध्वजारोपण के साथ संपन्न हुआ। विराट हिंदू सम्मेलन के भूमि पूजन को विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर नगर की शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड में हिंदू सम्मेलन के नगर सह संयोजक नीरज द्विवेदी के द्वारा सपत्नीक एवं विशाल हिंदू समाज के समक्ष भूमि पूजन, अक्षत कलश पूजन एवं ध्वज स्थापना का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कलश यात्रा का शुभारंभ नगर के पुराना बाजार स्थित बरानिया मंदिर से प्रारंभ होकर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महोबा रोड तक यात्रा पहुंची। कलश यात्रा के संयोजक मनीष शुक्ला के संयोजन में यात्रा संपन्न हुई। यात्रा में ढोल नगाड़ों, डी जे आतिशबाजी के साथ घोड़े, झांकियां तथा ध्वज पताकाओं के साथ सकल हिंदू समाज सम्मिलित रहा। आयोजन स्थल पर पहुंचने के पश्चात वैदिक मंत्रोचार के साथ अक्षत कलश पूजन, भूमि पूजन,ध्वजारोपण एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य, सर्व हिंदू समाज के आदरणीय जन, पूजनीय मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति मय एवं उत्साह पूर्ण रहा आयोजन समिति के नगर संयोजक दीपक खरे जी के द्वारा जानकारी दी गई की पूजित अक्षत कलश के अक्षत नगर के प्रत्येक घर परिवार तक निमंत्रण स्वरूप पहुंचाऐ जाएंगे। इसके माध्यम से नगर की समस्त सम्माननीय नागरिक, पूजनीय मातृशक्ति को 1 फरवरी 2026,रविवार को शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## श्रीराम नाम बैंक स्थापना दिवस पर 51 हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ संकीर्तन

**छतरपुर।** 4 साल पहले शुरू हुए श्री राम नाम बैंक में श्री राम नाम निधि लगातार बढ़ती जा रही है। पूज्य संतों की सन्निधि में शुरू किया गया यह पावन कार्य अनवरत चल रहा है। विगत शाम स्थापना दिवस के अवसर पर रामनाम बैंक में 51 हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बुंदेलखंड के योगी कहे जाने वाले योगी सत्यनाथ का सानिध्य प्राप्त हुआ। हिंदू उत्सव समिति की ओर से स्थानीय चौपाटी में संचालित हो रहे श्री राम नाम बैंक में अब तक 70 करोड़ 30 लाख 50 हजार राम नाम धन जमा हो चुका है। श्री राम नाम लेखन के कार्य में लगे धर्म प्रेमी लगातार यह पुण्य का कार्य कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व बुंदेलखंड के प्रख्यात संत मलूक पीठाधीश पूज्य राजेंद्र दास महाराज, गोरेलाल कुंज के महंत पूज्य किशोर दास महाराज एवं बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पावन उपस्थिति में इस बैंक की शुरुआत हुई थी। बैंक के माध्यम से श्री राम नाम लेखन के लिए निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराई जाती है। बीती शाम मकर संक्रांति के साथ ही शटतिला एकादशी के पावन संयोग के अवसर पर श्री राम नाम बैंक में हनुमान चालीसा एवं श्री राम नाम संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ। योगी सत्यनाथ जी ने उपस्थित लोगों को श्री राम नाम लेखन पुस्तिका भेंट की। समिति की ओर से योगी सत्यनाथ का आत्मीय स्वागत किया गया अंत में आरती और प्रसाद वितरण हुआ इस अवसर पर समिति के सदस्यों के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्पन्न

### बच्चों ने लिया उत्साह पूर्वक भाग, 96 प्रतिशत छात्रों ने की सहभागिता



**जागरण, छतरपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड 2025-26 में छतरपुर जिले के आठों विकासखण्डों में बनाये गये प्रतियोगिता केन्द्रों पर बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा-2 से कक्षा-8वीं तक अध्ययनरत बच्चों के लिये अध्ययन के विषयों में ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रथम चरण में जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सम्पूर्ण जिले में 4749 विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया। जिनमें से प्रथम दिवस 2223 छात्रों में से 2086 छात्र एवं द्वितीय दिवस 2526 छात्रों में से 2450 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुये। जिले में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार समस्त सहायक परियोजना समन्वयकों, उपयंत्रियों एवं डाइट के अकादमिक सदस्यों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर शिक्षकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. नमःशिवाय अरजरिया के मार्गदर्शन में जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर समस्त 74 जनशिक्षा केन्द्रों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिताएँ सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक तीन चरण में आयोजित की गई। जिनमें कक्षा 2-3 एवं 4-5 में हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं पर्यावरण प्रत्येक विषय में प्रति जनशिक्षा केन्द्र 4-4 विद्यार्थी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक प्रत्येक विषय में प्रति जन शिक्षा केंद्र 6-6 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी ए.पी.सी. नीरज खरे ने बताया कि ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन ओ.एम.आर. सीट पर किया गया। जिससे बच्चे प्रारंभिक शिक्षा के समय ही प्रतियोगी परीक्षाओं के तरीके से परिचित हो सके। जिला स्तर पर शामिल होने वाले छात्रों को समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किये गए साथ ही जो बच्चे राज्य स्तर के लिये चयनित होगें, वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। केन्द्रों पर बच्चों को लाने एवं ले जाने के लिये वाहन व्यवस्था एवं बच्चों के साथ प्रतियोगिता में संलग्न शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रतियोगिता केन्द्रों पर भोजन व्यवस्था भी की गई।

## कक्षा 9वीं एंव 11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी को

**छतरपुर।** प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव छतरपुर (म.प्र.) ने छात्रों को सूचित करते हुए बताया कि कक्षा नवमीं एवं कक्षा ग्यारहवीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी 2026 शनिवार को आयोजित की जानी है। इसमें छतरपुर जिला के कक्षा नवमीं के लिए कुल 589 अभ्यर्थी एवं कक्षा ग्यारहवीं के लिए कुल 65 अभ्यर्थियो ने आवेदन किया है। इसके लिए पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, छतरपुर (म.प्र.) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस संबंध में सभी छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया है कि उक्त परीक्षा में उपस्थित होने हेतु एडमिट कार्ड या प्रवेश पत्र जारी हो चुके है। समस्त संबंधित अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की बेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव छतरपुर में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## माइकोराइजा के उपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**रीवा।** कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. अजय पांडे के मार्गदर्शन में रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) कार्यक्रम के अंतर्गत कोठी गांव में कृषि छात्राओं द्वारा माइकोराइजा के वैज्ञानिक उपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ओका मुख्य उद्देश्य मृदा-सूक्ष्मजीव संतुलन को सुदृढ़ कर फसल उत्पादकता बढ़ाना था। ग्रुप लीड़र वैष्णवी एवं छात्रा अलीजा, राधा, मोना, कविता, संध्या, तनिष्का, अंजलि ने किसानों को बताया कि माइकोराइजा सहजीवी कवक के रूप में पौधों की जड़ों के साथ संबंध स्थापित कर फॉस्फोरस, जिंक एवं अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाता है। बीज उपचार के माध्यम से इसके उपयोग से जड़ क्षेत्र (राइजोस्फेयर) का विस्तार होता है, जिससे जल एवं पोषक तत्वों का अवशोषण अधिक प्रभावी बनता है। साथ ही माइकोराइजा द्वारा फसल की जैविक सहनशीलता, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा सूखा तनाव सहन करने की क्षमता में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला गया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों की मात्रा कम कर जैव उर्वरकों को एकीकृत रूप से अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। किसानों ने जानकारी को उपयोगी बताया और इसे अपनाने में रुचि दिखाई।

# कक्षा 11वीं की 23 फरवरी और 9वीं की मुख्य परीक्षाएं 2 मार्च से

**जागरण,रीवा।** कक्षा 9वीं और 11वीं की मुख्य परीक्षाओं का टाइम-टेबल लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने जारी कर दिया है। इसके अनुसार कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 23 फरवरी से तो 9वीं की परीक्षाएं 2 मार्च से आयोजित की जाएंगी। दोनों ही परीक्षाओं का समय दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। डीएस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षाओं के दौरान शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगी। विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट के पूर्व दोपहर 1.20 बजे विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व दोपहर 1.25 बजे प्रश्न पत्र वितरित किए जाएं। 10वीं-12वीं के परिणाम सुधारने कवायद जारी पूरे संभाग में कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों को सुधारने की कवायद जारी है। इसके लिए प्राचार्यों और शिक्षकों को लगातार प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे बच्चों को बिना किसी भय के अच्छे परिणाम लाने में मदद कर सकें।

# कटनी में मनाया गया फिटनेस महोत्सव

## हजारों ने लगाई मैराथन दौड़, कल्चरर प्रोग्राम का उठाया आनंद



**जागरण, कटनी।** स्वस्थ कटनी स्वस्थ देश स्वस्थ नगर के उद्देश्य को लेकर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को रन फॉर कटनी का आयोजन किया गया। शहरवासी अपार उत्साह, उमंग से लबरेज नजर आए। देशभक्ति के तरानों में जमकर झूमे व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम मुख्य आयोजक एडवोकेट मौसूफ बिट्टू द्वारा बताया गया की रन फॉर कटनी को लेकर प्रतिभागियों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह 7 बजे कड़ाके की ठंड होने के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्गों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। रन फॉर कटनी मैराथन दौड़ शुरू होने के पहले वार्मअप सेशन कराया गया जिसमें डीजे फ्रॉलिक्स की धुन पर नेहा मोटवानी, अलोक कचेर, मुस्कान संगतानी, शिखा रावलानी द्वारा लीड कराया गया इनके सॉन्गस की धुन पर हजारों की भीड़ थिरकने लगी। समर्पण भारत बिट्टू सेवा ट्रस्ट के सहयोग से जिला अधिवक्त संघ, जिला एथलेटिक संघ एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन से जबलपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, मनीष गेई, अमित शुक्ला, प्रेम बत्रा, दिव्यांशु मिश्रा, ऋषभ मित्तल, सुमित अग्रवाल, मुकेश मुल्तानी ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर कटनी को रवाना किया। रन फॉर कटनी दौड़ स्टेशन चौराहे से शुरू होकर सुभाष चौक, मिशन चौक, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, तिराहा घंटाघर, गर्ग चौराहा, बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पहुंच कर दौड़ समाप्त हुई। मैराथन दौड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर निगम के सामने डीपीएस स्कूल परिवार द्वारा चांडक चौक में मलिक परिवार द्वारा, घंटाघर के पास यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा, गर्ग चौराहे पर चौहान परिवार द्वारा वॉटर, ड्रिंक एंड फास्टफूड की व्यवस्था की गई। रन फॉर कटनी में जिले के समस्त स्कूलों कोलेजों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कुछ प्रतिभागियों को आयोजन के तहत निःशुल्क टी शर्ट व टोपी भी दी गई। नारी शक्ति सम्मान एवं ग्रुप सम्मान, सोशल मीडिया योद्धाओं का सम्मान किया साथ ही महिलाओं एवं बेटियों का भी सम्मान किया गया जिनमें श्रीमती नीतू लालवानी, श्रीमती अनामिका बाजपेई, श्रीमती जूही सीरवानी, पूर्वी शुक्ला शामिल रहे।

**बच्चों ने दी ग्रुप डांस की प्रस्तुति :** इस अवसर पर बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से समाज में एकता एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिया। गीतांजलि कला परिषद की संचालक सपना नामदेव द्वारा ग्रुप द्वारा शानदार ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। रॉक बैंड लाइव की प्रस्तुति दीपक, अंश, मनीष राज टीम द्वारा की गई रन फॉर कटनी में डीजे फ्रॉलिक्स आकर्षण का केंद्र रहा। रन फॉर कटनी कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी संदेश जैन, शशांक अग्रवाल, चीनी चेलानी, विकास गुप्ता, गोपाल शर्मा, विजय भैरवानी, जितेश विश्वकर्मा, अजय सरावगी, अंकुर दुबे, आलोक कचेर, नेहा मोटवानी, सपना नामदेव, अखिल रंगलानी, हनी ग्रोवर, अजय मिहानी, रितेश बलानी, रवि सचदेवा, सोनू मनवानी, पीयूष जैन, डॉक्टर अखिलेश जैन, अभिषेक अग्रवाल, विशू अग्रवाल, सीमा दुबे, शबनम अख्तर, सौम्या रांधेलिया, नीलम जगवानी, प्रियंका बिट्टू ने सहभागिता की।

# निगम उपायुक्त ने रैन बसेरा एवं फायर ऑफिस का किया औचक निरीक्षण



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी के उपायुक्त श्री गुप्ता शनिवार देर रात्रि शहर के बस स्टैंड में संचालित रैन बसेरा आश्रय स्थल एवं फायर ऑफिस की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरा में ठहरने वाले जरूरतमंद नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को संतोषजनक बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए रैन बसेरा में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा जरूरतमंदों को समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके पश्चात उन्होंने फॉयर ऑफिस का निरीक्षण करते हुए अग्निशमन वाहनों, उपकरणों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए फायर अमले को सदैव सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा नगर निगम की प्राथमिकता है जिसके लिए सभी विभागीय अमले को समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना आवश्यक है।

# जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग 19 से 22 जनवरी तक रहेगा बंद

## बदले रास्ते से होगा आवागमन

**जागरण, कटनी।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग पर होने वाले निर्माण कार्य को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने इस मार्ग को 4 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 19 जनवरी से 22 जनवरी तक इस मार्ग पर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मार्ग पर महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। मार्ग बंद रहने के दौरान नागरिकों की सुविधा के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया है। नागरिक अपने वाहनों को घंटाघर से जुलूस मार्ग की ओर से ले जा सकते हैं, जगन्नाथ चौक की ओर से आने वाले लोग आदर्श कॉलोनी मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुँच सकते हैं। निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उपायुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान होने वाली अस्थायी असुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन को खेद है लेकिन बेहतर बुनियादी ढांचे और सुरक्षा के लिए यह कदम अनिवार्य है। प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित डायवर्सन रूट का ही पालन करें।

# सेवा संकल्प मानवता की मिसाल बनीं : डॉ स्वप्ना वर्मा

**सतना।** सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए सेवा संकल्प में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवीका डॉ स्वप्ना वर्मा ने जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से साड़ी पैंट.शर्ट सहित बच्चों व बच्चियों के वस्त्र भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ स्वप्ना वर्मा ने कहा कि सेवा का कार्य मन को गहरी शांति प्रदान करता है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि यदि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन मिल जाए और जरूरतमंद को तन ढकने के लिए वस्त्र उपलब्ध हो जाएं तो इससे बड़ा पुण्य और क्या हो सकता है। डॉ श्रीमती वर्मा ने यह भी कहा कि समाज के सक्षम वर्ग की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें। ऐसे सेवा कार्य न केवल दूसरों के जीवन में राहत लाते हैंए बल्कि समाज में आपसी प्रेम सद्भाव और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 25 लाख से नाली निर्माण का भूमिपूजन संपन्न



**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा शहर के वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही जल निकासी समस्या के समाधान हेतु लगभग 25 लाख 8 हजार रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर बनने वाली सीसी नाली निर्माण का विधिवत भूमि पूजन शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सीमा अरविंद श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में सीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्यए पार्षदगण अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर विकास कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासियों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला। नागरिकों ने लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताते हुए नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्यगण डॉ.रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, प्रभा गुप्ता, सुमित्रा रावत, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष रजत जैन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती श्रीवास्तव ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा आगे भी आवश्यक विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि यह सीसी नाली गटागट फैक्ट्री रोड, रसगुल्ला गली सहित वार्ड के विभिन्न स्थानों पर बनाई जाएगी जिससे जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

# आचार्य विनोबा भावे वार्ड में 21 लाख से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन संपन्न



**जागरण, कटनी।** नगर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आचार्य विनोबा भावे वार्ड अंतर्गत निमिया मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। लगभग 21 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय पार्षद सुखदेव चौधरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस सीसी रोड का निर्माण निमिया मोहल्ला में भोला निषाद के घर से तिवारी जी के घर तक एवं वार्ड के अन्य विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी। विधिवत भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ महिला श्रीमती सविता खटिक के करकमलों से संपन्न कराया गयाए जो महिला सम्मान का प्रतीक रहा। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्यगण डॉ.रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, मंडल अध्यक्ष रजत जैन, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, समाजसेवी संजू नाकरा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं क्षेत्रीय मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्र की महिलाओं से सीधा जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के प्रति गंभीर है और वार्ड में विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखी जाएगी। महापौर ने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर महापौर एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की महिलाओं द्वारा पूर्व में भी महापौर से मुलाकात कर वार्ड में सड़क न होने के कारण उत्पन्न आवागमन की समस्या से अवगत कराया गया था। महिलाओं ने विशेष रूप से बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों को रखते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की थी। महापौर द्वारा महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गएए जिसके परिणामस्वरूप आज सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ और वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल हुई।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों हेतु निगमायुक्त ने जारी किए आदेश

## विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपकर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

**जागरण, कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी कटनी में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप नगर निगम से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर ने आदेश जारी किए हैं।

निगमायुक्त द्वारा उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि सभी व्यवस्थाएं उनके निर्देशन में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराई जाएं। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेशानुसार प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह एवं अनिल जायसवाल को शहर के सभी परंपरागत ध्वजारोहण स्थलों, प्रमुख चौराहों, जय स्तंभ, मिशन चौक, सुभाष चौक, कचहरी चौक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद स्मारक एवं संग्रहालय भवन के ध्वज स्तंभों की साफ सफाई, मरम्मत, रंगाई पुताई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मुख्य समारोह स्थल पर टेंट, पंडाल, साउंड सिस्टम, माइक, लाइट, कुर्सी, सोफा, मंच सज्जा, जनरेटर, अंडरग्राउंड माइक, स्वागत द्वारए बैरिकेडिंग एवं सांस्कृतिक एवं झांकी कार्यक्रमों हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं करने के दायित्व सौंपे गए हैं। 24 जनवरी को होने वाली अंतिम रिहर्सल एवं निरीक्षण के दौरान विशिष्ट अतिथियों, न्यायिक अधिकारियों, उनके परिजनों, दर्शकों, निर्णायक मंडल, पुरस्कार वितरण दल एवं उद्घोषकों के लिए पृथक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्य अतिथि हेतु बैटरी युक्त माइक, संदेश वाचन स्टैंड एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी शामिल हैं। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं उनकी टीम को सभी ध्वजारोहण स्थलों एवं मुख्य समारोह स्थल पर साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिड़काव, चूने की लाइनिंग, अस्थाई शौचालयों विशेषकर महिलाओं हेतु की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। सहायक यंत्री आदेश जैन एवं विद्युत विभाग की टीम को निगम कार्यालयों एवं समारोह स्थलों पर रोशनी, मंच, साउंड एवं माइक व्यवस्था समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 16 से 26 जनवरी तक पूर्व अभ्यास हेतु पुलिस लाईन ग्राउंड झिंझरी में फायर ब्रिगेड मय स्टाफ उपलब्ध कराने के निर्देश मृदुल श्रीवास्तव को दिए गए हैं। पेयजल व्यवस्था हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं सहयोगियों को अभ्यास, निरीक्षण एवं मुख्य समारोह के दौरान स्वच्छ पेयजल, टैंकर एवं कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात एवं अतिक्रमण व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह को यातायात पुलिस के समन्वय से पार्किंग, अतिक्रमण हटाने एवं प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम की योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकी निर्माण, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र वितरणए कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## आवश्यकता है

अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित एथिकल फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद हेतु रिक्तियां हैं। कार्य क्षेत्र (हेडक्वार्टर) : रीवा, सिंगरौली, कटनी, शहडोल एवं मध्यप्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शहर। योग्यता: स्नातक अभ्यर्थी को प्राथमिकता। 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव वांछनीय। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा (CV) निम्न संपर्क नंबर पर भेजें।

ईमेल:journalist.mr.kuldeep@gmail.com

संपर्क नंबर :- 9753340522

RN-83302 (19/01)



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -

8962086944


# बस स्टैंड में ठेला संचालकों को हॉकर्स जोन में कराया गया स्थानांतरित



**जागरण, कटनी।** मेयर इन काउंसिल बैठक में दिए गए स्पष्ट निर्देशों के परिपालन में शनिवार को नगर निगम कटनी के अतिक्रमण विभाग द्वारा शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम यात्री बस स्टैंड परिसर में व्यापक अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही लंबे समय से बस स्टैंड परिसर में व्याप्त अव्यवस्था, अवैध अतिक्रमण तथा यात्रियों को हो रही निरंतर असुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए की गई। विदित हो कि बस स्टैंड परिसर में प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म तथा प्रवेश निकास मार्गों पर ठेले एवं अस्थायी दुकानें लगने के कारण यात्रियों को बसों तक पहुँचने, प्रतीक्षा करने तथा सामान के साथ आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते न केवल यात्री परेशान हो रहे थे बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। कार्यवाही के दौरान नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा बस स्टैंड प्रतीक्षालय के ऊपर एवं प्लेटफॉर्म क्षेत्र में ठेले लगाकर व्यवसाय कर रहे लगभग 20 ठेला संचालकों को हटाया गया। निगम प्रशासन ने पूरी कार्यवाही के दौरान मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी ठेला संचालकों को पूर्व से निर्मित एवं निर्धारित हॉकर्स जोन में विधिवत रूप से स्थानांतरित कराया। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि अतिक्रमण भी हटे और ठेला संचालकों के रोजगार पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस सुनियोजित एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप बस स्टैंड प्लेटफॉर्म एवं आसपास का क्षेत्र पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त हो गया। अतिक्रमण हटाने के बाद यात्रियों को बसों तक सहज रूप से पहुँचने, सुरक्षित प्रतीक्षा करने तथा अपने सामान के साथ सुगम आवागमन में उल्लेखनीय राहत मिलेगी। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को सुव्यवस्थित रखनाए सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाहियाँ नियमित रूप से की जाएगी ताकि शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अतिक्रमण दोबारा न हो।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)

Web site: www.mpphe.gov.in Email:-eephedshd@mp.nic.in
Phone No. 07652-240307 Fax No. 07652-240307

पत्र क्रमांक 92/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2025-26 शहडोल, दिनांक 12.01.2026

### -: निविदा प्रकाशन सूचना :-

शहडोल जिले के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से मईपजम http://mptenders.gov.in निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 27.01.2026 सायं 5.30 बजे तक नियत है निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोले जावेंगे। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| निविदा क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 469020 | Construction of WTP and Intake well work | 377.18 | 377180.00 | 15000.00 | 09 माह | प्रथम |
| 39 | 469020 | Construction of OHT and Pipe line work | 56.52 | 56520.00 | 12500.00 | 09 माह | प्रथम |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
शहडोल (म.प्र.)

G-24515/25



## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र 103/भू-अर्जन/2025 रीवा दिनांक 07/01/2026

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 की उपधारा 2 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा (1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| रीवा | रायपुर कर्चुलियान | मनिकवार | 2.222 हे. | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्र.1 जिला रीवा (म.प्र.) | रघुराजगढ़ से करियाझार सड़क निर्माण कार्य हेतु |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( प्रतिभा पाल )
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

G-24570/25



## कार्यालय-सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा-(म.प्र.)

(जयन्ती कुंज, वनविश्राम गृह के पास झिरिया रीवा फैक्स 406177, फोन नं. 256493)
Email.-(ccfre.rwa@mp.gov)

क्रमांक/सा.वा./स्टोर//130 रीवा,दिनांक 15.01.2026

शासकीय वाहनों के निर्वतन की सूचना सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के अंतर्गत अनुपयोगी घोषित निम्न शासकीय वाहनों की "जहा है, जैसा है" की स्थिति में निविदा के माध्यम से निर्वतन किया जाना है।

| क्र. | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | वाहन का इंजि.नं. | चेचिस नं. | निर्माण वर्ष | वाहन जहां खड़ा है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M.P-02-4403 | मिनी ट्रक | 497D21-AQQ702183 | 38604AQQ800937 | 1999 | आदर्श रोपणी कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त जयंती कुंज झिरिया रीवा मध्यप्रदेश |
| 2 | M.P-02-7827 | महेन्द्र ट्रैक्टर | HP-10'X6'X2' | SFIR/28/98 | 1998 | |
| 3 | एम.पी.02-6352 | मोटर साईकिल (राजदूत) | 9709-M8904103 | 1544698 | 1997 | कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त जयंती कुंज झिरिया रीवा मध्यप्रदेश |
| 4 | एम.पी.02-6351 | मोटर साईकिल (राजदूत) | 9709-M8904103 | 1544698 | 1997 | |
| 5 | एम.पी.02-6426 | मोटर साईकिल (सुजकी) | 9709-M8904103 | 9709-F 89041 | 1997 | |
| 6 | एम.पी.02-6417 | मोटर साईकिल (सुजकी) | F909-M936671 | 9709-F 890416 | 1997 | |

अनुपयोगी शासकीय वाहनों का निर्वतन हेतु दिनांक 23/1126 को समय सुबह 11 बजे से 2:00pm तक कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा में निविदा आमंत्रित है। प्राप्त निविदा दिनांक 23/01/26 को ही अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाकारो के समक्ष कार्यालय सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा में खोली जावेगी।

प्रत्येक निविदा के साथ चार पहिया वाहन हेतु रूपये 10000/-(दस हजार मात्र) एवं दो पहिया के लिये रू. 1000/- (एक हजार मात्र) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैक ड्राप्ट जारी बैकर्स चेक सहायक वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के नाम देय होगा प्रत्येक वाहन हेतु पृथक-पृथक बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निविदा जारी होने के दिनांक 23/01/126 तक के एक दिन पूर्व कार्यालयीन दिवस में रूपये 1000/-(रूपये एक हजार मात्र) के भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते है, अथवा डिमांड ड्राप्ट जो सहायक वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वन वृत्त रीवा के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा के विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशन दिनांक से कार्यालयीन दिवस समय से प्राप्त की जा सकता है। उक्त निविदा प्रपत्र शर्ते एवं फार्म इस कार्यालय के वेवसाइड www.mpforest.org पर भी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

सहायक वनसंरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा

G-24567/25

## संक्षिप्त खबरें

### 25 से आमजन के लिए खुलेगा लोकभवन

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जाएगा। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजन के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 से 27 जनवरी 2026 तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी 2026 को लोकभवन अपरान्ह 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा। आम नागरिकों के लिए लोकभवन में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था गेट क्रमांक-1 से ही सुनिश्चित की गई है।

### सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी सम्मानित



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का नव वर्ष 2026, मकर संक्रांति मिलन एवं सम्मान समारोह शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल सभागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दास सबनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संघ से संबद्ध विभिन्न विभागों के संघ पदाधिकारीयों एवं मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ पदाधिकारीयों द्वारा भाग लिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ संतोष कुमार गांधी द्वारा की गई। सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान मुख्य अतिथि विधायक सबनानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं संरक्षक डीके यादव मुख्य रूप के रूप में शिरकत की।

### स्टील-सीमेंट के कारोबारियों पर स्टेट जीएसटी का छापा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** स्टेट जीएसटी की टीम ने शनिवार की शाम जबलपुर के तीन स्टील, सीमेंट और पेंट के कारोबारियों के यहां छापा मारा। अलग अलग टीमों ने यह कार्रवाई इन फर्मों के खरीदी-बिक्री में अंतर और टैक्स चोरी की आशंका के कारण की है। शनिवार को जबलपुर के बरेला में स्थित श्री दादा ट्रेडर्स, महाराजपुर में बीएमडब्ल्यू और रद्दी चौकी आधारताल स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी पर जाकर दस्तावेजों की पड़ताल की। सहायक आयुक्त राजेंद्र कुशराम की अगुआई में गई टीमों ने जांच के दौरान इन फर्मों के गोदामों में मौजूद सरिया, सीमेंट और पेंट का स्टॉक, सरकारी दस्तावेजों और बिलों में दर्ज स्टॉक से मेल नहीं खा रहा है। इसके अलावा शुरुआती जांच में सामने आया है कि इन फर्मों ने गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भी लिया है।

**सीजी और ओडिशा से बगैर बिल माल मंगाने का शकः** जांच में उजागर हुआ है कि ये फर्में टर्नओवर के बजाय जीएसटी बहुत कम चुका रही हैं। ये कारोबारी छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से बगैर बिल के माल जबलपुर मंगाते हैं, टीम में शामिल सदस्यों के अनुसार कारोबारियों के गोदाम में रखे स्टॉक का फिजिकल वेरिफिकेशन में दो दिन का समय लगेगा। टीमों ने यहां से कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार इन कारोबारियों पर टैक्स चोरी और पेनाल्टी की कुल राशि का निर्धारण जांच पूरी होने के बाद ही किया जाएगा।

# यूका की 85 एकड़ जमीन पर स्मारक या कुछ और, फैसला जल्द

## निरीक्षणः गैस कांड के 42 साल में पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा यूका फैक्ट्री, गैस राहत विभाग ने दिया है स्मारक बनाने का प्रस्ताव

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को जेपी नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री पहुंचे। बीते 42 साल में यह पहला मौका था, जब कोई मुख्यमंत्री यूका परिसर में दाखिल हुआ। सीएम यादव ने यहां पहुंचकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएम का यूका फैक्ट्री पहुंचने के पीछे मकसद फैक्ट्री की 85 एकड़ भूमि का उपयोग कैसे करना चाहिए, यह जानना था। गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा यहां स्मारक बनाने का प्रस्ताव बहुत साल पहले शासन को दिया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस हाउसिंग व अन्य विभागों की नजर भी इस जमीन पर है। फैक्ट्री निरीक्षण के दौरान सीएम डॉ. यादव ने कहा कि



पहली बार कोई मुख्यमंत्री फैक्ट्री में आया है। पिछले साल जहरीला कचरा हटाया। वहीं, आने वाले समय में कोर्ट के मार्गदर्शन में इस स्थान पर मेमोरियल समेत क्या-क्या कर सकते हैं, इसके सुझाव लेंगे। सभी पक्षों को विश्वास में लेकर इस जगह को बेहतर बनाएंगे। एंडरसन को भगाने में कांग्रेस का हाथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फैक्ट्री के मालिक वारेन एंडरसन को यहां से भगाने के लिए कांग्रेस के लोगों ने ही मदद की थी। राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए। उनकी ही दादी और पिता के शासनकाल में यह त्रासदी हुई। हम बंद पड़ी फैक्ट्रियों से रोजगार ढूंढ रहे हैं।

### कचरा हटवाकर स्थल को साफ किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा, 2-3 दिसंबर 1984 की रात में यह कलंक कांग्रेस के शासनकाल में लगा था। यहां मौत का तांडव हुआ था। यहां के जहरीले कचरे को कांग्रेस ने 25 साल तक पटककर रखा था। लोगों के लिए इस स्थान को भुतहा बना दिया था। हमारी सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कचरे का खात्मा किया। सरकार गैस पीड़ितों के साथ है। कांग्रेस ने इन्हें लावारिश छोड़ दिया।

### स्मारक और गैलरी की संभावना ज्यादा

यूका की जमीन पर गैस कांड से जुड़ी वीभत्सता को प्रदर्शित करने के लिए और इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक का प्रस्ताव वर्ष 2012 से प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया है कि 85 एकड़ भूमि में से कुछ हिस्से पर स्मारक का बनना तय है। साथ ही गैसकांड से जुड़े दस्तावेज और इससे जुड़ी कहानियों के लिए भी एक गैलरी बनाई जाएगी। जो अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर लोगों को यहां आने के लिए प्रेरित करेगी।

### भोलेनाथ की पूजा की और बच्चों के साथ सेल्फी ली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर के निरीक्षण के बाद लौटते समय आरिफ नगर में स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी ली। इसके बाद उन्होंने आरिफ नगर में भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा की।

### पुलिस ने भी मांगी है जमीन

निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री की करीब 85 एकड़ जमीन के उपयोग के संबंध में चर्चा हुई। शुक्रवार को भोपाल जिला प्रशासन, गैस राहत के अफसर जमीन से जुड़ी फाइलों को खंगालते रहे। पुलिस विभाग ने भी डीआरपी लाइन के लिए जमीन मांगी है।

## कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के कथित बयान पर प्रदेशभर में भाजपा का प्रदर्शन

# बरैया की भाषा और सोच समाज को बांटने वाली, पार्टी से निकाले कांग्रेस : मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के कथित बयान पर शनिवार को भाजपा ने प्रदेशभर में प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका। बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बरैया ने समाज में जहर घोलने वाला बयान दिया। बयान कांग्रेस पार्टी की महिला और दलित विरोधी सोच को उजागर करता है। बरैया ने अपने बयान से सामाजिक विद्वेष फैलाने का काम किया है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

विधायक बरैया के बयान पर भोपाल सहित पूरे प्रदेश में भाजपा ने पुतले का दहन किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इंदौर में विधायक फूल सिंह बरैया के साथ मंच साझा किया। राहुल गांधी का यह कदम क्या बरैया के बयानों को मौन सहमति व स्वीकारोक्ति मानी जाए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस बरैया को पार्टी से बाहर निकाले। यदि कांग्रेस वास्तव में सामाजिक सद्भाव, समानता और सम्मान



में विश्वास करती है, तो उसे यह स्पष्ट करना होगा कि फूलसिंह बरैया के बयान को लेकर क्या विचार है? केवल बयान देना पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं बरैया के इस बयान की निंदा करता हूं। इस प्रकार की भाषा और सोच समाज को बांटने वाली है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। ऐसे लोगों को सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी समाज को जोड़ने, सम्मान और समरसता की राजनीति में विश्वास करती है, जबकि कांग्रेस बार-बार ऐसे बयानों के माध्यम से समाज में तनाव और विभाजन पैदा करने का काम करती रही है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी कथनी और करनी में अंतर समाप्त करे। बता दें कि बरैया ने अपने बयान में कहा था कि ग्रंथों में लिखा है कि यदि अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के साथ कोई सहवास करता है तो उसे काशी तीर्थ के बराबर पुण्य मिलता है।

### नारी सम्मान कांग्रेस के लिए मूल्य नहीं: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बातें करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के विधायक द्वारा दिए गए महिला विरोधी और अमर्यादित बयानों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह चुप्पी स्पष्ट करती है कि यह कोई व्यक्तिगत भूल नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीति और मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए नारी सम्मान कोई मूल्य नहीं, बल्कि केवल एक वोट बैंक बनकर रह गया है। यह मामला केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि दलित समाज की अस्मिता, संविधान की आत्मा और सामाजिक सौहार्द से जुड़ा है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि क्या यही कांग्रेस की असली सोच है? क्या ऐसे बयानों पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी उनकी सहमति मानी जाए? उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट मांग है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यदि ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस को महिला सम्मान, दलित अधिकार और सामाजिक न्याय की बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है। महिलाओं को लेकर रोज सवाल उठाने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को भी इस मामले में अपनी और पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का सार्वजनिक रिकॉर्ड बताता है कि यह बयान एक सुनियोजित और लगातार चलने वाली विकृत मानसिकता का हिस्सा है।

### बयान समाज को आपस में लड़ाने वाला है: निर्मला भूरिया

मध्यप्रदेश शासन की मंत्री निर्मला भूरिया ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के बयान पर कहा कि भाजपा सरकार और हमारी पार्टी के नेता महिला सशक्तिकरण, सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के कुछ नेता और विधायक फूल सिंह बरैया जैसे लोग महिलाओं को लेकर शर्मनाक और विवादित बयान दे रहे हैं। मैं ऐसे बयानों की घोर भर्त्सना और कड़ी निंदा करती हूं।

### पटवारी मांगेंगे स्पष्टीकरण, पार्टी ने किया किनारा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाला सिर्फ अपराधी होता है और उसकी कोई जाति या धर्म नहीं होता। उसे कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए। पटवारी ने बरैया के बयान पर उनसे स्पष्टीकरण मांगने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में समाज और हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं की सुरक्षा के लिए आगे आएं। इस बीच बरैया के विवादित बयान पर पार्टी ने उनसे किनारा कर लिया है। पार्टी के प्रवक्ताओं ने शनिवार को साफ कहा कि बरैया द्वारा दिए गए बयान उनके व्यक्तिगत विचार है और पार्टी न तो इससे सहमत है और न ही पार्टी का कोई लेना-देना है।

# मेडिकल कॉलेज के नाम पर पौने पांच करोड़ की धोखाधड़ी

### घोटाले की रकम शेयर बाजार में लगाई, आरोपी के खिलाफ एफआईआर




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिवनी जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नाम का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए सिवनी निवासी स्पर्श अग्रवाल उर्फ अंकुर अग्रवाल के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने मेडिकल कॉलेज में दुकान आवंटन और मेस सप्लाई का झूठा झांसा देकर दो व्यवसायियों से कुल 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपए की ठगी की है।

**शिकायत की जांच के बाद हुआ भंडाफोड़ः** मामले की शुरुआत तब हुई जब सुयश अग्रवाल और राम कुमार सुहाने ने ईओडब्ल्यू के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि स्पर्श अग्रवाल ने बेहद शातिराना तरीके से खुद को मेडिकल कॉलेज प्रशासन का अधिकृत व्यक्ति बताया था। उसने पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए कॉलेज के डीन से अपनी नजदीकी होने का दावा किया और यह प्रचारित किया कि वह कॉलेज परिसर में दुकानों की नीलामी और मेस के संचालन का ठेका दिला सकता है। विश्वास को पुख्ता करने के लिए आरोपी ने मेडिकल कॉलेज के नाम से मिलते-जुलते जी.एम.सी. सिवनी नाम से एचडीएफसी बैंक में एक निजी खाता खुलवा लिया, ताकि पीड़ितों को लगे कि वे अपनी राशि सरकारी खाते में जमा कर रहे हैं।

### जेरोधा ऐप के जरिए शेयर में किया इन्वेस्ट

पड़ताल के दौरान ईओडब्ल्यू ने पाया कि स्पर्श ने फरवरी 2025 में अनाज व्यापारी सुयश अग्रवाल को दुकानों की फर्जी नीलामी प्रक्रिया का टेंडर भरने के लिए कहा। उसने बकायदा डीन ऑफिस के नाम से कूटरचित आवेदन पत्र और टेंडर नंबर तक दिए। झांसे में आकर सुयश अग्रवाल ने चेक और आरटीजीएस के जरिए 4 करोड़ 21 लाख 65 हजार रुपए आरोपी के फर्जी खाते में जमा कर दिए। इसी तरह होटल कारोबारी राम कुमार सुहाने को भी मेस में फूड आईटम की सप्लाई और सिक्योरिटी डिपोजिट के नाम पर 45 लाख 3 हजार रुपए जमा कराए। छानबीन में चौंकाने वाला यह तथ्य भी उजागर हुआ कि मेडिकल कॉलेज सिवनी में दुकानों की नीलामी होनी ही नहीं थी। कॉलेज प्रबंधन ने साफ किया कि वहां मेस का संचालन विद्यार्थियों द्वारा सहकारी आधार पर किया जाता है।

### उपवास के साथ कांग्रेस का धरना




इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों के साथ ही प्रदेश में गिरती पेयजल गुणवत्ता और भोपाल की बस्तियों में दूषित जलापूर्ति के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने जवाहर भवन, रोशनपुरा पर उपवास रखकर धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राच्य सरकार और निगम प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जांच की मांग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पूर्व महापौर विभा पटेल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी आदि नेता शामिल हुए।

# सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने राजधानी में सालभर चलेगा अभियान

## अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट 2026 का किया गया आयोजन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल की क्षति रोकने और शहर में यातायात नियमों के प्रभावी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी में अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट 2026 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भोपाल को भारत का सबसे सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में ठोस और नेतृत्व आधारित पहल करना रहा। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों और रेजिडेंशियल सोसाइटीज के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे। इसके अलावा आरटीओ भोपाल जितेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिट के समापन पर उपस्थित संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि वर्ष 2026 के दौरान भोपाल में निरंतर रोड सेफ्टी अभियान, संस्थागत सहभागिता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और शहर को वास्तव में सुरक्षित बनाया जा सके।




### नेतृत्व आधारित पहल की जरूरत

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून और प्रशासन का विषय नहीं है, बल्कि इसे सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए हर वर्ग को इसमें भागीदारी निभानी होगी। समिट का मुख्य एजेंडा सड़कों पर जान बचाने के लिए साझा समाधान रहा, जिसके तहत यह निर्णय लिया गया कि शहर के अलग-अलग संगठन और समाज अपने-अपने स्तर पर रोड सेफ्टी गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे, ताकि जागरूकता केवल चर्चा तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई दे।

**राहत** विद्यार्थियों को आर्थिक बोझ से मिलेगा छुटकारा, 27 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं परीक्षाएं

# विद्यार्थियों से परीक्षा के लिए फार्म जमा नहीं कराएगा भोज विवि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को अब अलग से परीक्षा फार्म जमा करने की जरूरत नहीं होगी। प्रवेश फार्म के आधार पर ही विद्यार्थी सीधे परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। इससे उन्हें परीक्षा फीस भी नहीं देना होगी। इसलिए भोज विवि ने 27 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के फार्म जमा नहीं कराए हैं। वहीं जनवरी सत्र में 31 जनवरी तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अपनी परीक्षाओं में फार्म जमा नहीं करना होंगे। भोज मुक्त विश्वविद्यालय में वर्तमान में करीब एक लाख विद्यार्थी प्रवेशरत हैं। वे आगामी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए फार्म जमा नहीं करेंगे। इससे भोज विवि को करीब तीस लाख रुपये का नुकसान होगा। क्योंकि भोज विवि परीक्षा फार्म जमा कराने के लिए हरेक विद्यार्थी से 30-30 रुपये लेता था। वहीं विद्यार्थी 30 रुपये के परीक्षा फार्म के लिए पोर्टल शुल्क परीक्षा फार्म के शुल्क से ज्यादा अदा करते थे। अब उन्हें परीक्षा फार्म देने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना होगा। वे सिर्फ प्रवेश शुल्क का ही भुगतान करेंगे। विद्यार्थी द्वारा दिए जमा किए गए प्रवेश फार्म से विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। उसी के आधार पर विद्यार्थियों के रिजल्ट तैयार किए जाएंगे।




### अंकसूची में होती थीं गलतियां

भोज विवि की कई अंकसूची की शिकायतें सीएम हेल्पाइन पर दर्ज की गई हैं। इसकी जांच पड़ताल में सामने आया है कि विद्यार्थी प्रवेश फार्म और परीक्षा फार्म में अलग-अलग जानकारी और विषय देता है। इससे उसकी अंकसूची में कई गलतियां होती हैं। अब प्रवेश फार्म में दर्ज की गई जानकारी और विषय के मुताबिक विद्यार्थी का प्रवेश पत्र और परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी के आधार पर भोज विवि विद्यार्थी की अंकसूची और डिग्री तैयार करेगा।

### नौ साल पहले शुरू हुए थे परीक्षा फार्म

भोज मुक्त विवि में करीब नौ साल पहले तत्कालीन रजिस्ट्रार एलएस सोलंकी ने परीक्षा फार्म जमा करने की व्यवस्था बनाई थी। उन्होंने परीक्षा फार्म की फीस 500 रुपये तय की थी। इससे विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। इस संबंध में विवि में कई विद्यार्थियों ने आवेदन भी दिए थे। तब रजिस्ट्रार सोलंकी ने एक साल बाद शुल्क में भारी कटौती करते हुए उसे मात्र 30 रुपये कर दिया था। वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ सुशील मंडेरिया ने उक्त शुल्क को भी खत्म कर दिया है। अब विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए ना कोई शुल्क देना होगा और ना किसी भी प्रकार का फार्म जमा करना होगा।

> भोज विवि की परीक्षाएं पूर्व की भांति प्रवेश फार्म के आधार पर संचालित होंगी। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक समस्या से छुटकारा मिलेगा। इससे विद्यार्थियों की अंकसूची में होने वाली विसंगति समाप्त हो जाएगी।
>
> ■ **डॉ. सुशील मंडेरिया**
> रजिस्ट्रार, भोज मुक्त विश्वविद्यालय

## इग्नू ने एम्स में खोला केंद्र, विद्यार्थियों को हॉस्पिटल मैनेजमेंट में देगा प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज (एसओएचएस) द्वारा संचालित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (हेल्थ केयर एवं हॉस्पिटल मैनेजमेंट)-एमबीएएचसीएचएम को जनवरी सत्र से प्रवेश देगा। इग्नू अध्ययन केंद्र को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सक्रिय कर दिया गया है। इससे इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को एम्स में अध्ययन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि उक्त कोर्स देशभर में विशेषकर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तय करने के लिए प्रशिक्षित हेल्थ केयर एवं हॉस्पिटल प्रबंधक को तैयार करेगा। कोर्स प्रख्यात विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, प्रबंधन संस्थानों, एआईसीटीई व सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। एमबीएएचसी से स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संप्रेषण, नवीनतम स्वास्थ्य तकनीकों के उपयोग तथा साक्ष्य-आधारित प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### फेस-टू-फेस प्रायोगिक प्रशिक्षण

द्वितीय वर्ष में विद्यार्थियों को इग्नू अध्ययन केंद्र में एम्स द्वारा 10 दिनों का फेस-टू-फेस प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमबीए में प्रवेश के लिए न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक डिग्री में 50 प्रतिशत अंक (आरक्षित वर्ग हेतु 45 प्रतिशत) आवश्यक हैं। कार्यक्रम का शिक्षण माध्यम अंग्रेजी है।

### रेलवे से दिल्ली के लिए पार्सल सेवा पर 26 तक रोक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान दिल्ली क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा दिल्ली क्षेत्र के लिए पार्सल बुकिंग पर चार दिनों की अस्थाई रोक लगाई गई है। यह आदेश भोपाल मंडल सहित सभी संबंधित रेल मंडलों पर समान रूप से लागू रहेगा। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 से 26 जनवरी तक दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों जैसे नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला एवं आदर्श नगर दिल्ली के लिए सभी प्रकार के पार्सलों के लेन-देन पर अस्थाई प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में पार्सल गोदामों का संचालन तथा रेलवे पार्सल पैकेजिंग से जुड़ी गतिविधियां बंद रहेंगी। इसके अंतर्गत सभी स्टेशनों पर लीज पर दिए गए एसएलआर, एजीसी एवं वीपीएस के माध्यम से होने वाले अंदर एवं बाहर के समस्त पार्सल ट्रैफिक पर भी रोक रहेगी। इस दौरान यात्री कोचों में यात्रियों को केवल व्यक्तिगत उपयोग का सामान ही ले जाने की अनुमति होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा नाइट क्लब आग मामला
## अंजुना पुलिस ने पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया

**पणजी, जेएनएन।** गोवा के चर्चित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब अग्निकांड मामले में शनिवार को अंजुना पुलिस ने अर्पोरा पंचायत के सचिव को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले सरपंच और पंचायत सचिव को अदालत से गिरफ्तारी से अंतरिम राहत मिली थी। बीते महीने कोर्ट ने अर्पोरा पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव को गिरफ्तारी से मिली राहत 23 दिसंबर तक बढ़ा दी थी। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने क्लब संचालकों की मदद करते हुए ट्रेड लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर जारी किया और कथित तौर पर नियमों को नजरअंदाज किया। पुलिस का कहना था कि यह बेहद गंभीर मामला है और पंचायत अधिकारियों की भूमिका की गहन जांच जरूरी है।

## सिंगर प्राक को धमकी 10 करोड़ दो वरना...

**दिल्ली, जेएनएन।** सिंगर बी प्राक को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। लॉरेंस गैंग ने सिंगर बी प्राक को धमकी दी है और १० करोड़ की मांग की है। ऑडियो रिकॉर्डिंग पंजाबी सिंगर दिलनूर को 6 जनवरी की दोपहर भेजी गई। इसके पहले दिलनूर को 5 जनवरी को दो बार कॉल किया गया था, लेकिन दिलनूर ने कॉल नहीं उठाया, 6 जनवरी को भी विदेशी नम्बर से कॉल किया। दिलनूर ने कॉल उठाई, लेकिन जब बात अजीब लगने लगी, तो उसने कॉल काट दिया, जिसके बाद सिंगर को वॉयस मैसेज भेजा गया, उन्होंने मोहाली में शिकायत दर्ज कराई है। बी प्राक को धमकी देने वाले कॉलर ने नाम आरजू बिश्नोई बताया। आरजू लॉरेन्स बिश्नोई गैंग का है और विदेश में छिप कर बैठा है। उसने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि हेलो आरजू बिश्नोई बोल रहा हूं, उसको बी प्राक को मैसेज कर देना कि 10 करोड़ चाहिए।

## ईरान: इराकी लड़ाकों की मदद से कुचले प्रदर्शन

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने को लेकर एक बड़ा दावा सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई तेज करने के लिए 5,000 इराकी शिया लड़ाकों की मदद ली। अमेरिकी मीडिया का कहना है कि इसी रणनीति के बाद प्रदर्शनकारियों की मौतों की संख्या अचानक बढ़ी और धीरे-धीरे आंदोलन कमजोर पड़ने लगा। खामेनेई ने यह कदम तब उठाया जब ईरानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद इराक के शिया सशस्त्र गुटों के लड़ाकों को धार्मिक यात्रा की आड़ में ईरान बुलाया और उन्हें प्रदर्शन दबाने के लिए तैनात किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन विदेशी लड़ाकों ने खामेनेई के आदेश पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गोलीबारी की, जिसके बाद मौतों की संख्या करीब 3,500 तक पहुंच गई।

## गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या

**पणजी, जेएनएन।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ। मकान मालकिन की शिकायत के मुताबिक, घटना रात 11 बजे के बाद हुई। पुलिस के मुताबिक, दोनों हत्याओं के तरीके समान पाए गए।



# इस साल गणतंत्र दिवस की थीम 'वंदेमातरम्'

## कर्तव्य पथ पर निकलेंगी 30 झांकियां; पहली बार भैरव बटालियन और बैक्ट्रियन ऊंट होंगे शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने जा रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस परेड की केंद्रीय थीम 'वंदे मातरम्' रखी गई है। कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकियां 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' विषय पर आधारित होंगी। परेड में कुल 30 झांकियां शामिल होंगी, जिनमें 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा 13 मंत्रालयों/विभागों की झांकियां होंगी। परेड के दौरान कर्तव्य पथ के एनक्लोजर बैकग्राउंड में 'वंदे मातरम्' की पंक्तियों वाली एक पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी। मुख्य मंच को फूलों से सजाकर 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस बार के निमंत्रण पत्रों पर वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ का लोगो भी छापा जाएगा।

**मुख्य अतिथि यूरोप से** | गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगे।




### परेड में पहली बार स्वदेशी कुत्ते

इस वर्ष पहली बार परेड में सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी विंग के जानवर भी शामिल होंगे। इनमें 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जास्कर टट्टू, चार प्रशिक्षित शिकारी पक्षी और 10 मिलिट्री डॉग शामिल हैं। खास बात यह है कि पहली बार भारतीय स्वदेशी नस्लों के कुत्ते जैसे मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पिपराई, कोम्बई और राजपालयम भी मार्च करते नजर आएंगे। इसके अलावा परेड में पहली बार भैरव लाइट कमांडो बटालियन भी मार्च पास्ट करेगी। यह नई टुकड़ी अक्टूबर 2025 में बनाई गई थी, जिसका उद्देश्य इन्फैंट्री और स्पेशल फोर्सेज के बीच की क्षमता-खाई को पाटना है। हर भैरव बटालियन में करीब 250 सैनिक होते हैं और अब तक लगभग 15 बटालियन तैयार हो चुकी हैं।

# ग्रीनलैंड: ट्रंप ने विरोध कर रहे 8 देशों पर लगाया 10% टैरिफ

### धमकी: अगर कब्जे के पक्ष में नहीं आए तो जून से 25 फीसदी टैरिफ

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण की योजना का विरोध कर रहे यूरोप के 8 देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के मुताबिक यह टैरिफ 1 फरवरी से लागू होगा। ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड इस टैरिफ के दायरे में आएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से टैरिफ बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। इससे पहले व्हाइट हाउस में हुई एक बैठक के दौरान ट्रंप ने इन यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। अब उन्होंने इसे आधिकारिक घोषणा के रूप में सामने रख दिया है। ट्रंप ने अपने पोस्ट में ग्रीनलैंड को लेकर 'पूर्ण और पूरी खरीद' की डील का जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका कई सालों से डेनमार्क और यूरोपीय यूनियन के देशों को 'सब्सिडी' देता रहा है और अब समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि विश्व शांति और सुरक्षा से जुड़ा है। इस बीच कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी ग्रीनलैंड पर ट्रंप के रुख का विरोध किया है।

### ग्रीनलैंड का ट्रंप को संदेश- 'हम बिकाऊ नहीं'




### ट्रंप की चेतावनी के बाद बढ़ा गुस्सा

**कोपेनहेगन/नूक, जेएनएन।** ट्रंप के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने के इरादों के खिलाफ शनिवार को डेनमार्क और ग्रीनलैंड में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर साफ संदेश दिया कि ग्रीनलैंड की लोकतांत्रिक व्यवस्था, वहां के लोगों के अधिकार और आत्मनिर्णय से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह विरोध ऐसे समय में हो रहा है जब ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई देश ग्रीनलैंड को लेकर उनके प्लान का विरोध करता है तो अमेरिका टैरिफ लगा सकता है। प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड के झंडे लेकर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक मार्च करने पहुंचे। इस बीच अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेट और रिपब्लिकन सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल कोपेनहेगन पहुंचा है।

**नाटो देशों की मौजूदगी भी बढ़ी:** इधर रिपोर्टों के मुताबिक डेनमार्क के आग्रह पर जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और नॉर्वे जैसे कुछ नाटो देशों ने ग्रीनलैंड में एक संयुक्त मिशन और अभ्यास के तहत अपने सैनिक भेजने की घोषणा की है। डेनमार्क ने भी आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बढ़ाने की बात कही है।

**सर्वे**

**85% ग्रीनलैंडवासी अमेरिका में शामिल होने के खिलाफ**

एक हालिया सर्वे के मुताबिक जनवरी 2025 में कराए गए पोल में 85 फीसदी ग्रीनलैंडवासियों ने अमेरिका में शामिल होने का विरोध किया था, जबकि केवल 6 फीसदी लोग इसके पक्ष में थे। आयोजकों का कहना है कि यह संघर्ष सिर्फ ग्रीनलैंड का नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार की रक्षा का मुद्दा है।

## गिरफ्तारी रोकें तो ट्रंप को दे दूंगा अपने अवॉर्ड



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका के मशहूर लेट-नाइट होस्ट और कॉमेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा व्यंग्य करते हुए एक 'ऑफर' दिया है। किमेल ने कहा कि ट्रंप को अवॉर्ड्स बेहद पसंद हैं, इसलिए अगर वे मिनियापोलिस से इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट एजेंट्स को हटा लें और उन्हें दोबारा बॉर्डर पर भेज दें, तो वह ट्रंप को अपने कई अवॉर्ड दे देंगे। 'जिमी किमेल लाइव' शो में किमेल ने अपने अवॉर्ड दिखाते हुए कहा कि वह ट्रंप को 2015 का 'सोल ट्रेन अवॉर्ड व्हाइट पर्सन ऑफ द ईयर' तक देने को तैयार हैं। जिमी किमेल के इस बयान पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने एक्स पर तंज कसते हुए लिखा, 'जिमी को ये अवॉर्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें।' किमेल का व्यंग्य उस घटनाक्रम के बाद चर्चा में आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने ट्रंप को अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल भेंट किया। ट्रंप कई महीनों से नोबेल पुरस्कार न मिलने को लेकर नाराजगी जताते रहे हैं।

# पीएम ने पहली स्लीपर वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी



**कोलकाता, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन लंबी दूरी की रात्रि यात्रा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है और आधुनिक सुविधाओं से लैस है। रेलवे के अनुसार, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की अधिकतम गति 180 किमी प्रति घंटा है। यह ट्रेन पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी को महज 14 घंटे में तय करेगी। इससे यात्रियों को तेज, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का विकल्प मिलेगा। इस ट्रेन की कुल यात्री क्षमता 1128 है। ट्रेन में कुल 16 एसी कोच लगाए गए हैं, जिनमें 11 एसी-3 टियर, 4 एसी-2 टियर और 1 फर्स्ट एसी कोच शामिल है। ट्रेन के इंटीरियर को लंबी दूरी की यात्रा के हिसाब से ज्यादा आरामदायक बनाया गया है। इसमें बर्थ का स्पेस बढ़ाया गया है, सीटों में बेहतर कुशनिंग दी गई है और ऊपरी बर्थ तक जाने के लिए सुविधाजनक सीढ़ियां भी लगाई गई हैं। स्लीपर वंदे भारत में सुरक्षा के लिए कवच सेफ्टी सिस्टम लगाया गया है, जो ट्रेनों की टक्कर और दुर्घटना की आशंका को कम करने में मददगार माना जाता है।

### कांग्रेस ने घुसपैठियों से जमीन पर कब्जा कराया: मोदी

**कोलकाता/ गुवाहाटी, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस असम को अपना नहीं मानती। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने, उनकी सेवा करने की थी तब कांग्रेस ने घुसपैठियों की सेवा की। ये घुसपैठिये कांग्रेस के कट्टर वोटर हैं। ये लोग जमीन पर कब्जा करते रहे, कांग्रेस उनकी मदद करती रही। हिमंता सरकार आज लाखों बीघा जमीन को घुसपैठियों से मुक्त करा रही है। इससे पहले दोपहर में पीएम पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने दिलों की दूरियां मिटाई हैं। असम से दिल्ली की दूरी कम की है। हमने इसे पॉलिसी का हिस्सा बनाया है। इससे व्यापार और पर्यटन को मदद मिलेगी। जब संवाद और भरोसा मजबूत होता है, समान अवसर हर किसी तक पहुंचते हैं। तो सकारात्मक बदलाव नजर आते हैं।

## पश्चिम बंगाल में तनाव हाईवे और रेल ट्रैक जाम

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा इलाके में शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण बने रहे। प्रवासी मजदूरों से जुड़ी घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने एक बार फिर एनएच-12 और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। स्थिति को काबू में रखने के लिए प्रशासन ने इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस का कहना है कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर कथित हमले के बाद तेज हो गया। इससे पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत पर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। शनिवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेलवे गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल सिस्टम को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से कृष्णनगर-लालगोला रूट पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया। पुलिस के अनुसार, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर जमा हो गए और हाइवे पर धरना शुरू कर दिया। इस वजह से हाईवे पर लंबा जाम लग गया और कई वाहन रास्ते में फंस गए। रेलवे ने इलाके में अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल की तैनाती की है। वहीं, नए सिरे से तनाव की खबर के बाद स्थानीय पुलिस की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

**30 गिरफ्तार प्रवासी मजदूरों पर हमले के बाद भड़का आक्रोश**

# बुलडोजर की कार्रवाई के बाद मणिकर्णिका घाट पर हंगामा

### योगी बोले- यह काशी को बदनाम करने की कोशिश

**नई दिल्ली/वाराणसी, जेएनएन।** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनरुद्धार के दौरान बुलडोजर से प्राचीन चबूतरा ढहाने और अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचने की खबरों के बाद विवाद तेज हो गया है। सोशल मीडिया पर टूटे हुए ढांचों और मूर्तियों के वीडियो वायरल होते ही स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों में आक्रोश देखने को मिला। मामले को लेकर विपक्ष ने सरकार पर 'विकास के नाम पर विरासत को तोड़ने' का आरोप लगाया, वहीं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इन दावों को भ्रम फैलाने वाला बताया। करीब एक सप्ताह से घाट के पुनर्विकास को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है। विपक्षी दलों (सपा और कांग्रेस) ने आरोप लगाया कि सदियों पुरानी संरचनाओं और विशेष रूप से देवी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को तोड़ा गया है।

**दावा: अहिल्याबाई की टूटी मूर्ति का वीडियो एआई से बना**



सीएम योगी ने कहा कि अहिल्याबाई की मूर्ति टूटने का वीडियो एआई से बनाया गया है और इसके जरिए काशी की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। कुछ लोग काशी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर टूटे हुए ढांचे व मूर्तियों की तस्वीरें डालकर जानबूझकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का कार्य शुरू हुआ था, तब भी इसके खिलाफ 'साजिशें' रची गई थीं।

## बांग्लादेश: हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कारोबारी अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह 'बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल' नामक दुकान का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित बताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में पिछले एक महीने के भीतर अब तक 9 हिंदुओं की हत्या की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता और गुस्सा बढ़ता जा रहा है।



**एक महीने में ९ हिंदुओं की मौत**

**मामूली बात से शुरू हुआ विवाद:** पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। इस दौरान मसूम मिया (28) नाम का युवक दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 वर्षीय कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। पहले बहस हुई और फिर देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। पुलिस के मुताबिक इस दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। चोट गंभीर होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव और नाराजगी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

### अल-फलाह पर ईडी की चार्जशीट
## अवैध नियुक्ति और फर्जी डॉक्टर, करोड़ों विदेश भेजे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन और चांसलर जावेद अहमद सिद्दीकी के खिलाफ एक चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें बड़े पैमाने पर नियामकीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग और सरकारी एजेंसियों को गुमराह करने के गंभीर आरोप हैं। ईडी का कहना है कि यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े मेडिकल कॉलेज को वर्षों तक फर्जी अनुपालन के सहारे चलाया गया, जबकि पूरे सिस्टम पर सिद्दीकी का सीधा और सेंट्रलाइज्ड नियंत्रण था। चार्जशीट में दावा किया गया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के नियमों को पूरा दिखाने के लिए दर्जनों डॉक्टरों को केवल ऑन-पेपर नियुक्त किया गया। ये डॉक्टर न तो कैंपस में नियमित रूप से मौजूद थे और न ही पढ़ाने या इलाज से जुड़े थे। कुछ डॉक्टरों ने जांच के दौरान स्वीकार किया कि वे घर से काम कर रहे थे, जिसे ईडी ने एक नियमित और अवैध व्यवस्था बताया। इन सभी नियुक्तियों को मानव संसाधन विभाग की सिफारिश के बाद सिद्दीकी की मंजूरी से किया गया।

## फिल्म के सेट पर प्यार 23 महीने में टूटा रिश्ता

**जालंधर, जेएनएन।** पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों की एक्ट्रेस मैंडी ठक्कर को शेखर कौशल के साथ 4 साल पहले शिमला में प्यार हुआ। 2 साल तक दोनों डेटिंग में रहे। 13 फरवरी 2024 को शादी की। 2 साल होने से पहले ही तलाक ले लिया। दोनों के तलाक से उनके फैंस में निराशा फैल गई। दिल्ली की साकेत कोर्ट से मैंडी ने शेखर से तलाक ले लिया। दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। दोनों की शादी 23 महीने तक ही चली। शेखर ने बताया कि दोनों की मुलाकात शिमला में फिल्म 'हाय मेरी मोटो' के सेट पर हुई थी। मैंडी ठक्कर भी बता चुकी हैं कि दोनों की लव स्टोरी शिमला से शुरू हुई थी। दोनों ने धर्म अलग होने के चलते 2 बार शादी की रस्में निभाईं। पहले शादी मैंडी ठक्कर के सिख फैमिली से होने के नाते आनंद कारज से हुई और फिर शेखर के हिंदू फैमिली का होने के चलते वैदिक विधि से हुई।



**आंखों देखी** | ईरान से लौटे भारतीय दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजनों से मिलकर रोए, बोले-

# इंटरनेट बंद, हालात बेहद खराब और हिंसा जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान में जारी हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में भारतीय छात्र शामिल हैं। एयरपोर्ट पर अपने परिवारवालों से मिलते ही कई लोग भावुक हो गए और फूट-फूटकर रोने लगे। लौटे नागरिकों ने बताया कि ईरान में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और कई जगहों पर सामान्य जीवन पूरी तरह ठप हो चुका है। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा, 'वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं।' वहीं, एक मेडिकल छात्रा ने बताया कि भारतीय दूतावास ने संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से अपने खर्च पर दिल्ली लौट आई। कुछ लोग भारत सरकार की पहल और सलाह के बाद वापस आए, जबकि कुछ ने खुद व्यवस्था कर देश लौटना बेहतर समझा। लौटकर आए लोगों का कहना है कि ईरान में कई जगह इंटरनेट और फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं, जिससे संपर्क करना मुश्किल हो गया था। ऐसे में परिवारों की चिंता बढ़ती रही और लोग जल्द से जल्द घर लौटने की कोशिश करते रहे।




**एयरस्पेस बंद होने से बढ़ी मुश्किल:** हिंसा के बीच ईरान ने 14 जनवरी को अस्थायी रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी को एयरस्पेस फिर खोल दिया, जिसके बाद कई भारतीय देश लौट सके।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस समय ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। सरकार ने हालात को देखते हुए भारतीयों से उपलब्ध साधनों के जरिए सुरक्षित रूप से देश छोड़ने को कहा है।

### सरकार ने जारी की थी एडवाइजरी

भारत सरकार ने गुरुवार को ईरान में मौजूद भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा था कि वे पासपोर्ट, वीजा और जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखें और जरूरत पड़ने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर जा सकें। सरकार की कोशिशों से कई नागरिक निजी उड़ानों के जरिए भारत लौटे हैं।

### 3 हजार से ज्यादा मौतों का दावा

रिपोर्ट के अनुसार ईरान में 28 दिसंबर 2025 से देशभर में हिंसा भड़की हुई है। प्रदर्शन वहां की मुद्रा 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से गिरने, बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के विरोध में शुरू हुए थे। यह आंदोलन देश के 31 प्रांतों तक फैल गया और अब तक इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत होने का दावा किया गया है। अधिकतर मौतें गोली लगने से होने की बात कही जा रही है।

## हरदा में छात्रावास की दीवार कूदकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे 300 बच्चे

### प्राचार्य बोले-आदिवासी क्या जानें काजू-बादाम का स्वाद

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में हरदा जिले के रहटगांव एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में शनिवार अलसुबह हंगामा हुआ। खराब भोजन और अव्यवस्थाओं से आक्रोशित 300 छात्र-छात्राएं हॉस्टल की दीवार फांदकर कलेक्टर से शिकायत करने निकल पड़े। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है। भागने से पहले छात्रों ने स्टाफ और शिक्षकों के आवासों को बाहर से कुंडी लगा दिया। करीब ८ किमी पैदल चलने के बाद सोडलपुर में एनएच पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने उन्हें रोक लिया। कलेक्टर ने सड़क पर ही समस्याएं सुनीं।

### प्राचार्य को हटाने की मांग पर अड़े

छात्र प्राचार्य सोनिया आनंद को हटाने की लिखित मांग पर अड़े रहे। उनका आरोप है कि प्राचार्य भोजन और नाश्ता ठीक नहीं देतीं और शिकायत करने पर स्कूल से निकालने की धमकी देती हैं। कुछ छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि प्राचार्य ताना मारते हुए कहती हैं-आदिवासी क्या जानें काजू-बादाम का स्वाद। पैदल मार्च के दौरान आक्रोशित छात्र 'प्राचार्य सोनिया आनंद हाय-हाय' के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

# वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाया 15वां गहोई दिवस



## सांदीपनि गार्डन में भव्य आयोजन, शोभायात्रा व सम्मान समारोह ने बांधा समां

**जागरण, पवई ।** पवई तहसील में रविवार को गहोई वैश्य समाज द्वारागहोई दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जगत जननी माँ कलेही एवं भाटेश्वर सरकार की पावन धरा पर गहोई वैश्य पंचायत, महिला एवं नवयुवक मंडल के तत्वावधान में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन 15वां गहोई दिवस था, जिसे 18 जनवरी 2026, रविवार को विधिवत रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मिलोनीगंज स्थित माँ सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके पश्चात नगर में भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के महिला-पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक ध्वजारोहण, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक गीत-वचनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य कार्यक्रम संदीपनी गार्डन, पवई में आयोजित हुआ, जहाँ समाज के वरिष्ठजनों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएँ, सामूहिक भोजन तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी संपन्न हुए। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि गहोई वैश्य समाज केआराध्य देव भगवान सूर्य हैं। मकर संक्रांति के पश्चात सूर्य के उत्तरायण होने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष गहोई दिवस मनाया जाता है, जो समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश सुहाने (जिला अध्यक्ष, भाजपा, मैहर) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बद्री प्रसाद सरावगी, डॉ. रमेश बेहरे, शंकर लाल कुदरहा, मंगल प्रसाद त्रिसोलिया, ब्रजकिशोर गुप्ता, अवध बिहारी बेहरे एवं बाबूलाल चौदहा शामिल रहे। कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे आयोजन अत्यंत सफल एवं स्मरणीय बन गया।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत आयोजित हुआ विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम



**जागरण, पन्ना ।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम अंतर्गत पन्ना विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएमश्री छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में जिला समन्वयक अनीता जाटव के मार्गदर्शन में गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि देवेन्द्र सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में ग्रामों के समग्र विकास और ग्रामोदय की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार योजनाबद्ध कार्यों के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं की शिक्षा को ग्राम विकास की रीढ़ बताते हुए सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। ज्ञानेन्द्र सिंह ने युवाओं के शैक्षणिक विकास पर जोर देते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से गांवों के विकास की परिकल्पना साझा की। जिला समन्वयक द्वारा विकासखंड स्तर पर चल रहे अभियान की जानकारी देते हुए संपूर्ण ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही आगामी दिनों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान जल संचयन से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों एवं शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं को अंकसूची का वितरण किया गया। इस अवसर पर पन्ना विकासखंड के मेंटर्स, सीएमसीएलडीपी के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष व सचिव एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्र स्तर पर भी मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**पन्ना ।** आगामी 25 जनवरी को 16वें राष?ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मुख्य समारोह के अतिरिक्त मतदान केन?द्र स?तर पर भी किया जाना है। इसके लिए मुख?य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रति मतदान केन?द्र 250 रूपए के मान से जिले के कुल 1004 मतदान केन?द्रों के लिए आवंटन उपलब्ध कराया गया है। यह राशि प्रत?येक बीएलओ को उनके वेतन से मैप?ड बैंक खात में अंतरित की जाएगी।जिला निर्वाचन कार्यालय पन्ना द्वारा सभी बीएलओ को राष?ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर फोटोग्राफ अपने तहसील के माध?यम से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा समस?त बीएलओ को अपना वेतन से मैप?ड बैंक खाता तत?काल अपने तहसील कार्यालय में प्रस?तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है, जिससे एकजाई सूची प्राप?त होने पर आहरण आदेश जारी किया जाकर राशि अविलंब बीएलओ के खाते में अंतरित की जा सके।

# कृषि सखियों ने सीखी जीवामृत बनाने की विधि



**जागरण, पन्ना ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में आयोजित कृषि सखियों के द्वितीय बैच के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन संपन्न हुआ। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी.एन. त्रिपाठी ने मृदा में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने हेतु जीवामृत और घन जीवामृत इस्तेमाल करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कृषि सखियों को जीवामृत बनाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया तथा बताया कि रसायनों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी, वायु और जल को प्रदूषित कर रहा है तथा मानव स्वास्थ्य को गंभीर हानि भी पहुंचा रहा है। प्राकृतिक खेती अपनाकर इन समस्याओं से बचा जा सकता है। प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी डॉ. रितेश कुमार जायसवाल ने प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटकों और फसल विविधीकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने प्राकृतिक खेती में पौध संरक्षण के लिए मठास्त्र, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र एवं अग्नि अस्त्र के इस्तेमाल करने के बारे में सलाह दी। डॉ. रणविजय प्रताप सिंह बताया कि कैसे रासायनिक खादें मानव भोजन को प्रदूषित कर रही हैं, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहे हैं। रितेश बागोरा ने जीवामृत के मुख्य घटकों जैसे गौमूत्र, गोबर, गुड़, बेसन, मिट्टी आदि की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में देशराज प्रजापति तथा रावे छात्रा दिव्यांशिका त्यागी, आरती, महक पटेरिया और कृषि सखियां भी उपस्थित रहीं।

# पशुपालन एवं पशु कल्याण को लेकर चलेगा एक माह का जागरुकता अभियान

## जिला एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**जागरण, पन्ना ।** भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है, जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में भी पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी.एस. पटेल ने सभी जिलों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। यह अभियान राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं हितग्राहीमूलक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होगा।

अभियान अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाओं, उन्नत पशुपालन, डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए संगोष्ठियां, ऑनलाइन वेबिनार, युवा संवाद, गौशालाओं एवं पशु कल्याण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विभागीय दलों द्वारा भ्रमण कर छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं पशु कल्याण की जानकारी दी जाएगी। जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी वेट्स-पेरावेट्स, गौसेवक-मैत्री कार्यकर्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, दुग्ध संघों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूहों के सदस्य एवं पशु सखी के समन्वय से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा ग्रामों एवं पंचायतों में भ्रमण कर पशु चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ पशुकल्याण, रोग रोकथाम, टीकाकरण तथा पशुपालन योजनाओं से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान पंपलेट वितरण एवं जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित होंगी। विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की प्रगति की जानकारी फोटो एवं वीडियो सहित भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

**लालची दोस्त बने कातिल**

# मेडिकल स्टोर संचालक का अपहरण कर पहले की लूटपाट

## हत्यारोपियों में सतना निवासी एमआरऔर पन्ना का टैक्सी चालक शामिल

**जागरण, पन्ना ।** जिले का पड़ोसी जिला बांदा उत्तर प्रदेश के नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमवारा गांव में शनिवार 17 जनवरी की सुबह केन नदी किनारे झाड़ियों में मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त हो चुकी है।मृतक फार्मासिस्ट तौहीद हसन पन्ना के कटरा मोहल्ला का निवासी और पेशे से मेडिकल स्टोर संचालक था। मृतक की शिनाख्त उसके चाचा सीएमओ मेहमूद हसन ने की है। तौहीद को बेरहमी से मौत के घाट उतारने वाले कोई और नहीं बल्कि वे हम उम्र लोग हैं, जिन्हें वह अपना दोस्त समझता था। सनसनीखेज अंधे क़त्ल की अब तक की जांच-पड़ताल में पता चला है कि शनिवार की सुबह फजिर की नमाज पढ़ने के बाद मस्जिद से बाहर निकले तौहीद कोबादल शहीद बाबा की मजार के पास से उसकामेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दोस्त आनंद गुप्ता राशिद खान और अन्य साथी अगवा करके कार से ले गए थे। कथित तौर पर दोस्तों ने तौहीद को बांदा जिले के जमवारा गांव में सूनसान स्थान पर ले जाकर उसके पास मौजूद नकदी रुपए, मोबाइल जबरन छीन लिया। और फिर लूटपाट का विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से तौहीद के सिर एवं चेहरे में कई जानलेवा प्रहार कर उसे बड़ी ही बेरहमी से कत्ल कर दिया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर, बेटे के रात 10 बजे तक घर न लौटने से चिंतित-परेशान परिजनों को जब सोशल मीडिया पर आई ख़बरों के माध्यम से घटना की जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी अनुसार तौहीद हसन पन्ना के कटरा मोहल्ला में कोतवाली चौराहा के समीप रहने वाले वरिष्ठ शिक्षक मक़सूद हसन का इकलौता पुत्र था। फार्मासिस्ट का कोर्स करने के बाद कुछ माह पूर्व ही उसने पन्ना के बस स्टैंड में मेडिकल स्टोर खोला था। विनम्र, शांत और धार्मिक स्वाभाव वाला तौहीद सब-ए-मिराज के मौके पर देर रात तक तिलावत करने के बाद शनिवार 17 जनवरी 2026 को अल सुबह फजिर की नमाज पढ़ने के बाद जब मस्जिद से बाहर निकला तो बादल शहीद बाबा की दरगाह के पास उसे सतना निवासी पेशे से एमआर दोस्त आनंद गुप्ता, राशिद खान व अन्य साथी मिल गए। कथित रूप से सभी युवक तौहीद को अगवा कर अपनी कार से पड़ोसी जिला बांदा उत्तर प्रदेश के नरैनी थाना अंतर्गत जमवारा गांव ले गए। जहां गांव के बाहर केन नदी किनारे स्थित झाड़ियों के पास सूनसान स्थान पर लालची दोस्तों ने उसके पास मौजूद नकदी रुपए, मोबाइल जबरन छुड़ा लिया। और फिर लूटपाट का विरोध करने से बौखलाए आरोपियों ने धारदार हथियार से तौहीद के सिर एवं चेहरे पर कई जानलेवा प्रहार कर उसे बड़ी ही बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इधर,पन्ना में परिजन बेटे के घर न लौटने और उससे कोई संपर्क न होने से काफी चिंतित-परेशान थे। जमवारा गांव में खून से लथपथ अज्ञात युवक का शव मिलने की देर रात जब ख़बरें वायरल हुई तो परिजन स्तब्ध रह गए। अनहोनी की आशंका के चलते आनन-फानन में मृतक के चाचा सीएमओ मेहमूद हसन और रिश्ते के भाई आरिफ खान ने जमवारा ग्राम पहुंचकर जानकारी जुटाई तो पता चला शव को पुलिस दोपहर में ही नरैनी थाना ले गई। नरैनी पहुंचकर थाना में सम्पर्क किया तो पुलिस आरक्षक उन्हें बांदा स्थित मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी ले गए, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया था। खून से लथपथ भतीजे की लाश को सामने देख मेहमूद हसन की आंखें भर आईं और कलेजा बैठ गया। परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि, एमआर आनंद गुप्ता निवासी सतना व राशिद खान निवासी राजाबाबू कॉलोनी पन्ना व अन्य कार से तौहीद को जमवारा लेकर आए थे। अपुष्ट जानकारी अनुसार आरोपियों को नरैनी पुलिस द्वारा तत्परता से हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की जा रही है। जघन्य हत्याकांड में अन्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।उल्लेखनीय है कि पुलिस ने अभी इस मामले का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की लूटपाट के इरादे से उसके ही दोस्तों के द्वारा निर्ममतापूर्वक हत्या की गई है। जवान बेटे के क़त्ल की वारदात का पता चलने के बाद से हसन परिवार मातम में डूबा है। वहीं नगर में भी शोक की लहर व्याप्त है।



# मातृशक्ति की विशाल शोभायात्रा से गूंजा सनातन संदेश



**जागरण, रीवा।** हिन्दू समाज में जागरण, सनातन चेतना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन के एक दिन पूर्व शनिवार को मातृशक्ति के नेतृत्व में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा आगामी सम्मेलन का सशक्त संदेशवाहक बनकर नगर में सनातन संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का वातावरण रचती दिखाई दी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ केसरिया वस्त्र धारण कर, हाथों में ध्वज, कलश एवं धार्मिक प्रतीक लिए भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं। भारत माता की जय, जय सनातन धर्म, वसुधैव कुटुम्बकम जैसे जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यात्रा के दौरान मातृशक्ति ने यह संदेश दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज का नैतिक उत्थान तभी संभव है, जब परिवार और समाज की धुरी नारी जागृत और संगठित हो। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में आज 18 जनवरी रविवार को पुष्पराज नगर बस्ती के तत्वावधान में लिटिल बैम्बिनोज स्कूल, विन्ध्य विहार कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है जिसमें सैकड़ों हिन्दू परिवारों की गरिमामयी सहभागिता रहेगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि महेन्द्र सर्राफ, योग गुरु पं. रामाधार विश्वकर्मा, संयोजक वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल तथा मातृशक्ति वक्ता डॉ. अर्चना गुप्ता ने अपने विचार रखेंगे।

# 4042 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा संपन्न, विद्यार्थियों ने लिया भाग



**जागरण,रीवा।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। शनिवार को दूसरे दिन भी परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा जिले के सभी विकासखण्ड परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 2 से 8 तक के 4042 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल पंजीकृत 4171 में से 4042 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा केंद्र के अनुसार, ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक सोच तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना है। परीक्षा के लिए जिले भर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई। जिला स्तर पर परीक्षा कंट्रोल कक्ष स्थापित किया गया। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था की गई और शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।

### जल्द घोषित होंगे परिणाम

परीक्षा केंद्रों पर समय से प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट वितरित किए गए और संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कई छात्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र ज्ञानवर्धक और चुनौतीपूर्ण था, जिससे उनकी समझ और तैयारी का सही आकलन हुआ। बताया गया कि परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे।

### चुने जाएंगे छात्र

बताया गया कि हर विषय से अब एक छात्र का चयन किया जाएगा, जिसे प्रमाण पत्र व पुरस्कार मिलेगा। वहीं अंग्रेजी विषय के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्र का चयन किया जाएगा। परीक्षा में जिले के सभी विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयकों द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला निरीक्षण दल ने भी निरीक्षण किया। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### चयनित थे 7872 छात्र

बता दें कि 123 जनशिक्षा केन्द्र से करीब 7872 छात्र जिला स्तर के लिए चयनित किए गए थे। शुक्रवार व शनिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन 3701 छात्र में से 3464 छात्र शामिल हुए, वहीं दूसरे दिन 4171 छात्रों मे से 4042 छात्र शामिल हुए। इस प्रकार से 7872 में से 7506 छात्रों ने परीक्षा दी है।

जिले भर के 9 केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय दो दिवसीय परीक्षा संपन्न हो गई है। दो दिनों में 7506 छात्रों ने परीक्षा दी है। जल्द ही परिणाम घोषित होंगे।

**केसरी प्रसाद तिवारी**
**एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र रीवा।**

# डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**जागरण,रीवा।** फरवरी माह में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ अच्छे परिणाम की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। शनिवार को डीईओ सहित सहायक संचालक राजेश मिश्रा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझियार, शासकीय हायर सेकेंडरी चौरा, शासकीय कन्या विद्यालय बैकुंठपुर व शासकीय विद्यालय खैरा का निरीक्षण किया गया। प्राचार्यो को आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए व परिणाम सुधार के लिए प्रयास करने की बात कही गई। प्रीबोर्ड परीक्षा के बाद कमजोर छात्रों की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नवीन श्रीवास्तव प्राचार्य उपस्थित रहे।

# जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

**पन्ना ।** जिला जिला फुटबॉल संघ पन्ना द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ आज दिनांक 19 जनवरी 26 को दोपहर 12:00 बजे स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में होने जा रहा है। उद्घाटन समारोह विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व खनिज मंत्री पन्ना के आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल अग्रवाल यूनिट हेड जेके सीमेंट पन्ना होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज मदान प्रोजेक्ट हेड जेके सीमेंट,अर्पण पारिख,अवनेश गौतम,सुरेश बाढरे, अलोक गौतम, खेमेन्द्र पाल सिंह जेके सीमेंट के अधिकारी होंगे।

# नगर में पांच बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न, उमड़ा आस्था और एकता का सैलाब




**जागरण, पन्ना ।** नगर में चल रहे हिंदू सम्मेलन पखवाड़ा के अंतर्गत 18 जनवरी 2026 को पन्ना नगर की पांच प्रमुख बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे पूरे नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण व्याप्त रहा। पन्ना नगर कार्यवाह कमलेश कुशवाहा के द्वारा बताया गया की पन्ना नगर में 13 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन होने हैं। जिसके अंतर्गत 17 एवं 18 जनवरी तक 9 बस्तियों के कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं जिसमें आज 5 कार्यक्रम हुए इंद्रपुरी बस्ती का सम्मेलन मंगल भवन इंद्रपुरी में आयोजित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ चार प्रकार के पूजन धरती माता,गौ माता,कन्या पूजन तथा भारत माता पूजन व वंदे मातरम् गायन से प्रारंभ किया गया छात्रों के द्वारा रंगारंग सुंदर प्रस्तुति दी गई तथा मातृशक्ति वक्ता रश्मि शर्मा के द्वारा आदर्श हिंदू घर में महिलाओं की भूमिका तथा मुख्य वक्ता रुद्र प्रताप यादव के द्वारा संघ यात्रा के 100 वर्ष एवं पांच परिवर्तन विषय पर उद्बोधन दिया गया। तथा कार्यक्रम के अंत में संयोजक एडवोकेट शारदा प्रसाद सिंगरौल के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। वही टिकुरिया बस्ती का कार्यक्रम सुदर्शन छात्रावास में संपन्न हुआ, यहां मातृशक्ति वक्ता श्रीमती मनीष गोस्वामी तथा मुख्य वक्ता उमेश मिश्रा रहे कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्रा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। जबकि आगरा बस्ती का हिंदू सम्मेलन जगदीश स्वामी टाउन हॉल पन्ना में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के वक्त श्रीमती मालती रैकवार तथा देवेंद्र रहे कार्यक्रम के संयोजक राकेश गुप्ता के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया बेनी सागर बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन संकल्प गार्डन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यहां पर वक्ता श्रीमती वर्षा शर्मा एवं राधाचरण अवधिया के द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा कार्यक्रम के संयोजक अरविंद विश्वकर्मा के द्वारा आभार प्रदर्शन कर प्रसाद वितरित किया गया कुंजवन बस्ती का कार्यक्रम कुंजवन स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ जिसमें वक्ता सुशील सेन एवं मातृशक्ति वक्ता श्रीमती संगीता अग्रवाल के द्वारा उद्बोधन दिया गया और अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ मृत्युंजय अधिकारी के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया सभी आए हुए लोगों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरित की गई।

सभी पांचो बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में साधुङ्कसंतों एवं मुख्य वक्ताओं ने हिंदू समाज को एकजुट रहने, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। उनके उद्बोधनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से भारत माता की आरती की गई, जिसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। सम्मेलन में पधारे सभी हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद रूपी भोजन कराया गया। सफल आयोजन ने नगर में आपसी भाईचारे, धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत किया।

# सुरों की गूंज से गूंजा सभागार झेलम सदन रहा अव्वल

## डीपीएस निगाही में एकल गीत प्रतियोगिता संपन्न

जागरण, निगाही



दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही के सभागार में अंतर सदनीय एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाता है। इस प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास अनुशासन तथा अभिव्यित की क्षमता का विकास होता है। एकल प्रस्तुति के माध्यम से बच्चे सुर ताल और भावों की सही समझ विकसित करते हैं। यह प्रतियोगिता नियमित अभ्यास धैर्य और एकाग्रता की आदत को बढ़ावा देती है तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराती है। साथ ही उन्हें भारतीय संगीत संस्कृति से जोड़ते हुए उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती है। इसी भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रतियोगिता नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष कराई जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं के अलावा शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रतियोगिता प्रभारी डॉ.एन.पी. मिश्र ने प्रतियोगिता का परिचय दिया और तत्संबंधी नियमों के बारे में बताकर विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के कनिष्ठ वर्ग की स्वच्छता प्रभारी विधि पाठक को स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा रागिनी साहू उप.प्रधान छात्रा आस्था तिवारी और सांस्कृतिक सचिव निशा मिश्रा को मंच संचालन का दायित्व सौपा। गौरतलब है कि एकल गायन में समूह ए की दूसरी से तीसरी कक्षा एवं समूह बी की चौथी से पाँचवीं कक्षा के चारों सदनों से सुगम गायन के लिए बत्तीस और शास्त्रीय गायन के लिए चार बच्चों ने हिस्सा लिया। एकल गायन में बच्चों ने हिंदी सिनेमा के सुप्रसिद्ध भजनों और गीतों द्वारा मनभावन समा बाँधा तो शास्त्रीय गायन में संगीत के विभिन्न रागों के गीतों को अपनी सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभागार को संगीतमय बना दिया तथा श्रोताओं को मंत्र.मुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्राचार्य श्री थापर प्रियंका राज सुमन राय एवं नवेंदु नाथ तिवारी ने बच्चों की गायन. कला के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन करते हुए समुचित निर्णय दिए। प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद निर्णायक मंडल के सदस्यों ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी छोटी आयु में विद्यार्थियों द्वारा संगीत की समझ और आत्मविश्वास सराहनीय है। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित रियाज़ श्वास.प्रश्वास पर नियंत्रण तथा शब्दों के स्पष्ट उच्चारण पर विशेष ध्यान देकर बच्चे अपने गायन को और अधिक निखार सकते हैं। इसके साथ ही साथ निर्णायक मंडल दल के सदस्यों ने गीत सुनाकर अपनी गायन कला से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। प्राचार्य श्री थापर ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि संगीत न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि यह अनुशासन एकाग्रता और संवेदनशीलता भी सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मंच से जुड़े भय को दूर कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय के विद्यार्थी परिषद की वरिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा रागिनी साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।विजेता प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए प्रतियोगिता प्रभारी डॉ.एन.पी. मिश्र ने बताया कि एकल गायन में सुगम गायन के लिए समूह ए से सतलज सदन के तीसरी कक्षा के ऋषित श्रीवास्तव ने चौथा तीसरी कक्षा की गंगा सदन की अमायरा शाह ने तीसरा दूसरी कक्षा की सतलज सदन की अनिका कुशवाहा ने दूसरा तथा तीसरी कक्षा की रावी सदन की गरिमा सिंह एवं झेलम सदन के अर्नव चौरसिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं शास्त्रीय गायन में दूसरी कक्षा की गंगा सदन की सान्वी सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि चौथी से पाँचवीं कक्षा के समूह बी से सुगम गायन के लिए पाँचवीं कक्षा की सतलज सदन की अपराजिता मिश्रा ने चौथा चौथी कक्षा के गंगा सदन के आरव कुमार शाह ने दूसरा पाँचवी कक्षा के झेलम सदन के स्मरण सिंह ने दूसरा एवं चौथी कक्षा के झेलम सदन के ही आर्यव तिवारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि शास्त्रीय गायन के लिए चौथी कक्षा की झेलम सदन की सान्वी वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। झेलम सदन चार पुरस्कार प्राप्त कर अव्वल रहा वहीं सतलज एवं गंगा सदन को तीन.तीन जबकि रावी सदन को एक पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। इसके पश्चात अंतर सदनीय प्रतियोगिता प्रभारी मनोज कुमार मिश्र जसवीर कौर मानए प्रियंका राज और डॉ.एन.पी मिश्र के प्रबंधन.सहयोग द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री थापर ने स्मृति.चिह्न प्रदान कर प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएँ दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता संपन्न हुई।

# इंदौर जल त्रासदी पर जिला कांग्रेस सिंगरौली का एक दिवसीय उपवास



**जागरण, वैढ़न।** इंदौर में विषैले पानी के सेवन से प्रदेश के 24 निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक मृत्यु एवं सैकड़ों नागरिकों के गंभीर रूप से उपचाररत होने की हृदयविदारक घटना के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय उपवास आयोजित किया गया। उपवास के माध्यम से दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम जिला कांग्रेस सिंगरौली प्रभारी श्रीमती कविता पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान के नेतृत्व में गांधीवादी तरीके से सम्पन्न हुआ। प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही और शासन की घोर असंवेदनशीलता का परिणाम है। पूर्व में की गई शिकायतों को यदि गंभीरता से लिया गया होता तो इस त्रासदी को रोका जा सकता था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया और न ही अब तक जवाबदेही तय की गई है कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए अशोभनीय बयानों की कड़ी निंदा की गई तथा पीड़ितों को उचित चिकित्साए मुआवजा एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। जिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती कविता पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर की यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि शासन और प्रशासन की घोर विफलता का परिणाम है। प्रदेश सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास कर रही है और जिम्मेदार अधिकारियों एवं नेताओं को बचाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। निर्दोष नागरिकों की जान का कोई मूल्य नहीं समझा जा रहाए यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ने के लिए संकल्पित है। जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता ने नागरिकों का भरोसा तोड़ दिया है। न तो समय पर उचित चिकित्सा व्यवस्था की गई और न ही पीड़ितों को सम्मानजनक मुआवजा दिया गया। यह उपवास सरकार को जगाने का प्रयास है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इंदौर जाकर पीड़ित परिवारों से भेंट करने का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस सिर्फ बयान नहीं देती बल्कि पीड़ितों के साथ खड़े होकर संघर्ष करती है। आज का यह गांधीवादी उपवास उसी संघर्ष का हिस्सा है। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपवास कार्यक्रम मे ज्ञानेंद्र द्विवेदी के डी सिंह मधु शर्मा रामशिरोमणि शाहवाल बालमुकुंद सिंह परिहार ज्ञानेंद्र सिंह अनिल सिंह रुपेश चंद्र पाण्डेय राघवेंद्र श्रीवास्तव विजय सिंह बी एन त्रिपाठी विजय प्रताप सिंह सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार की मौत

## मंदिर पार्किंग एवं मुख्य मार्ग पटरिया पर बेतरकीब बड़े वाहनों के खड़ा किए जाने से हुई घटना

**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्ति नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्वालामुखी मंदिर मुख्य मार्ग पर शनिवार की शाम परियोजना से ड्यूटी करके घर वापस आ रहे बाइक सवार उदय कुशवाहा पुत्र ईश्वरी प्रसाद 23 वर्ष को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार स्थान पर ही गिर गया राहगीरों ने उठकर संजीवनी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय लोगों की माने तो ज्वालामुखी मुख्य मार्ग समीप परियोजना में कार्यरत बीएचईएल कंपनी द्वारा मटेरियल यार्ड बनाया गया है मटेरियल यार्ड के सामने मंदिर के पार्किंग में बड़े.बड़े वाहनों को खड़ा किया जाता है कुछ वहां मुख्य मार्ग के दोनों पटरी पर भी खड़े रहते हैं जिससे रास्ता सकरा हो गया है अक्सर दुर्घटना का अंदेशा रहता ही है मंदिर के प्राधिकृत पुजारी द्वारा मंदिर पार्किंग से बड़े वाहनों को हटाया जाना की शिकायत जिला अधिकारी से किया गया था पर परियोजना ने मंदिर पार्किंग से वाहनों को हटाए जाने से इनकार कर दिया है। स्थानीय लोगों का मांग है कि मंदिर मुख्य मार्ग एवं मार्ग के पटरिया से बड़े वाहनों को हटाया जाए जिससे मंदिर एवं परियोजना में आने जाने वाले राहगीरों को सुविधा प्राप्त हो सके।

# शेमफोर्ड स्कूल बरगवां में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 25 यूनिट रक्त संग्रह

## मानवता को मिलता है नया संबल



**जागरण, वैढ़न।** शेमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगवां में आज को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती प्रतिभा सिंह एवं उनके पति समीर सिंह द्वारा स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरणादायी संदेश दिया गया जिससे अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान में सहभागिता की। रक्तदान शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण विद्यार्थियों के अभिभावक एवं महिला शक्ति ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.आर.डी. द्विवेदी एवं अतिरिक्त मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एन.के. जैन के द्वारा रक्तदाताओं को रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉ.आरडी.द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है जिसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होती बल्कि यह शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के स्टाफ हरिशंकर गुप्ता जय प्रकाश दुबे शिवानी सिंह एवं रेशमा खातून एम रामकली रजक की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे आगे भी इस प्रकार के स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में भाग लेकर समाज सेवा एवं मानव कल्याण में अपना योगदान प्रदान करें तथा स्कूल के द्वारा भविष्य में रक्तदान शिविर आयोजित कराए जाने हेतु आश्वासन दिया गया।

## कलम परिवार ने किया बघेली कवि 'भ्रमर' का सम्मान

**रीवा।** विंध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार द्वारा स्थानीय शांतिधाम में आयोजित मकर संक्रांति काव्य गोष्ठी में विंध्य क्षेत्र के जाने-माने बघेली कवि एवं बघेली साहित्य सेवा मंच के अध्यक्ष भृगुनाथ पांडे 'भ्रमर' को उनकी साहित्यिक सेवाओं के निमित्त 'विंध्य विरासती सम्मान' प्रदान किया गया। कलम परिवार के संरक्षक भ्रमर को सम्मान मिलने पर अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणि, चाकघाट से सुधाकांत त्रिपाठी बेलाला, त्योंथर से रामसुख सफाया, सीधी से रामगरीब विकल, लालगांव से आशीष तिवारी निर्मल के साथ स्थानीय कलम परिवार के रचनाकार सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर भ्रमर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ज्वाला संकुल स्तरीय संगठन में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण




**सिंगरौली, जागरण।** कलेक्टर गौरव बैनल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के मार्गदर्शन में ज्वाला संकुल स्तरीय संगठन में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बचत, बीमा, पेंशन, बैंकिंग सेवाओं, विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा साइबर क्राइम से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे, जिन्होंने महिलाओं को सुरक्षित वित्तीय लेनदेन एवं डिजिटल जागरूकता के संबंध में जानकारी दी कार्यक्रम में आजीविका मिशन की टीम की सक्रिय सहभागिता रही। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं वित्तीय रूप से सशक्त करने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## कवि ललित व्यास पांडे 'विंध्यपुत्र' को भोपाल में मिला विंध्य गौरव अवार्ड

**रीवा।** विंध्य की धरा सदैव से ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों से भरी रही है। यहां के कवि, शायर गीतकार सदैव विंध्य का नाम विंध्य क्षेत्र के बाहर रोशन करते रहे हैं। स्नेहा इवेंट मैनेजमेंट मुंबई द्वारा राजधानी भोपाल में आयोजित विंध्य गौरव अवार्ड कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के रचनाकार कवि व शिक्षक ललित व्यास पांडे विंध्यपुत्र को राजधानी भोपाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु विंध्य गौरव अवार्ड डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला व वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसी शर्मा के हाथों दिया गया।

# वर्ल्ड बुक फेयर में नवलेखकों से संवाद, सोनभद्र सिंगरौली को साहित्य में शामिल करने पर जोर



**जागरण, सिंगरौली।** नवोदय मिशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शांताकुमार ने वर्ल्ड बुक फेयर, नई दिल्ली में आयोजित साहित्यिक संवाद कार्यक्रम में नवलेखकों से मुलाकात कर सोनभद्र और सिंगरौली जैसे क्षेत्रों को लेखन के विषयों में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन अंचलों की सामाजिक, आर्थिक और मानवीय वास्तविकताएँ साहित्य को नई दिशा दे सकती हैं। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र प्रशांत मिश्रा ने अपने पहले काव्य-संग्रह कुछ बातें करनी हैं पर चर्चा करते हुए बताया कि उनकी कविताएँ मध्यवर्गीय युवाओं की पारिवारिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच के अंतर्द्वंद्व को अभिव्यक्त करती हैं। पत्रकार अंबुज आनंद ने अपनी पुस्तक मज़दूर की डायरी का आख़िरी पन्ना के माध्यम से आम आदमी के संघर्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि विकास की चकाचौंध में इंसान मज़दूर जैसा जीवन जीने को मजबूर हो जाता है। इंजीनियर रणविजय ने चीनी मिट्टी पुस्तक के माध्यम से अपनी चीन यात्रा के अनुभव साझा किए और भारत-चीन की जीवनशैली की तुलना प्रस्तुत की।

लेखिका एवं कैटलिस्ट फ़ॉर ग्रीन इटरनिटी की संस्थापक निदेशक ऋचा स्मृति ने सोनभद्र और सिंगरौली पर आधारित अपने काव्य-संग्रह लाइट, लेबर, लाइफ़ पर चर्चा करते हुए समाज के निचले तबकों को बदलते सामाजिक परिदृश्य में सम्मानजनक स्थान दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र दीपक जोरावल ने 'पंक्ति प्रकाशन' के माध्यम से नए और उभरते लेखकों को मंच उपलब्ध कराने की पहल की जानकारी दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हिंदी के प्रति युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है और अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए हिंदी एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है।



# ऑस्ट्रेलियन ओपनः अल्काराज-सबालेंका की शानदार शुरुआत, रिकॉर्ड बनाकर हारीं वीनस

## मेलबर्न पार्क में पहले दिन रिकॉर्ड 100,763 दर्शक मैच देखने पहुंचे



जेएनएन, मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आर्यना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने के बावजूद पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न पार्क में पहले दिन 100,763 दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे जो नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया के एडम वाल्टन ने दूसरे सेट में अल्काराज को चुनौती दी। यह सेट टाईब्रेकर तक खिंचा, लेकिन स्पेन का दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही संभल गया। अल्काराज ने आखिर में यह मैच 6-3, 7-6 (2), 6-2 से अपने नाम किया। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालिफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया। इसके अलावा 18वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने झांग झिझेन को 6-3, 7-6 (0), 6-3 से और अंडर आर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान खींचने वाले 32वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन माउटेट ने ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-4, 7-6 (1), 6-3 से पराजित किया। पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया।



### वीनस सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है, लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस तीसरे सेट में एक समय 4-0 से आगे चल रही थी, लेकिन इसके बाद डैनलोविच ने शानदार वापसी की। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा।

मुझे आज के अपने प्रदर्शन पर वास्तव में गर्व है, क्योंकि मैं हर अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन कर रही हूं। अभी मैं केवल अपने खेल को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हूं।

- वीनस विलियम्स

### स्वितोलिना-सकारी जीतीं

महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया, जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालिफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रही। महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। पछले साल के उपविजेता और पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कनाडा के 24 साल के खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

## खेल एक नजर

### एरिगैसी ने प्रज्ञाननंदा को हराया गुकेश ने सिंदारोव से ड्रॉ खेला

**विज्क आन जी (नीदरलैंड), जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था, लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया। पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके।



### डब्ल्यूपीएलः अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए उतरेगी आरसीबी

**वडोदरा, जेएनएन।** अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जाएंट्स के खिलाफ सोमवार को होने वाले डब्ल्यूपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। कप्तान स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई। आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुआई वाली गुजरात की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

निर्णायक वनडे में न्यूजीलैंड ने मिचेल और फिलिप्स के शतक से टीम इंडिया को 41 रन से हराया

## विराट का रिकॉर्ड 54वां शतक बेकार, तीसरे वनडे में हारा भारत, न्यूजीलैंड ने जीती सीरीज



**इंदौर, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने रविवार को तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में भारत को 41 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने पहली बार भारत के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर वनडे सीरीज जीती है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली की शतकीय पारी की मदद से वापसी की कोशिश की, लेकिन पूरा ओवर नहीं खेल सके। भारत ने 46 ओवर में सभी विकेट खोकर 296 रन बनाए। भारत की ओर से विराट कोहली ने सर्वाधिक 124 रन बनाए। यह उनका रिकॉर्ड 54वां वनडे शतक था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को चौथे ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 13 गेंद में 11 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल 18 गेंद में 23 रन बनाकर जैमिसन का शिकार बने। श्रेयस अय्यर 10 गेंद में तीन रन ही बना सके। पिछले मैच के शतकवीर राहुल च्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंडः 337/8 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे का. रोहित बो. हर्षित | 5 | 4 | 1 | 0 |
| हेनरी निकोल्स बो. अर्शदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| यंग का. जडेजा बो. हर्षित | 30 | 41 | 5 | 1 |
| मिचेल का. कुलदीप बो. सिराज | 137 | 131 | 15 | 3 |
| फिलिप्स का. राहुल बो. अर्शदीप | 106 | 88 | 9 | 3 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 28 | 18 | 1 | 3 |
| मिचेल हे पगबाधा बो. कुलदीप | 2 | 6 | 0 | 0 |
| फॉक्स का. कुलदीप बो. अर्शदीप | 10 | 8 | 1 | 0 |
| क्रिस्टियन क्लार्क बो. हर्षित | 11 | 5 | 1 | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 8, **कुलः** 50 ओवर में आठ विकेट पर 337 रन, **विकेट पतनः** 1-5, 2-5, 3-58, 4-277, 5-283, 6-286, 7-304, 8-327, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित 10-0-84-3, सिराज 10-0-43-1, नीतिश रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप 6-0-48-1, रविंद्र जडेजा 6-0-41-0.

**भारतः 296/10 (46 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का. क्लार्क बो. फॉक्स | 11 | 13 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो. जेमिसन | 28 | 18 | 4 | 0 |
| कोहली का. मिचेल बो. क्लार्क | 124 | 108 | 10 | 3 |
| श्रेयस का. फॉक्स बो. क्लार्क | 3 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल का. फिलिप्स बो. लेनॉक्स | 1 | 6 | 0 | 0 |
| नीतिश का. यंब बो. क्लार्क | 53 | 57 | 2 | 2 |
| जडेजा का. यंग बो. लेनॉक्स | 12 | 16 | 0 | 0 |
| राणा का. निकोल्स बो. फॉक्स | 52 | 43 | 4 | 4 |
| सिराज का. हे बो. फॉक्स | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव रनआउट | 5 | 3 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 8, **कुलः** 46 ओवर में 296 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-28, 2-45, 3-68, 4-71, 5-159, 6-159, 7-178, 8-277, 9-292, 10-296, **गेंदबाजीः** जेमिसन 9-0-58-1, फॉक्स 9-0-77-3, क्लार्क 9-0-54-3, लेनाक्स 10-0-42-2, मिचेल 1-0-10-0, फिलिप्स 8-0-54-0

## लिन चुन यी व आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन






**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल का ताज थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान को मिला, जिन्होंने डेनमार्क के माथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे को 19-21, 25-23, 21-18 से हराया।

## मुंबई मैराथन में अबाते ने पुरुष और येशी ने महिला खिताब जीता

जेएनएन, मुंबई

मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय पुरुष वर्ग में कार्तिक करकेरा ने 2:19:55 के समय के साथ जीत दर्ज की। गत चैंपियन अनिश थापा (2:20:08) दूसरे और प्रदीप चौधरी (2:20:49) तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी जाधव ने 2:49:02 के समय के साथ खिताब जीता। निर्माबेन ठाकोर (2:49:13) दूसरे और सोनम (2:49:24) तीसरे स्थान पर रहीं।

## इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को मिला भारत का वीजा, अन्य को भी जल्द मिलेगी मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। यूएई, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। इन टीमों के लिए वीजा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कार्यवाही के लिए अगले सप्ताह की तिथि नियत कर दी गई है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रतिभागियों के लिए वीजा जारी करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### जूडो खिलाड़ी प्रतिज्ञा व मानसी को स्वर्ण पदक



**भोपाल।** प्रतिज्ञा रजक और मानसी पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राच्य स्तरीय शालेय जूडो खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। मॉडल स्कूल की प्रतिज्ञा ने अंडर-63 वेट कैटेगरी और मानसी ने अंडर-70 वेट कैटेगरी में यह पदक अर्जित किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर इन दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो मणिपुर के इंफाल में आयोजित की जाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश टीम का प्री नेशनल कैंप 17 जनवरी से गुना में आयोजित किया जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव और खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली ने बधाई दी।

### डीजीपी इलेवन फाइनल में, कमिश्नर इलेवन व गिल्ट फ्री ने भी जीत दर्ज की

**भोपाल, खेप्र।** डीजीपी इलेवन ने 31वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में डॉक्टर इलेवन को 80 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डिपार्टमेंट ग्रुप में यह टीम की लगातार चौथी जीत है। अन्य मैचों में नगर निगम कमिश्नर इलेवन और गिल्ट फ्री ने भी अपने-अपने मुकाबले जीते। बाबेअली मैदान पर डीजीपी इलेवन ने प्रज्ञा बलरे (72) के अर्धशतक की बदौलत 194 रन बनाए। डॉक्टर-11 के कप्तान प्रवीण तिवारी ने तीन, जबकि मनोज गुर्जर ने दो विकेट लिए। जवाब में डॉक्टर इलेवन 16.2 ओवर में 114 रनों पर आउट हो गई। माही 39 और अंकुर 26 रन बना सके। डीजीपी इलेवन के अरुण सिंह ने चार विकेट लिए। दूसरे मैच में कमिश्नर इलेवन ने छह विकेट पर 216 रन बनाए। विजय पारोचे (68) और मनाजिर (58) ने अर्धशतक जड़ा। फीजियो इलेवन की ओर से संयज और नवीन ने दो-दो विकेट लिए।



जवाब में फीजियो इलेवन 129 रन पर आउट हो गई। रोहित 24, प्रशांत 30 और संजय 34 रन बना सके। फहाद ने तीन विकेट लिए। ओल्ड कैंपियन पर कार्पोरेट ग्रुप के मैच में आरएनटीयू टीम 92 रन बना सकी। कप्तान सतीश अहिरवार 37 और जीतू बागरे 17 रनों की पारी खेल सके। विनोद पाल ने तीन विकेट लिए। जवाब में गिल्टफ्री ने जरूरी रन मात्र 6.2 ओवर में बगैर किसी नुकसान के बना लिए। जी सतीश कुमार ने अविजित 54 और कार्तिकेय दुबे ने 36 रन बनाए।

### क्रिकेट कोच सुरेश चेनानी और केडी गुप्ता सम्मानित



**भोपाल, खेप्र।** मीडिया, मुस्कान इलेवन और यंग ब्रिगेड ने विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट में अपने-अपने मुकाबले जीते। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण यदुवंशी, क्रिकेट कोच सुरेश चेनानी और केडी गुप्ता को सम्मानित किया गया। ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर रविवार का खेले गए मैचों में चकल्लस इलेवन ने 10 ओवर के मुकाबले में 47 रन बनाए। जवाब में मीडिया इलेवन ने 6 ओवर में जरूरी रन दो विकेट पर बना लिए। इससे पहले पाखी इलेवन ने 5 ओवर के खेल में 34 रन बनाए। जवाब में मुस्कान इलेवन ने जरूरी रन तीन विकेट पर बना लिए। इसी तरह यंग ब्रिगेड ने पहले खेलते हुए 10 ओवर के मुकाबले में 60 रन बनाए। जवाब में प्रतीक इलेवन 55 रनों तक पहुंच सकी। पुरस्कार वितरण सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, सीमा सिंह, शैलेष लूनावत, स्मिता लूनावत और अश्विनी राय ने किया।

### मप्र की महिला टीम दूसरी बार राष्ट्रीय गोलबॉल में चैंपियन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की महिला टीम ने पांचवीं राष्ट्रीय गोलबॉल चैंपियनशिप में खिताब जीता। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के को ऑर्डिनेटर फरदीन खान ने बताया कि मप्र की महिला टीम ने दूसरी बार यह खिताब जीता। पटना के पाटलिपुत्र स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश टीम ने ग्रुप 'बी' से शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल महाराष्ट्र को 12-3 से हराकर राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। महिला टीम की कप्तानी दीपिका पटेल ने की। टीम में च्योति रघुवंशी, खुशी प्रजापति, सलोनी प्रजापति, चायना जाटव और मेघा कुशवाहा शामिल रहीं। टीम के कोच संदीप मंडल एवं मैनेजर शिवानी साहू रहीं।

## रामवन का पांच दिवसीय बंसतोत्सव मेला 23 से 27 तक

**सतना।** जिले के प्रसिद्ध स्थल रामवन में बसंत पंचमी के अवसर पर पांच दिवसीय मेला 23 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। ग्राम पंचायत मतहा की सरपंच श्रीमती मनीषा अनंत प्रताप सिंह ने बताया कि रामवन मेले का शुभारंभ 23 जनवरी को विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह के मुख्यातिथ्य में किया जायेगा।

## कम्पोजिट मदिरा समूह के निष्पादन के लिये निविदा आमंत्रित

**सतना।** राज्य शासन के आदेशानुसार सतना जिले के एक कम्पोजिट मदिरा दुकान सगमनिया हेतु मदिरा दुकानों का वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिये, निष्पादन ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन टेण्डर 19 जनवरी तक सबमिट किये जा सकेंगे। मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिये प्रथम चरण में ई-टेण्डर सबमिट की प्रक्रिया 16 जनवरी से प्रारंभ होकर 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगी।




# भूसा वाले कमरे में छिपारखा था 40 लाख का गांजा

### उचेहरा पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार

जागरण, सतना



भूसा वाले कमरे में छिपाकर रखे गये चालीस लाख रूपये कीमत के गांजा को उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा ने जप्तकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस कार्यवाही के बाद अवैध कारोबारियों के बीच हडकम्प मचा है। उचेहरा टीआई द्वारा की गई यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान आपरेशन प्रहार के तहत डीआईजी हेमन्त चौहान और सतना एसपी हंसराज सिंह के निर्देश, एएसपी प्रेमलाल कुर्वे और शिवेश सिंह एवं एसडीओपी रघुकेसरी के मार्गदर्शन में उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा द्वारा की गई है।

### ये है मामला

बताया जाता है कि पुलिस को 17 जनवरी को सूचना मिली थी कि सखौहा खुर्द सन्यासिहा टोला परसमनिया चौकी उचेहरा में रमाधार चौधरी के घर में गांज की बडी खेप रखी हुई है। सूचना मिलते ही उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा ने सखौहा खुर्द निवासी रामाधार चौधरी के घर के चारो तरफ घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर दी। तलाशी लेने पर पुलिस को 15 बोरियों में भरा 4 क्विं. गांजा भूसावाले घर में छिपाया मिला है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी रामाधार चौधरी पिता बाबूलाल चौधी उम्र 50 साल निवासी सखौहा खुर्द को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। उचेहरा द्वारा यह लगातार बडी कार्यवाही।

# मंदिर के अंदर घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण, सतना।** मंदिर के अंदर घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को अमदरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी डॉ चंचल नागर एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अमदरा टीआई केपी त्रिपाठी ने की है।

### ये है घटना

फरियादी जयनारायण कर्ण पिता हीरालाल कर्ण उम्र 65 वर्ष निवासी अमदरा थाना अमदरा का रिपोर्ट किया कि 17 जनवरी के सुबह 04.30 मेरी सरहज राधा कर्ण सोकर उठीं तभी मंदिर से खट.बट की आवाज आई तो वह आवाज सुनकर अपने घर से बाहर निकली और देखी की एक व्यक्ति मंदिर के पीछे वाले गेट से हाथ मे लाल रंग का झोला लिए हुए भागने लगा तो हल्ला गोहार किया तब मैं एवं मोहल्ला के लोग राकेश श्रीवास्तव अजय कुमार जायसवाल आवाज सुनकर दौडकर मंदिर में गए और देखे कि मंदिर के अंदर का ताला टूटा था मंदिर में रखा पुराना इस्तेमाली सामान चांदी का मुकुटए चांदी जैसे रंग का 02 नग चैन एवं पीतल के पूजा के सामान कुल कीमती करीबन 14 हजार 10 रुपये का कोई अजात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है । की रिपोर्ट पर आरोपी की सघन पता तलाश पर दिनांक 18 जनवरी 26 को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई एवं चोरी गया मशरुका चांदी का मुकुटए चांदी जैसे रंग का 02 नग चैन एवं पीतल के पूजा के सामान कुल कीमती करीबन 14 हजार 10 रुपये का बरामद किया गया है एवं आरोपी प्रमोद बर्मन उर्फगोलू पिता संतोष बर्मन उम्र 23 वर्ष नि गढ़ी मोहल्ला उंचेहरा थाना उंचेहरा जिला सतना हाल नि हरनामपुर थाना कोतवाली मैहर जिला मैहर को गिरफ्तारी के आधारों से अवगत कराते हुये विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल वारंट जारी होने पर उप जेल मैहर में निरुद्ध किया गया है।

# रेलवे ट्रैक में मिला अज्ञात शव



**जागरण, सतना।** रविवार को रेलवे कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि ट्रेन से एक व्यक्ति रन ओवर हुआ है जिसकी मृत्यु हो गई है जिसका शव रेलवे ट्रैक ग्राम पौड़ी मैहर है जिसकी उम्र 30 वर्ष लगभग हाथ में धनू लिखा है लंबाई 5 फीट 7 बदन इकहरा शरीर रंग शामला कपड़े परपल शर्ट ग्रे काला लोवर पहने है कोतवाली मैंहर में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा उपरांत पहचान हेतु सिविल अस्पताल मैंहर के मर्चुरी में रखा गया है उक्त अज्ञात पुरुष के शव के बारे में अगर कोई भी जानकारी है या होती है तो कोतवाली मैंहर के एचसी अरविंद सेन के मोबाइल नम्बर 7000263651, 9479997882 पर सूचित करें।

# बालिकाओं ने दिखाया दम, 1 हजार खिलाड़ियों ने किया कौशल प्रदर्शन



**जागरण, सतना।** संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार सतना जिले में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 17 जनवरी को प्रातः 9 बजे से दादा सुखेंद्र सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 22 खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार रहे। उन्होंने खेल संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी 22 खेलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रितिका दुबे ने बताया कि 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे से बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रितिका दुबे, एसपी तिवारी, डॉ. राजीव व्यास, अजय मिश्रा, संतोष सिंह, जीतू तिवारी सहित खेल संघ के समस्त सचिव, अध्यक्ष और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। खेलों को सफल बनाने में विष्णु मूर्ति, मिथिलेश चतुर्वेदी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पराज मालवीय, श्रीमती मीना त्रिपाठी, डॉ. अशोक पाण्डेय और अन्य खेल पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के प्रचार के लिए टॉर्च रैली का आयोजन



**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग ने 13 जनवरी 2026 को खेल एमपी यूथ गेम खेल प्रतियोगिता के लोगो, शुभंकर और एंथम का अनावरण किया था। प्रदेश भर में खेलों के प्रति उत्साह जगाने और खेलो एमपी यूथ गेम्स का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए टार्च रैली का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को खेलो एमपी यूथ गेम की टार्च रैली भोपाल से चलकर सतना पहुंची। दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जवाहर नगर स्टेडियम सतना में सांसद सतना गणेश सिंह ने टार्च मशाल का फूल माला से स्वागत किया और रैली को आगे के लिए रवाना किया। सांसद ने एमपी यूथ गेम में शामिल खिलाडियों को शुभकामनायें देते हुए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रितिका दुबे, एसपी तिवारी, खेल संघों के अध्यक्ष-सचिव, राजीव ब्यास, अभय मिश्रा, संतोष सिंह, सालिकराम, संदीप टंडन, मिथलेश चतुर्वेदी, वीरेन्द्र सिंह, मीना त्रिपाठी, जीतू तिवारी, शुभम सिंह, राजेश पाण्डेय सहित तीनों विकासखण्ड के खिलाडी उपस्थित रहे।

## लोकभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिए खुलेगा

**सतना।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जा रहा है। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी को लोकभवन अपरान्ह 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा। आम नागरिकों के लिए लोकभवन में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था गेट क्रमांक-1 से ही सुनिश्चित की गई है।

# पिस्टल से दनादन फायर करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### कोलगवां पुलिस को मिली बडी सफलता

**जागरण, सतना।** आटो चालक पर हत्या की नियत से दनादन फायर करने वाले आरोपियों को कोलगवां टीआई टीआई सुदीप सोनी गिरफ्तार कर लिया है। जिन चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है उनमें से दो नाबालिग बताये जा रहे है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से दो को जेल तो दो नाबालिग को बाल सुधार ग्रह भेजा गया है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज के निर्देश, एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि 17 जनवरी को हीरो एजेंसी के सामने रीवा रोड में विद्यासागर निषाद उर्फ कल्लू पिता बल्ली प्रसाद निषाद उम्र 24 साल निवासी पुरैनिहा वार्ड क्र 16 की आटो क्रमांक एमपीआर 7108 में सुभम पाण्डेय, सत्यम तिवारी दो नाबालिगो की अपाची बाइक में मामूली ठोकर लग गई। इसीबात को लेकर चारो ने आटो के सामने आकर रास्ता रोक लिया और गाली गालौच करने लगे। फरियादी ने मना करने का प्रयाय किया तभी उसे जान से मारने की नियत से पिस्टल निकाल कर 5 फायर कर दिये। फरियादी के पैंट की जेब में रखे मोबाईल से होकर दाहिने जांघ में बुलट लग गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। कोलगवां टीआई ने शुभम कुमार पाण्डेय उर्फ गोलू पिता प्रदूमन प्रसाद पाण्डेय उम्र 18 साल 11 महीने, निवासी ग्राम मझगवां थाना अमरपाटन जिला मैहर हाल निवास टीपीएस स्कूल के पास सोनौरा मोड उतैली, सत्यम तिवारी, पिता राजू तिवारी उम्र 19 साल निवासी भडकुईया तिवारी टोला बरौली जिला गोपाल गंज बिहार हाल निवासी वार्ड क्रमांम 22 उतैली बाइपास सोनौरा डीपीएस स्कूल के पास थाना कोलगवां एवं दो नाबालिगो को गिरफ्तार किया गया है नाबालिगो को बाल संप्रेषण ग्रह तो दो आरोपियों को केन्द्रीय जेल भेजा गया है आरोपियो के कब्जे से एक पिस्टल, चार खाली खोखा एक मिसफायर कारतूस जप्त किया गया है।

## भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश ने किया अभ्यास वर्ग

**सतना।** भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के मध्य प्रदेश माइंस सीमेंट मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश सिंह पटेल ने बताया कि 17 और 18 जनवरी को ठेगड़ी भवन भोपाल में उनके संगठन का अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया।आयोजित अभ्यास वर्ग में प्रदेश के सभी यूनिट के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल हुए जिसमे बताया गया कि 21 नवम्बर को 4 लेबर कोड आये थे जिसमे अखिल भारतीय मजदूर महासंघ ने केंद्रीय श्रम मंत्री से वार्तालाप करके लेबर कोड के विषय चर्चा की और कहा कि दो लेबर कोड मजदूरों के हित मे हैं और दो कोड़ो में संगठन की माग पर संशोधन चल रहा है श्री सिंह ने कहा कि कोई भी मजदूर श्रमिक विचलित न हों वो आप के ही हित में होगा क्यो की सरकार ने आश्वासन दिया है कि 45 दिन के अंदर लेबर कानून में संशोधन होगा।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com